सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 11 सितम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 246, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 324 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजार में तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 324 अंक चढ़कर 81,425.15 अंक पर बंद हुआ। } 14

## मॉरीशस के पीएम के साथ आज बैठक करेंगे मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाराणसी में मॉरीशस के अपने समकक्ष नवीनचंद्र रामगुलाम की मेजबानी करेंगे और उनके साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। } 16

## केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने बिहार के लिए खोला खजाना

### भागलपुर-दुमका-रामपुरहाट रेलवे लाइन के दोहरीकरण को मंजूरी

एजेंसी




नयी दिल्ली। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने बुधवार को बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में 3,169 करोड़ रुपये की लागत से 177 किलोमीटर लंबे भागलपुर-दुमका-रामपुरहाट एकल रेलवे लाइन खंड के दोहरीकरण को मंजूरी दे दी। बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। इस समिति की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की। वहीं एक अन्य निर्णय में केंद्र सरकार ने बिहार में बक्सर-भागलपुर उच्च गति गलियारे के चार लेन वाले मोकामा-मुंगेर खंड के निर्माण को मंजूरी दी जिस पर कुल 4,447.38 करोड़ रुपये की लागत आएगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की। इस सड़क निर्माण परियोजना को अगले तीन वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा कि यह सड़क खंड हाइब्रिड एन्युइटी मॉडल पर बनाया जाएगा। यह मार्ग मोकामा, बड़हिया, लखीसराय, जमालपुर, मुंगेर से गुजरते हुए भागलपुर को जोड़ता है।

एक आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया गया, इस बढ़ी हुई लाइन क्षमता से परिवहन में सुधार होगा जिससे भारतीय रेलवे की दक्षता और सेवा विश्वसनीयता बढ़ेगी। इस मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव से परिचालन आसान होगा और भीड़भाड़ कम होगी जिससे भारतीय रेलवे के इन सबसे व्यस्ततम खंड पर आवश्यक बुनियादी ढांचागत विकास संभव होगा। इसमें कहा गया है कि ये परियोजनाएं भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक कदम हैं। विज्ञप्ति में कहा गया कि ये परियोजनाएं पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत बनाई गई हैं जिनका उद्देश्य एकीकृत ...शेष पृष्ठ 14 पर

## भारत ने दुनिया को अपनी ताकत का एहसास कराया : योगी

### महंत दिग्विजयनाथ व महंत अवेद्यनाथ की पुण्यतिथि के अवसर पर अर्पित की श्रद्धांजलि

जिला संवाददाता




गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि विकसित भारत केवल राजनीतिक संकल्प नहीं है बल्कि यह भारत और भारतीयता का मंत्र है। वसुधैव कुटुम्बकम की दृष्टि से कभी भारत ने दुनिया को अपनी ताकत का एहसास कराया था। कोई आपस में लड़े न, यह भारत की परंपरा है। ऐसा फिर से हो, इसके लिए विकसित और आत्मनिर्भर भारत की आवश्यकता है। इसलिए, हर भारतीय को विकसित भारत के संकल्प से जुड़ना होगा। जब संकल्प अंतःकरण से होता है तो वह अवश्य पूरा होता है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर को देखकर गर्व महसूस नहीं करने वाले भारतवासी की भारतीयता संदिग्ध है। मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में महंत दिग्विजयनाथ की 56वीं और महंत अवैद्यनाथ की 11वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा आज ऐसा कौन भारतीय होगा जिसे अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर देखकर गर्व न होता हो। कोई ऐसा होगा तो उसके भारतीय होने पर ही संदेह होगा। उन्होंने कहा कि महंत दिग्विजयनाथ जी ने गुलामी के प्रतीकों का हटाने का संकल्प लिया था। अयोध्या में गुलामी की निशानी ढांचे को हटाकर भव्य श्रीराम मंदिर बनाना उनका और ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ जी का संकल्प और सपना था। आज दोनों आचार्यों का यह संकल्प गुलामी के निशान को हटाकर पूरा हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब सच्चा संत कोई संकल्प लेता है तो उसके परिणाम अवश्य आते हैं। ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ ऐसे ही संकल्पों वाले संत थे। अयोध्या के श्रीराम मंदिर निर्माण के उनके संकल्प और संकल्प के प्रति किए गए संघर्ष का परिणाम आज पूरी दुनिया के सामने है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महंत दिग्विजयनाथ गोरखनाथ मंदिर के वर्तमान स्वरूप के शिल्पी थे और उन्होंने इसे सनातन परंपरा के वैभवशाली मंदिर के रूप में स्थापित किया। मुख्यमंत्री के मुताबिक, इसके साथ ही उनकी ...शेष पृष्ठ 14 पर

# नेपाल में देशव्यापी कर्फ्यू, सेना सतर्क

### ○ जस्टिस सुशीला कार्की बन सकती हैं प्रधानमंत्री ○ भारतीय सीमा पर हाईअलर्ट

एजेंसी



काठमांडू। नेपाल की सेना ने सरकार विरोधी प्रदर्शनों के कारण के पी शर्मा ओली के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के एक दिन बाद बुधवार को विरोध प्रदर्शन की आड़ में संभावित हिंसा को रोकने के लिए देशव्यापी प्रतिबंधात्मक आदेश लागू कर दिए और कर्फ्यू लगा दिया है। वहीं नेपाल में जबरदस्त विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर राष्ट्रव्यापी प्रतिबंधात्मक आदेश और कर्फ्यू लगाए जाने के बीच भारत के कई राज्यों ने हिंसा प्रभावित देश में फंसे अपने निवासियों की सहायता के लिए विशेष प्रकोष्ठ गठित किए हैं और सीमा पर निगरानी बढ़ा दी गई है।

देशभर में आगजनी और तोड़फोड़ की घटनाओं के बाद मंगलवार रात से सुरक्षा अभियानों की कमान संभालने वाली सेना ने कहा कि प्रतिबंधात्मक आदेश बुधवार शाम पांच बजे तक प्रभावी रहेंगे व उसके बाद बृहस्पतिवार सुबह छह बजे तक कर्फ्यू लागू रहेगा। सेना ने सड़कों पर पहरा दिया और लोगों को घर पर ही रहने का आदेश दिया जिससे नेपाल की राजधानी काठमांडू में सन्नाटा पसरा रहा। इससे एक दिन पहले प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन, राष्ट्रपति कार्यालय, प्रधानमंत्री आवास, सरकारी भवनों, सुप्रीम कोर्ट, राजनीतिक दलों के कार्यालयों और वरिष्ठ नेताओं के घरों में आग लगा दी थी। सेना ने कहा कि प्रदर्शन की आड़ में लूटपाट, आगजनी और अन्य विनाशकारी गतिविधियों की संभावित घटनाओं को रोकने के लिए ये कदम ज़रूरी हैं। सेना ने चेतावनी दी कि प्रतिबंधात्मक अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के प्रदर्शन, तोड़फोड़, आगजनी या व्यक्तियों और संपत्ति पर हमले को आपराधिक कृत्य माना जाएगा और उचित तरीके से उससे निपटा जाएगा। बयान में कहा गया है, बलात्कार और हिंसक हमलों का भी खतरा है। देश की सुरक्षा स्थिति को ध्यान में रखते हुए, प्रतिबंधात्मक आदेश और कर्फ्यू लागू कर दिया गया है। बयान में स्पष्ट किया गया है कि एम्बुलेंस, दमकल, स्वास्थ्य कार्यकर्ता और सुरक्षा बलों सहित आवश्यक सेवाओं में लगे वाहनों और कर्मियों को प्रतिबंधात्मक आदेशों और कर्फ्यू के दौरान काम करने की अनुमति होगी। सेना ने एक बयान में कुछ समूहों की कार्वाइयों पर चिंता व्यक्त की, जो कठिन परिस्थितियों का अनुचित लाभ उठा रहे हैं, और आम नागरिकों तथा सार्वजनिक संपत्ति को गंभीर नुकसान पहुंचा रहे हैं। नेपाल सेना मुख्यालय के एक अधिकारी ने कहा, हमने लूटपाट और तोड़फोड़ सहित किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए अपने सैनिकों को तैनात किया है। सेना ने अनुरोध किया है कि मौजूदा स्थिति के कारण फंसे विदेशी नागरिक बचाव या किसी अन्य सहायता के लिए निकटतम सुरक्षा चौकी या कर्मियों से संपर्क करें। सेना ...शेष पृष्ठ 14 पर

## फ्रांस में शुरू हुआ हिंसक प्रदर्शन

### ○ राजधानी पेरिस व अन्य शहरों में झड़प ○ 250 से अधिक गिरफ्तार




एजेंसी

पेरिस। फ्रांस में प्रधानमंत्री फ्रांस्वा बायरू की सरकार गिरने के एक दिन बाद राजधानी पेरिस और अन्य स्थानों पर प्रदर्शनकारियों ने सड़कें अवरुद्ध कर दीं, आगजनी की और पुलिस ने उन पर आंसू गैस के गोले दागे।

गृह मंत्रालय ने राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन के शुरुआती घंटों में लगभग 250 लोगों की गिरफ्तारी की घोषणा की। विरोध प्रदर्शन हालांकि ऑनलाइन शुरू हुआ था, लेकिन बाद में यह तीव्र होता गया और 80,000 पुलिसकर्मियों की तैनाती को चुनौती देते हुए प्रदर्शनकारियों ने अवरोधकों को तोड़ दिया जिसके बाद पुलिस ने तेजी से गिरफ्तारियां कीं। गृह मंत्री ब्रूनो रिटेलेउ ने कहा कि पश्चिमी शहर रेन्नेस में एक बस में आग लगा दी गई और दक्षिण-पश्चिम में एक बिजली लाइन को नुकसान पहुंचने से रेलगाड़ियां बाधित हुईं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारी ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

### छह लोगों ने महिला को जिंदा जलाया

फर्रुखाबाद। जिले में दवा लेने के लिए घर से निकली 33 वर्षीय विवाहित महिला को छह लोगों के एक समूह ने कथित तौर पर आग लगा दी और सैफई अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतका की पहचान निशा सिंह के तौर पर हुई है और वह छह सितंबर को चौरई स्थित अपने घर से स्कूटर पर निकली थी। कुछ घंटों बाद वह गंभीर रूप से जलने के कारण एक निजी अस्पताल में भर्ती मिली। डॉक्टरों ने उसके पिता बलराम सिंह को सूचित किया, जिसके बाद उसे दूसरे अस्पताल ले जाया गया और वहां से उसे लगभग 100 किलोमीटर दूर सैफई के एक अस्पताल में ले जाया गया और वहीं उसने आखिरी सांस ली।

## भारत के साथ जल्द सुधरेंगे रिश्ते : ट्रंप

एजेंसी



न्यूयॉर्क/वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता के सफल निष्कर्ष पर पहुंचने में कोई मुश्किल नहीं होगी और वह जल्द ही अपने अच्छे दोस्त प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात करेंगे।

इसे भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय संबंधों में सुधार के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने मंगलवार को ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि उन्हें यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते में जो बाधाएं हैं, उन्हें दूर करने के लिए बातचीत जारी है। उन्होंने कहा मैं आने वाले हफ्तों में अपने सबसे अच्छे दोस्त, प्रधानमंत्री मोदी से बात करने के लिए उत्सुक हूं। मुझे भरोसा है कि हमारे दोनों देशों के बीच वार्ता ठीक तरह से पूरी हो जाएगी, कोई मुश्किल नहीं आएगी। ट्रंप की यह टिप्पणी द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण सुधार का संकेत देती है। अमेरिका की ओर से शुल्क (टैरिफ) लगाए जाने और भारत के रूस से तेल खरीदने को लेकर दोनों देशों के बीच संबंध दो दशकों में संभवतः सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं। ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत पारस्परिक शुल्क और रूसी तेल की खरीद के लिए अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाया है। इससे भारत पर कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो गया है, जो दुनिया में सबसे अधिक है। भारत ने इन शुल्कों को अनुचित और विवेकहीन बताया है। रूसी कच्चे तेल की अपनी खरीद का बचाव करते हुए भारत का कहना है कि उसकी ऊर्जा खरीद राष्ट्रीय हित और बाजार की परिस्थितियों से प्रेरित है। कई महीनों तक भारत की आलोचना करने के बाद, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले हफ्ते कहा था कि दोनों देशों के बीच विशेष संबंध हैं और चिंता की कोई बात नहीं है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में अपने कार्यालय ओवल ऑफिस में शुक्रवार को कहा मैं हमेशा (नरेन्द्र) मोदी का दोस्त रहूंगा, ...शेष पृष्ठ 14 पर

## धामी कैबिनेट ने छह प्रस्तावों को दी मंजूरी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज सम्पन्न कैबिनेट बैठक में छह प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट देहरादून शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए 'देहरादून सिटी ट्रांसपोर्ट लिमिटेड' को मंजूरी प्रदान की है।

कैबिनेट में निर्णय लिया गया कि देहरादून शहर में ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए देहरादून सिटी ट्रांसपोर्ट लिमिटेड के नाम से स्पेशल परपज व्हीकल का गठन किया जाएगा। जो देहरादून स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा संचालित ई-बसों को संचालित किए जाने, प्रधान मंत्री ई-बस सेवा योजना के अन्तर्गत ई-बसों के संचालन तथा वर्तमान नगर बस सेवा का संचालन सुगठित-सुव्यवस्थित करने का कार्य करेगा। ऊधम सिंह नगर में प्राधिकरण क्षेत्र में नियोजित कालोनियों एवं व्यावसायिक निर्माण के लिए ग्राम फाजलपुर महरौला, तहसील रूद्रपुर अंतर्गत कुल रकबा 9.918 हे. भूमि को वर्तमान सर्किल रेट पर जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, ऊधम सिंह नगर के पक्ष में आवंटन किए जाने का निर्णय लिया गया है। महाधिवक्ता, उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय, नैनीताल के अधिष्ठान कार्यालय में आशुलिपिक संवर्ग में वरिष्ठ प्रमुख निजी सचिव का 01 पद व आशुलिपिक का 01 पद समर्पित किया जाएगा। कैबिनेट में उत्तराखंड सेवा का अधिकार का नवम वार्षिक प्रतिवेदन 2023-24 विधानसभा पटल पर प्रस्तुत किए जाने का निर्णय लिया गया। पशुपालन विभाग के तहत ...शेष पृष्ठ 14 पर

### पीएम मोदी आज आपदाग्रस्त क्षेत्रों का करेंगे हवाई निरीक्षण



प्रमुख संवाददाता

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल 11 सितम्बर को उत्तराखंड के आपदा प्रभावित क्षेत्रों के हवाई सर्वेक्षण एवं समीक्षा बैठक के लिए पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दोपहर 4.15 बजे उत्तराखंड पहुंचेंगे और आपदाग्रस्त क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। इसके बाद शाम पांच बजे स्थिति की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक

विशेष खबर — द्वितीय जूनियर एवं यूथ नेशनल पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप-2025 का भव्य समापन

# विराज सागर दास ने विजेता पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

विशेष संवाददाता









लखनऊ। गौरव खन्ना एक्सीलेंस हाई परफॉर्मेंस सेंटर, लखनऊ में आयोजित द्वितीय जूनियर एवं यूथ नेशनल पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025 का बुधवार को तीसरे दिन सफलतापूर्वक समापन हुआ। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, चेयरमैन बैडमिंटन एसोसिएशन उप्र, उपाध्यक्ष बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इण्डिया एवं उत्तर प्रदेश ओलम्पिक एसोसिएशन के प्रेसिडेंट विराज सागर दास उपस्थित रहे, जिन्होंने विजेताओं को पदक एवं पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों का जज्बा और समर्पण पूरे देश के लिए प्रेरणादायी है।

तीसरे दिन के रोमांचक फाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रमुख परिणाम के अनुसार बीएस एसएल4 यूथ में अभिजीत साखुजा (छ.ग.) ने हरियाणा के योगेश को (21-17, 21-12) हराया। बीएस एसएल4 यू19 में आर्यन शर्मा (तामिलनाडु) ने सानिय राज (राजस्थान) को (21-9, 21-17) हराया। जीएस एसएल4-एसयू5 यू19 में साई मंगल हरी अय्यर (केरल) ने रानी गारिया (ओडिशा) को (21-13, 21-7) हराया। बीएस एसयू5 यू17 में कार्तिक सुहाग (हरियाणा) ने सुमयंकता महाकुल (ओडिशा) को (21-17, 21-14) हराया। बीएस एसयू5 यूथ में शांतिभ्या विश्वनाथन (तमिलनाडु) ने कोषिका देवड़ा (राज.) को (21-12, 21-15) मात ...शेष पृष्ठ 14 पर

# योग्य गुरु मिले तो कोई भी मनुष्य अयोग्य नहीं : सीएम योगी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/गोरखपुर।** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मनुष्य ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति है। अगर कोई मनुष्य अयोग्य है तो मानकर चलिए उसे योग्य योजक नहीं मिला। योग्य गुरु मिलने पर मनुष्य अयोग्य हो ही नहीं सकता। इस परिप्रेक्ष्य में युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत

- **समाज और राष्ट्र को गोरक्षपीठ के ब्रह्मलीन महंतद्वय ने दिशा दिखाई**

दिग्विजयनाथ जी महाराज और राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की सर्वस्वीकार्य प्रतिष्ठा सुयोग्य योजक की रही है। सीएम योगी को युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ महाराज की 56वीं तथा राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ महाराज की 11वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक श्रद्धांजलि समारोह के अंतर्गत बुधवार को महंत दिग्विजयनाथ की पुण्यतिथि पर अपनी भावाभिव्यक्ति कर रहे थे।

अमन्त्रमक्षरं नास्ति, नास्ति मूलमनौषधम, अयोग्यः पुरुषो नास्ति योजकस्तत्र दुर्लभः का उद्धरण देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा कोई अक्षर नहीं है जिसमें मंत्र बनने का सामर्थ्य न हो और ऐसी कोई वनस्पति नहीं है जिसमें औषधीय गुण न हो। ऐसे ही कोई व्यक्ति अयोग्य नहीं होता, जरूरत होती




है व्यक्ति की योग्यता को पहचान कर उसे सही दिशा देने वाले गुरु की। गोरक्षपीठ के ब्रह्मलीन महंतद्वय ने सदैव योजक की भूमिका का निर्वहन कर समाज और राष्ट्र को दिशा दिखाई। पूर्ववर्ती दोनों पीठाधीश्वरों युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज और राष्ट्र संत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज का पूरा जीवन देश और धर्म के लिए समर्पित था। मुख्यमंत्री ने कहा कि साधु अकेला होता है। समाज उसका परिवार, राष्ट्र उसका कुटुंब होता है और उसकी जाति सिर्फ सनातन होती है। उन्होंने कहा कि संतों के संकल्प में पवित्रता, दृढ़ता होती है, संकल्प में उसकी साधना के अंश होते हैं। और, जब सच्चा संत कोई संकल्प लेता है तो उसके परिणाम अवश्य आते हैं। ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ ऐसे ही संकल्पों वाले संत थे। अयोध्या के श्रीराम मंदिर निर्माण के उनके संकल्प और संकल्प के प्रति किए गए संघर्ष का परिणाम आज पूरी दुनिया के सामने है। मुख्यमंत्री ने ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ महाराज को नमन करते हुए कहा कि महंतश्री का जन्म इतिहास प्रसिद्ध मेवाड़ की उस कुल परंपरा में हुआ था जिसने विदेशी आक्रांताओं के सामने कभी समर्पण नहीं किया। वह हिंदुआ सूर्य महाराणा प्रताप की परंपरा से गोरखपुर आए। मुख्यमंत्री ने कहा कि महंत दिग्विजयनाथ गोरखनाथ मंदिर के वर्तमान स्वरूप के शिल्पी थे। उन्होंने इसे सनातन परंपरा के वैभवशाली मंदिर के रूप में स्थापित किया। इसके साथ ही उनकी ख्याति पूर्वी उत्तर प्रदेश में शैक्षिक क्रांति के पुरोधा के रूप में भी है। 1932 में उन्होंने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना के साथ ही गोरखपुर में विश्वविद्यालय स्थापित करने का संकल्प लिया था। देश की आजादी के बाद जब गोरखपुर में विश्वविद्यालय स्थापित करने की बात आगे बढ़ी तो बहुत से लोग पीछे हट गए। तब महंत दिग्विजयनाथ ने अपने दो डिग्री कॉलेज दान में देकर विश्वविद्यालय की स्थापना सुनिश्चित कराई। उन्होंने बालिका शिक्षा के केंद्र को भी स्थापित करने का संकल्प बालिका विद्यालय बनवाकर पूरा किया। सीएम योगी ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी ने गुलामी के प्रतीकों का हटाने का संकल्प लिया था। अयोध्या में गुलामी की निशानी ढांचे को हटाकर भव्य श्रीराम मंदिर बनाना उनका और ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ का संकल्प और सपना था। सीएम योगी ने कहा कि विकसित भारत केवल राजनीतिक संकल्प नहीं है बल्कि यह भारत और भारतीयता का मंत्र है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरक्षपीठ में पूज्य आचार्यों की स्मृति में साप्ताहिक आयोजन पीठ की परंपरा का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि परंपराएं हमारी विरासत होती हैं। वर्तमान और भावी पीढ़ी को इनके जरिये प्रेरणा और सीख लेने की जरूरत होती है। इस अवसर पर अयोध्याधाम से आए पूर्व सांसद डॉ. रामविलास वेदांती ने कहा कि गोरक्षपीठ के महंत दिग्विजयनाथ महाराज, महंत अवेद्यनाथ महाराज न होते तो अयोध्या में राम मंदिर बनता ही नहीं। कार्यक्रम में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की संस्थाओं की तरफ से संस्था प्रमुखों ने महंत दिग्विजयनाथ और महंत अवेद्यनाथ को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास विभाग के आचार्य प्रो. ओंकारनाथ सिंह की पुस्तक भारतीय संस्कृति की आत्मसाती प्रकृति और महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय जंगल धूसड़ की पूज्य संतद्वय (महंत दिग्विजयनाथ व महंत अवेद्यनाथ) को समर्पित वार्षिक पत्रिका विमर्श का विमोचन किया।

## यूपी के विकास को सकारात्मक कदम उठाये पंडित पंत ने : मुख्यमंत्री

**लखनऊ/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री और देश के गृहमंत्री रहे भारत रत्न, पंडित गोविंद वल्लभ पंत की 138वीं जयंती के अवसर पर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। गोरखनाथ मंदिर के कार्यालय परिसर में पंडित पंत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में पंडित पंत जी ने उत्तर प्रदेश के विकास के विकास के लिए सकारात्मक कदम उठाए।




सीएम योगी ने प्रदेश सरकार और प्रदेश की 25 करोड़ जनता की तरफ से पंडित गोविंद वल्लभ पंत की जयंती पर उनकी पावन स्मृतियों को नमन किया और उन्हें भारत मां का सच्चा सपूत बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंत जी का जन्म उत्तराखंड के अल्मोड़ा में हुआ था। देश की आजादी के आंदोलन में उन्होंने बढ़चढ़कर भाग लिया। वह महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। भारत के स्वतंत्र होने के बाद तत्कालीन संयुक्त प्रांत और प्रथम आम चुनाव

- **पहले मुख्यमंत्री पंडित गोविंद वल्लभ पंत की 138वीं जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि**

के बाद यूपी के पहले मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। प्रथम मुख्यमंत्री होने के नाते उत्तर प्रदेश के विकास की कार्ययोजना बनाने में पंत की अविस्मरणीय भूमिका रही। सैकड़ों वर्ष की गुलामी के चलते उस समय काफी चुनौतियां थीं। व्यवस्था अस्त व्यस्त थी लेकिन उसे ठीक करने और यूपी को विकास के अग्रणी पायदान पर पहुंचाने के लिए पंडित गोविंद वल्लभ पंत ने सकारात्मक कदम उठाए थे। यूपी के मुख्यमंत्री के रूप में सेवा देने के बाद पंत जी को 1954 में देश के गृहमंत्री के रूप में सेवा करने का अवसर मिला। इस पद पर रहते हुए उन्होंने राजभाषा सूत्र देने के साथ ही सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश की एकता और अखंडता के लिए किए गए प्रयासों को आगे बढ़ाया।

# पर्यटन विभाग ने दिया 310 टैक्सी चालकों को प्रशिक्षण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों को प्रशिक्षित करने की निर्णय लिया है। इसी क्रम में वाराणसी में चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया

- **पर्यटन विभाग की पहल, अब टैक्सी चालक सुनाएंगे आपके शहर की रोचक कहानियां : जयवीर सिंह**

गया, जिसमें ऑटो, टैक्सी और बस चालकों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण मान्यवर कांशीराम इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म मैनेजमेंट (एमकेआईटीएम) के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में लगभग 310 चालकों ने हिस्सा लिया, जिनमें 19 महिला ड्राइवर भी शामिल रहीं।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से पर्यटन सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार और यात्रियों के अनुभव को और बेहतर बनाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि ऑटो, टैक्सी और बस चालक पर्यटकों के लिए सारथी की भूमिका निभाते हैं। यह प्रयास ऐतिहासिक नगरी वाराणसी और उसके आसपास पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक सुनियोजित पहल है। इस योजना का उद्देश्य पर्यटकों को बेहतर अनुभव प्रदान करना है।



पर्यटन विभाग द्वारा जुलाई माह में संत रविदास मंदिर, राजघाट में नाविकों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया था। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में चालकों को पर्यटकों के प्रति व्यवहार, स्वच्छता, सुरक्षा और शहर की सांस्कृतिक व धार्मिक धरोहर से संबंधित जानकारी दी गई। यह पहल वाराणसी आने वाले पर्यटकों को सकारात्मक अनुभव दिलाने में मददगार सिद्ध होगी। ऑटो, टैक्सी और बस चालकों को स्टोरीटेलिंग (कहानी कहने की कला) के बारे में बताया गया। यात्रा के दौरान चालक कहानियों के माध्यम से पर्यटकों के अनुभव को अविस्मरणीय बनाने में मदद करेंगे। चालकों को वाराणसी से जुड़ी कहानियों को रोचक ढंग से प्रस्तुत करने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान चालकों को पर्यटकों के प्रति संवेदनशील व्यवहार के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें आपात स्थित से निपटने जैसे- प्राथमिक उपचार और सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) की व्यावहारिक जानकारी दी गई, जिससे किसी की जान बचाई जा सके। इसी प्रकार, पर्यटकों से व्यवहार के समय अपनाई जाने वाली सावधानियों और सुरक्षित ड्राइविंग के उपाय बताए गए। चालकों को यातायात नियम एवं सड़क सुरक्षा संबंधी नसीहत भी दी गई। चालकों को डिजिटल लेन-देन और धोखाधड़ी से बचाव के बारे में भी जानकारी दी गई। कैशलेस ट्रांजेक्शन के दौर में यूपीआई एवं ऑनलाइन भुगतान सुरक्षा सर्वोपरि है। प्रशिक्षण के दौरान वाराणसी के प्रमुख पर्यटन स्थलों की जानकारी, सामान्य पर्यटन संवेदनशीलता और व्यक्तित्व विकास संबंधी जानकारी भी दी गई।

# किसान हित योगी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : शाही

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा बुधवार को विधानभवन स्थित सभाकक्ष संख्या-8 में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, बैंकों तथा कृषि बीमा कम्पनियों के प्रतिनिधियों के साथ किसान क्रेडिट कार्ड एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा

- **कृषि मंत्री ने की केसीसी, पीएम फसल बीमा योजना तथा उर्वरक उपलब्धता की समीक्षा**

योजना की प्रगति की समीक्षा की गयी। इसके उपरांत उनके द्वारा राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान में खाद निमार्ता कम्पनियों, उर्वरक प्रदायकर्ता कम्पनियों के प्रतिनिधियों तथा होलसेल एवं रिटेलर के साथ भी उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण के संबंध में समीक्षा बैठक की गयी।



केसीसी तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने बीमा कम्पनियों तथा बैंकों के प्रतिनिधियों द्वारा केसीसी ऋण और बीमा के कार्य में बरती जा रही लापरवाही पर सख्त नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने 14 सितम्बर तक इस संबंध में समस्त आंकड़ों की अद्यतन स्थिति पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केसीसी ऋण तथा बीमा के लंबित प्रकरणों का त्वरित गति से समाधान कर लिया जाए। बैठक के दौरान प्रमुख सचिव कृषि रवीन्द्र, सचिव कृषि इन्द्र विक्रम सिंह, विशेष सचिव ओपी वर्मा, निदेशक कृषि पंकज कुमार त्रिपाठी, निदेशक उद्यान भानु प्रकाश राम, निदेशक सांख्यिकी सुमिता सिंह तथा केसीसी एवं फसल बीमा से संबंधित बैंकों एवं बीमा कम्पनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके उपरांत कृषि मंत्री द्वारा राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान में खाद निमार्ता कम्पनियों, उर्वरक प्रदायकर्ता कम्पनियों के प्रतिनिधियों तथा होलसेल एवं रिटेलर के साथ भी उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण के संबंध में की गयी समीक्षा बैठक में कहा कि सही हितधारक इस बात का ध्यान दें कि किसान को उर्वरक प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार किसानों को समृद्ध करने के लिए समर्पित है। हम किसान हित से कोई समझौता नहीं करेंगे।

# देश में निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराना बड़ी चुनौती : अजय राय

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोकतंत्र में चुनाव की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है। लोकतंत्र में चुनाव ही एक मात्र रास्ता होता है जिसके जरिए बिना हिंसा के सत्ता परिवर्तित होती है और प्रत्येक नागरिक को बराबरी का अधिकार प्राप्त होता है।

मगर आज देश में निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराना एक बहुत बड़ी चुनौती बन गया है। देश और प्रदेश की सत्ता काबिज भाजपा के नेताओं और चुनाव आयोग की मिलीभगत के चलते चुनावी प्रक्रिया को सत्ता के हाथों का खिलौना बना दिया गया। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस पार्टी मतदाता सूची में हेरफेर के मुद्दे को गम्भीरता से उठा रही है। जननायक राहुल गांधी की अगुवाई में विगत कुछ दिनों पूर्व ही बिहार में वोट अधिकार यात्रा संपन्न हुई जिसमें उन्होंने वोट चोर, गद्दी छोड़ का नारा बुलंद किया।




जिसके विरोध में भाजपा कार्यकताओं द्वारा पूरे देश भर में कांग्रेस कार्यालयों पर तोड़-फोड़ की गई जो आज तक के इतिहास में इससे पूर्व कभी नहीं हुआ। भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं ने जनपद इटावा में कांग्रेस के जिला कार्यालय में घुसकर हमला किया और पत्थरबाजी की जवाब में जिले के बहादुर कार्यकताओं ने मोर्चा संभाला और डट कर सामना किया जिस दौरान कार्यकताओं को चोटें भी आई। पुलिस द्वारा हमला करने वालों की बजाए कांग्रेस कार्यकताओं को गिरफ्तार किया गया और जेल भेज दिया गया। घटना के संज्ञान में आने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री कार्यकर्ताओं से मिलने जिला कारागार इटावा पहुंचे जहां उन्हें कांग्रेस कार्यकताओं से मिलने नहीं दिया गया जिसके बाद वह जेल के बाहर धरने पर बैठ गए उनकी मौजूदगी में कार्यकताओं ने आवाज बुलंद की परिणाम स्वरूप जेल प्रशासन द्वारा सभी कांग्रेस कार्यकताओं को रिहा किया गया। जेल से रिहा हुए कार्यकताओं के सम्मान में आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें जिला/शहर कांग्रेस कमेटी इटावा के अध्यक्ष आशुतोष दीक्षित, मोहम्मद राशिद, पूर्व जिला/शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मलखान सिंह यादव, पल्लव दुबे, कोमल सिंह कुशवाहा, सदस्य पीसीसी प्रशांत तिवारी, शोएब रिजवी, आसिफ जरदान, सचिन शंखवार एवं गिरफ्तार हुए कांग्रेस कार्यकर्ता अंबुज त्रिपाठी, करण सिंह राजपूत, मोहसिन, अमजद, अनुराग कर्ण, विपिन कुशवाहा आदि को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय कांग्रेस तिरंगा पट्टिका पहनाकर स्वागत किया।

## रालोद पंजाब में भेजेगी राहत सामग्री

**लखनऊ।** पंजाब में आई भीषण बाढ़ आपदा से प्रभावित लोगों की मदद हेतु राष्ट्रीय लोकदल उप्र मुख्यालय से राहत सामग्री भेजेगा। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय ने इस संबंध में एक 5 सदस्यीय राहत समिति का गठन किया है, जो राहत सामग्री के संकलन, प्रेषण और वितरण की जिम्मेदारी निभाएगी। प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने बताया कि गठित समिति में व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष वसीम हैदर, आदित्य विक्रम सिंह, रजनीकांत मिश्रा तथा तराई क्षेत्र के अध्यक्ष पीके पाठक शामिल हैं। समिति के अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल एवं संयोजक पीके पाठक होंगे, जो पंजाब के प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों का समन्वय करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल हमेशा आपदा की घड़ी में पीड़ितों के साथ खड़ा रहा है।

# भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था ध्वस्त : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को अराजकता में धकेल दिया है। कानून व्यवस्था ध्वस्त है। स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाएं बर्बाद हो चुकी है। किसानों के लिए खाद-बीज की व्यवस्था नहीं है। नौजवानों के लिए नौकरी, रोजगार नहीं है। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार लूट और बेईमानी चरम पर है। विकास कार्य ठप्प है। भाजपा सरकार ने अन्याय, अत्याचार के सारे रिकार्ड तोड़ दिये है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने कानून, व्यवस्था, महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार को लेकर जनता से झूठे वादे किये। भाजपा सरकार हर मामले में विफल हो गयी है। कानून-व्यवस्था पर इस सरकार का जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो हो चुका है। हत्या, लूट, बलात्कार की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। राजधानी लखनऊ भी अपराधिक घटनाओं से सुरक्षित नहीं है। 24 घंटे में तीन हत्याओं से लखनऊ दहल गया। मड़ियांव में बदमाशों ने घर में घुसकर बुजुर्ग को गोली मार दी। बंथरा में



रिकवरी एजेंट की हत्या। निगोहां में हत्या कर युवक का शव नाले में फेंका गया। अखिलेश यादव ने कहा कि उक्त घटनाएं सिर्फ राजधानी लखनऊ की है। इसी तरह से प्रदेश के तमाम जिलों में हर रोज हत्या, लूट की घटनाएं हो रही है। भाजपा सरकार में महिलाएं और बेटियां सुरक्षित नहीं है। भाजपा सरकार के सारे नारे और दावे खोखले साबित हुए हैं। यही हाल स्वास्थ्य विभाग का है। अस्पतालों में दवा, इलाज नहीं मिल रहा है। सरकार की नीतियों से परेशान होकर बड़े-बड़े मेडिकल संस्थानों के डॉक्टर इस्तीफा दे रहे हैं। अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में प्रोफेसर, डॉक्टर, नर्सेज अन्य पैरा मेडिकल स्टाफ की भारी कमी है। मरीज और तीमारदार दवा, इलाज के लिए भटक रहे है। अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार और विभागीय मंत्री व्यवस्था सुधारने के बजाय बड़ी-बड़ी डींगे मारते है। जनता को गुमराह करते है। स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारने के लिए सरकार कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि इस सरकार की अकर्मण्यता से हर वर्ग परेशान है। जनता में भारी आक्रोश है। 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा के अहंकारी शासन का अंत कर देगी।

# सरकार की पहल से बदल रही प्रदेश की बेटियों की जिंदगी

### कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बने बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की पहचान, खेलों में बेटियों ने दिखायी अपनी प्रतिभा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शिक्षक दिवस के अवसर पर जब पूरे देश में गुरुओं के योगदान को याद किया जा रहा है, उसी

- **शिक्षा, खेल, डिजिटल दक्षता, आत्मरक्षा और जीवन कौशल से बेटियों को मिल रहा सुरक्षित भविष्य**
- **आवासीय शिक्षा से निखर रहा भविष्य, डिजिटल और गुणवत्ता आधारित शिक्षा के लिए मिल रहीं आधुनिक सुविधाएं**
- **जीवन कौशल और वित्तीय साक्षरता से आत्मनिर्भर बन रही प्रदेश की बेटियां**

क्रम में उत्तर प्रदेश में बेटियों की शिक्षा और सशक्तिकरण की भी मिसाल देखने को मिल रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बेटियों के लिए शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की नई पहचान बन चुके हैं। यहां शिक्षा ही नहीं, बल्कि खेल, डिजिटल दक्षता, आत्मरक्षा और जीवन कौशल का समावेश करके बेटियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार किया जा रहा है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय आज उत्तर प्रदेश में बेटियों की शिक्षा और सशक्तिकरण का मजबूत आधार बन गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि हर बेटी सुरक्षित माहौल में पढ़े, आगे बढ़े और अपनी मंजिल हासिल करे। शिक्षक दिवस के अवसर पर यह उपलब्धियां इस बात की गवाही हैं कि बेटियों की शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य का रास्ता है।

प्रदेश के शैक्षिक रूप से पिछड़े ब्लॉकों में स्थापित 746 केजीबीवी में 1.21 लाख बालिकाओं के लिए कक्षा 6 से 12 तक आवासीय शिक्षा की व्यवस्था है। इनमें 75 प्रतिशत सीटें एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्गों की बालिकाओं के लिए आरक्षित हैं, जबकि 25 प्रतिशत सीटों पर बीपीएल परिवारों की बेटियों को प्रवेश दिया जाता है। यह व्यवस्था उन बच्चियों के लिए जीवनरेखा साबित हुई है, जिन्हें पहले शिक्षा का अवसर मुश्किल से मिल पाता था।



सभी विद्यालयों में आईसीटी लैब और स्मार्ट क्लास स्थापित किए गए हैं। खान एकेडमी के सहयोग से ऑनलाइन अभ्यास की सुविधा उपलब्ध है, वहीं आईआईटी गांधीनगर की मदद से ह्यक्यूरियॉसिटी प्रोग्रामह्ल चलाया जा रहा है। इसके अलावा एक शब्द एक सूत्र पहल के जरिए प्रतिदिन बच्चियों को नया शैक्षिक कंटेंट मिलता है। हर बालिका का नियमित शैक्षिक मूल्यांकन और रेमेडियल क्लासेज भी आयोजित होते हैं। केजीबीवी की बालिकाएं अब खेलों के मैदान में भी चमक बिखेर रही हैं। प्रदेश की 222 बालिकाओं ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में और 35 बालिकाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेकर अपनी प्रतिभा साबित की है। ₹एक केजीबीवी एक खेल₹ योजना के अंतर्गत बच्चियों को खेलों में विशेषज्ञता दिलाई जा रही है।

सभी विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा गार्ड, ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली और सुरक्षित बाउंड्रीवॉल की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा के साथ आत्मरक्षा पर भी विशेष जोर दिया गया है। अब तक 9.55 लाख से अधिक बालिकाओं को रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण (जूडो-कराटे) दिया गया है। इसके अतिरिक्त 80,000 बालिकाओं को गरिमा कार्यक्रम के अंतर्गत टव्रट प्रशिक्षण, और 2.60 लाख से अधिक बच्चियों को अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया है।

जीवन कौशल और आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम से बेटियों को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि जीवन कौशल, वित्तीय साक्षरता और डिजिटल दक्षता से भी लैस किया जा रहा है। 1.87 लाख बालिकाओं को वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण दिया गया। 2.28 लाख बालिकाओं को डिजिटल कुशलता प्रशिक्षण मिला। 1.03 लाख बालिकाओं को पावर एंजिल के रूप में प्रशिक्षित किया गया। 45 हजार से अधिक सुगमकर्ता और 38 हजार शिक्षिकाएं दीक्षा ऐप से जीवन कौशल प्रशिक्षण पा चुकी हैं। प्रेरणादायी उपलब्धियां में केजीबीवी की बेटियों ने अपनी मेहनत और लगन से प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्नाव की अर्चना निषाद अंडर-19 वर्ल्ड कप विजेता टीम का हिस्सा बनीं। अमरोहा की निधि एसडीएम के पद पर चयनित हुईं। महोबा की निंदा खातून ने नीट परीक्षा पास कर एमबीबीएस में प्रवेश पाया। प्रयागराज की संध्या सरोज और प्रतापगढ़ की रिया पटेल जापान भ्रमण पर गईं। अवसंरचना विकास और नई सुविधाएं सरकार ने इन विद्यालयों में कंप्यूटर लैब, अतिरिक्त डॉरमेट्री, टॉयलेट ब्लॉक, ओपन जिम, एस्ट्रोनॉमिकल लैब और म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट जैसी सुविधाएं मुहैया कराई हैं। साथ ही, माध्यमिक विद्यालयों में भी सीसीटीवी कैमरे, हेल्पलाइन पट्टिका, सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था की गई है।

## भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार पूरी रफ्तार से फल-फूल रहा : लोकदल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने भर्ती पारदर्शिता पर सवाल खड़ा करते हुए कहा है कि भ्रष्टाचार पर नकेल कसने के लिए करोड़ों रुपये खर्च करके बनाया गया मानव संपदा पोर्टल भी भ्रष्टाचार रोकने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई। एक्स-रे टेक्नीशियन भर्ती में बड़े पैमाने पर फजीर्वाड़ा सामने आया, लेकिन हैरानी की बात यह है कि यह पोर्टल, जिसके माध्यम से अधिकारियों का वेतन तक स्वीकृत होता है, गड़बड़ी पकड़ ही नहीं पाया। लोकदल अध्यक्ष ने आरोप लगाया है कि जब वेतन भुगतान तक पोर्टल से होता है, तो भर्ती में हुए फजीर्वाड़े की जानकारी क्यों नहीं मिली? आखिर पोर्टल बनाने पर जनता के करोड़ों रुपये क्यों बर्बाद किए गए? भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने का दावा करने वाली सरकार की मंशा पर अब जनता क्यों भरोसा करे? भर्ती घोटाले में शामिल अधिकारियों पर तुरंत कड़ी कार्रवाई कब होगी? पोर्टल की उपयोगिता और इसकी निगरानी प्रणाली की उच्चस्तरीय जांच क्यों नहीं? जनता के पैसे का हिसाब सरकार दे कि आखिर यह पोर्टल भ्रष्टाचारियों का सहायक क्यों है?



संक्षेप

## युवती का अपहरण, दो के खिलाफ केस

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने युवती के अपहरण को लेकर दो नामजद तथा दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बुधवार को केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के रायपुर भगदरा निवासी रामअधार कोरी के पुत्र हरकेश बहादुर ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती छः सितंबर को शाम सात बजे उसकी उन्नीस वर्षीया पुत्री को देवापुर लालगंज निवासी सुंदरलाल कोरी का पुत्र अजीत उर्फ रंगलाल तथा गांव के सुनील की पत्नी रेखा दो अज्ञात आरोपियों के साथ जबरन चारपहिया वाहन से अपहृत कर ले गये। पीड़ित ने आशंका जताई है आरोपी रंग लाल उसकी पुत्री से जबरिया शादी कर सकता है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## करंट से महिला की मौत

प्रतापगढ़। झटका करंट से महिला की मौत पर दो आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने लापरवाही के चलते मौत को लेकर केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के बैजलपुर निवासी अनिल कुमार सरोज पुत्र हरीलाल सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि आठ सितंबर को सुबह छः बजे गांव के कमलेश मौर्या पुत्र तुलसीराम मौर्या तथा भगवानदीन के पुत्र तुलसीराम मौर्या के द्वारा झटका तार के द्वारा खेत में बिजली का करंट लगाया गया था। आठ सितंबर को सुबह छः बजे पीड़िता की मां सुमेरा 50 शौच के लिए खेत गयी थी। वहां झटका तार में बिजली के करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने कमलेश समेत दो के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

## किशोरी का अपहरण, केस दर्ज

प्रतापगढ़। किशोरी के अपहरण को लेकर सांगीपुर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है। सांगीपुर थाना के मुरैनी पूरे रंजीत निवासी लल्लन वर्मा सुत स्व0 छेदीलाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चार सितंबर को दिन में दो बजे उसकी सोलह वर्षीया नाबालिग पुत्री घर से कहीं गयी थी। इसके बाद से किशोरी घर वापस नही पहुंच सकी। अप्रिय घटना की आशंका में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज किया है।

## शिक्षामित्र की मौत, चालक पर गैरइरादतन हत्या का केस

प्रतापगढ़। स्कार्पियो की टक्कर से बुलेट सवार शिक्षामित्र की मौत को लेकर लीलापुर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। लीलापुर थाना के रसूलपुर गुलरहा भोजपुर निवासिनी सुमन देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती छः सितंबर को वह अपने पति अश्विनी कुमार तिवारी के साथ बाइक से घर से प्रतापगढ़ जा रही थी। दिन में साढ़े बारह बजे लीलापुर थाना के खरगपुर के समीप पीछे से आ रही स्कार्पियो ने बुलेट में टक्कर मार दी। इससे उसके पति अश्विनी कुमार की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं पीड़िता को भी चोटें आयीं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है।

## मारपीट व तोड़फोड़ तथा धमकी को लेकर दो के खिलाफ मुकदमा

प्रतापगढ़। पुरानी रंजिश को लेकर पीड़ित तथा परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट व गालीगलौज तथा तोडफोड व धमकी को लेकर लीलापुर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। लीलापुर थाना के पतुलकी निवासी स्व0 अली मोहम्मद के पुत्र जमईयत ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती आठ सितंबर को शाम छः बजे वह खेत से घांस काटकर घोड़ी बुग्गी से घर आ रहा था। रास्ते में एक बाग के समीप सराय मकई निवासी अनवर नाई के पुत्र जॉनी व शकूहाबाद निवासी शरीफ के पुत्र शौखीन ने पुरानी रंजिश को लेकर उसे लाठी डंडे से मारने पीटने लगे। बीचबचाव के लिए पत्नी आस्मीन पहुंची तो आरोपियों ने उसे भी गाली देते हुए मारापीटा। आरोपियो ने बुग्गी में भी तोडफोड कर नुकसान पहुंचाया। पीडितो के शोर शराबा पर गांव के लोग दौड़े तब आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी अनवर समेत दो के खिलाफ गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है।

# मंडलायुक्त व डीआईजी ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

**सिद्धार्थनगर।** मण्डलायुक्त बस्ती व डीआईजी बस्ती ने संयुक्त रूप से नेपाल राष्ट्र में चल रहे हिंसक विरोध प्रदर्शन के दृष्टिगत सीमा क्षेत्र ककरहवा व अलीगढ़वा बार्डर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। वहीं अधिकारियों ने बस्ती परिक्षेत्र बस्ती संजीव त्यागी द्वारा जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ नगर के साथ नेपाल राष्ट्र में हो रहे हिंसक विरोध प्रदर्शनों के दृष्टिगत भारत-नेपाल बॉर्डर के ककरहवा थाना मोहाना व अलीगढ़वा थाना कपिलवस्तु बार्डर का भ्रमण कर सुरक्षा चेकिंग करते हुये विशेष सतर्कता बरतने एवं सभी अधिकारी/कर्म0गण को 247 अलर्ट मोड पर रहने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत कुमार प्रसाद, क्षेत्राधिकारी सदर श्री विश्वजीत शौर्य, एसडीएम



सुरक्षा एजेंसियों एवं पुलिस बल को विशेष सतर्कता बरतने व 247 अलर्ट मोड में रहने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। विदित हो 10 सितंबर को मण्डलायुक्त बस्ती अखिलेश कुमार सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान सीमा पर तैनात पुलिस बल एवं अन्य सुरक्षा एजेंसियों को सीमा पार की गतिविधियों पर पैनी नजर रखने, लगातार गश्त करने, संदिग्ध व्यक्तियों/असामाजिक तत्वो की सदर, एसएसबी के असिस्टेन्ट कमाण्डेन्ट, थानाध्यक्ष मोहाना, थानाध्यक्ष कपिलवस्तु व पुलिस / सुरक्षा एजेंसियों के अन्य अधिकारी/व सम्बंधित कर्मचारियों की उपस्थित रही।

## कोतवाल बांसी ने पुलिस बल के साथ गश्त कर कराया सुरक्षा का एहसास



बांसी सिद्धार्थनगर। पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन के आदेश के अनुपालन व मिले दायित्वों के निर्वहन हेतु तत्परता पूर्ण माहौल में क्रियाशील नवागत कोतवाल बांसी गौरव सिंह ने भारी संख्या में पुलिस बल के साथ सायंकाल पैदल गश्त बांसी कस्बा परिक्षेत्र में किया गया, कोतवाल बांसी ने मैं फोर्स पैदल गश्त के दौरान आम जनमानस को जहां पुलिस सुरक्षा का यहशास कराया गया, वहीं भारी संख्या में पुलिस बल पैदल गश्त देख आसामाजिक तत्त्वों के होश उड़े व पुलिस के खौफ का माहौल देखा गया, कोतवाल बांसी गौरव सिंह के साथ वरिष्ठ उपनिरीक्षक विजय प्रकाश दीक्षित मैं फोर्स पुलिस बूथ बांसी से पुरानी कचहरी के आगे निकट राप्ती नदी तट व राप्ती नदी तट से वापस पुलिस बूथ रोडवेज माधव पार्क के आगे व अन्य कस्बा परिक्षेत्र में भ्रमण पैदल गश्त किया गया, वही अन्य तमाम सज्जनो से किसी प्रकार की दिक्कत समस्या तो नहीं आदि के बारे में हाल चाल जाना, इसके अलावा बांसी पुलिस ने सड़क किनारे वाहन स्वामियों को यातायात नियमों का पालन करने व सड़क की पटरियों पर वाहन खड़ा न करने की चेतावनी देते हुए, अन्य अतिक्रमण को हटवाया गया, इसतरह दायित्वों के निर्वहन हेतु बांसी पुलिस की सख्ती अब देखी जा रही है, इस दौरान कोतवाल बांसी गौरव सिंह के अगुवाई में पुलिस बल द्वारा वास्तु वाहन आदि का सघन चेकिंग जांच किया गया, सायं काल पैदल गश्त के दौरान वरिष्ठ उप निरीक्षक विजय प्रकाश दीक्षित का कार्य योगदान सराहनीय रहा, जब कि उप निरीक्षक परमहंस पाल व अन्य कई उपनिरीक्षक सहित हेड कांस्टेबल हेमंत कुमार व अन्य पुलिस कर्मियों का कार्य योगदान पुलिस सुरक्षा हेतु योगदान सराहनीय रहा।

## पीस कमेटी की बैठक संपन्न



पथरा बांसी सिद्धार्थनगर, पथरा बाजार थानाध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में आगामी त्यौहार दुर्गा पूजा, विश्वकर्मा पूजा के दृष्टिगत संभ्रात व्यक्तियों, धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी गोष्ठी किया गया। पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में अमित कुमार थानाध्यक्ष पथरा बाजार के द्वारा 10. सितंबर को थाना स्थानीय पर आगामी त्यौहार दुर्गा पूजा, विश्वकर्मा पूजा तथा दशहरा व दुर्गा प्रतिमा के आयोजकों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गई तथा त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु थाना क्षेत्र के भिन्न-भिन्न ग्रामों के ग्राम प्रधान व संभ्रांत व्यक्ति तथा भिन्न-भिन्न धर्म गुरुओं से त्यौहार को शान्तिपूर्ण, सौहार्दपूर्वक, त्यौहार को मनाये जाने की अपील की गयी। बैठक में मौजूद सभी व्यक्तियों से त्यौहार के दृष्टिगत शासन द्वारा / उच्चाधिकारीगण द्वारा प्राप्त गाइडलाइन से अवगत कराया गया। सभी धर्मगुरुओं व कमेटी के अध्यक्ष व सदस्यों को उनके जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। शान्ति व्यवस्था को मुख्य रुप से विषयवस्तु बनाकर विस्तृत चर्चा किया गया तथा उच्चाधिकारियों के आदेशझ्निर्देश से अवगत भी कराया गया, सभी ने सहयोग किए जाने का भरोसा दिया।

## जिला ग्राम्य विकास अभिकरण की बैठक संपन्न





**सिद्धार्थनगर।** जिला ग्राम्य विकास अभिकरण द्वारा आयोजित जिला विकास समन्वय निगरानी समिति (दिशा) की बैठक लोहिया कलाभवन में सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल की अध्यक्षता एवं विधायक बांसी जय प्रताप सिंह, विधायक इटवा/ नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, विधायक डुमरियागंज श्रीमती सैय्यदा खातून, जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0, पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक इटवा नेता प्रतिपक्ष श्री माता प्रसाद पाण्डेय को जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने अंगवस्त्र एवं पौधा देकर स्वागत किया गया। मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह द्वारा विधायक बांसी जय प्रताप सिंह, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, विधायक डुमरियागंज श्रीमती सैय्यदा खातून, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री उपेन्द्र सिंह को अंग वस्त्र एवं पौधा देकर सम्मानित किया गया। डीसी मनरेगा सन्दीप सिंह द्वारा जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0, पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन, को अंगवस्त्र एवं पौधा देकर स्वागत किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल ने 07 मार्च 2025 को आयोजित हुई बैठक के कार्यवाही समीक्षा की गयी। सांसद डुमरियागंज ने निर्देश दिया कि दिशा की बैठक में भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के विभागध्यक्ष को बुलाने का निर्देश दिया। अधिशासी अभियन्ता ड्रेनेज खण्ड द्वारा अवगत कराया गया कि गतबैठक में सैनुआ बांध पर 800 मीटर खड़जा लगाने हेतु कहा गया था जिसके लिए प्रस्ताव बनाकर उपायुक्त मनरेगा को भेजा गया। सांसद डुमरियागंज ने निर्देश दिया कि बन्धों पर जो भी कार्य होना उसके समय से एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराये। अधिशासी अभियन्ता सिंचाई निर्माण खण्ड ने बताया कि भोजपुर शाहपुर बांध पर कार्य कराया जा रहा है। सांसद डुमरियागंजने बाणगंगा पर बांणगंगा रिव फ्रन्ट बनाने हेतु प्रस्ताव बनाकर प्रेषित करने का निर्देश दिया। विद्युत विभाग द्वारा नये मजरों/टोलो में विद्युतीकरण कराने हेतु प्रस्ताव बनाकर भेजे। अधीक्षण अभियन्ता विद्युत द्वारा बताया गया कि सर्वे कराया जा रहा है उसके पश्चात प्रस्ताव भेजा जायेगा।

## धारदार हथियार से घर में घुसकर पूर्व प्रधान पर कातिलाना हमला, रेफर

प्रतापगढ़। घर में सोते समय धारदार हथियार से ताबड़तोड जानलेवा हमले में पूर्व प्रधान गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना को लेकर पूर्व प्रधान की पुत्रवधू बविता पत्नी स्व0 कर्मवीर की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ घर में घुसकर हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के बलभद्र का पुरवा, वीरसिंहपुर निवासी रामयश सरोज 58 गांव के पूर्व प्रधान हैं। बीती मंगलवार की रात वह घर में सो रहे थे। रात करीब साढ़े ग्यारह बजे दरवाजे का चैनर खींचकर आरोपी घर में घुस गया। आरोपी ने पूर्व प्रधान को धारदार चाकू से जानलेवा हमला बोल दिया। चाकू के हमले में गले समेत पूर्व प्रधान रामयश को कई जगह गंभीर चोटें आ गयी। पीड़ित की चीख सुनकर घर के



लोग जगे तब आरोपी भाग निकला। गांव के दो लोगों पर परिजनों ने हमले का आरोप लगाया है। गंभीर रूप से घायल रामयश को घटना की रात ही आननफानन में लालगंज ट्रामा सेंटर लाया गया। यहां चिकित्सकों ने घायल की गंभीर हालत देख उसे प्रयागराज मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और प्रारंभिक जांच पड़ताल की। घटना को लेकर घायल की पुत्रवधू की तहरीर पर गांव के स्व0 घेराऊ के पुत्र राजेन्द्र कुमार व एक अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओ मे केस दर्ज किया गया है। पूर्व प्रधान पर कातिलाना हमले को लेकर बुधवार को गांव में तनाव का माहौल भी देखा गया। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक प्रयागराज में घायल पूर्व प्रधान की हालत गंभीर बनी हुई है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि घटना को लेकर केस दर्ज किया गया है। शीघ्र ही आरोपियों को हिरासत में लेकर कडी कार्रवाई की जाएगी।

## श्रावस्ती राजस्व कार्यों में प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त



श्रावस्ती। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी माह-अगस्त, 2025 की मुख्यमंत्री डैशबोर्ड रैंकिंग में जनपद श्रावस्ती ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। राजस्व कार्यों की श्रेणी में जनपद को प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है, वहीं विकास एवं राजस्व कार्यों की संयुक्त रैंकिंग में श्रावस्ती ने चतुर्थ स्थान प्राप्त करते हुए टॉप-05 में जगह बनाई है। यह रैंकिंग जनसुनवाई-समाधान, कानून व्यवस्था, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, राजस्व व विकास कार्यों सहित विभिन्न मानकों के आधार पर तय की जाती है। समीक्षा में श्रावस्ती को राजस्व कार्यों में 90.40 प्रतिशत अंक तथा विकास एवं राजस्व कार्यों में 91.26 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने हेतु जमीनी स्तर पर दैनिक समीक्षा की जा रही है। अगस्त माह की समीक्षा में सीएम डैशबोर्ड पर शामिल 108 कार्यक्रमों में से 95 कार्यक्रमों में श्रावस्ती को ए-श्रेणी प्राप्त हुई तथा 53 कार्यक्रमों में प्रथम स्थान मिला है। उन्होंने कहा कि परफॉर्मेंस इंडिकेटर्स पर निरंतर अनुश्रवण के माध्यम से जनपद की रैंकिंग को प्रथम स्थान तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी और सभी अधिकारी शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करते रहें, तभी जनपद विकास के सभी मानकों पर उल्लेखनीय प्रगति कर सकेगा।

## ड्रिप-स्प्रिंकलर से लागत घटेगी, किसानों की आय बढ़ेगी



श्रावस्ती। खेती में पानी की बचत और उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से किसानों को ड्रिप एवं स्प्रिंकलर विधि से सिंचाई करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिला उद्यान विभाग द्वारा बताया गया कि इससे न केवल सिंचाई का खर्च कम होगा बल्कि किसानों की आमदनी में भी इजाफा होगा। जिले में वर्ष 2025-26 के लिए 2368 हेक्टेयर क्षेत्रफल में ड्रिप व स्प्रिंकलर सिस्टम से किसानों को लाभान्वित करने का लक्ष्य तय किया गया है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना पर ड्राप मोर क्रॉप माइक्रो इरीगेशन के तहत किसानों को आधुनिक उपकरणों की खरीद पर 65 से 90 प्रतिशत तक अनुदान भी दिया जाएगा। लघु एवं सीमान्त किसानों को ड्रिप, मिनी व माइक्रो स्प्रिंकलर सिस्टम पर 90 प्रतिशत, जबकि बड़े किसानों को 80 प्रतिशत अनुदान मिलेगा। इसी प्रकार रेनगन प्रणाली में लघु सीमान्त किसान 75 प्रतिशत और सामान्य कृषक 65 प्रतिशत तक अनुदान के पात्र होंगे। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि इच्छुक किसान ऑनलाइन आवेदन कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही भू-गर्भ जलस्तर को बनाए रखने और पानी के अपव्यय को रोकने के लिए फव्वारा सिंचाई पद्धति को अपनाने पर भी जोर दिया जा रहा है।

## श्रावस्ती पुलिस ने किया साइबर सुरक्षा जागरूकता सेमिनार



श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र उत्तम के पर्यवेक्षण में जनपद श्रावस्ती में साइबर अपराध/फ्रॉड के विरुद्ध व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज थाना गिलौला पुलिस टीम द्वारा थानाध्यक्ष श्री विनय कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में प्रेम कुमार शुक्ला इंटर कॉलेज, एकघरवा में साइबर सुरक्षा जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन ठगी, बैंकिंग धोखाधड़ी, पासवर्ड/ओटीपी साझा न करने, फर्जी कॉल, लिंक एवं दफ्कोड स्कैम से बचाव संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही विद्यार्थियों को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग की आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया गया तथा साइबर अपराध होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया बताई गई। आयोजित सेमिनार में लगभग 260 छात्र-छात्राएँ एवं शिक्षकगण ने प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने इसे अत्यंत उपयोगी बताते हुए साइबर सुरक्षा नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। जनपद श्रावस्ती पुलिस का यह अभियान निरंतर जारी है और भविष्य में भी अधिक से अधिक स्थानों पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## मुख्य विकास अधिकारी ने लोक अदालत वाहन किया रवाना





श्रावस्ती। माननीय सर्वोच्च न्यायालय कार्यपालक अध्यक्ष राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुपालन में राष्ट्रीय लोक अदालत 13 सितम्बर 2025 को दीवानी न्यायालय परिसर श्रावस्ती में आयोजित की जाएगी। इसी क्रम में लोगों में जन-जागरूकता हेतु आज एक प्रचार वाहन को मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद द्वारा विकास भवन परिसर में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह वाहन जनपद श्रावस्ती के विभिन्न क्षेत्रों में लोक अदालत के प्रति जागरूकता फैलाएगा। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक जुगल किशोर, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड अनुज कुमार तथा शाखा प्रबंधक विकास भवन भिनगा अमित सिंह मौजूद रहे।

## डीएम - एसपी ने सीमा सुरक्षा परखी



श्रावस्ती। नेपाल में चल रहे विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी और एसएसबी कमाण्डेंट ए.के. वरूण ने सीमावर्ती क्षेत्रों का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुईया बार्डर, तुसमा बार्डर सहित अन्य सीमा चौकियों और संवेदनशील स्थलों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सीमा पर तैनात सुरक्षा बलों और स्थानीय निवासियों से बातचीत कर स्थिति का जायजा लिया। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित किया कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पर्याप्त उपाय किए गए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सुरक्षा बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। सुरक्षाकर्मियों को निर्देश दिया गया कि पड़ोसी देश की स्थिति पर सतर्क निगरानी रखते हुए किसी भी नकारात्मक प्रभाव को हमारे क्षेत्र में न आने दें। यदि किसी प्रकार की आशंका हो तो तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचित करें। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने जनपदवासियों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी सूचना की जानकारी सीधे प्रशासन को दें। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी भिनगा आशीष भारद्वाज, डिप्टी कमाण्डेंट सहित एसएसबी एवं पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आमसभा में प्रशासन पर बरसे वकील, दी आंदोलन की चेतावनी

### हंगामेदार बैठक में समस्याओं को लेकर अधिवक्ताओं का चढ़ा पारा



**प्रतापगढ़।** तहसील में लेखपालों के स्तर पर बरती जा रही अनियमितताओ तथा चकबंदी प्रक्रिया में भी अनियमितता व न्यायिक पत्रावलियों में समय से आदेश न होने आदि को लेकर बुधवार को संयुक्त अधिवक्ता संघ की बैठक मे अधिवक्ताओ ने प्रशासनिक लापरवाही को जमकर कोसा। संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अध्यक्षता में प्रशासनिक लापरवाही पर हुई हंगामेदार सभा मे वकीलो का गुस्सा जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने मे भी विलम्ब पर केन्द्रित दिखा। संघ की आम सभा मे तहसील परिसर मे सार्वजनिक शौचालयो की साफसफाई न होने तथा जनरेटर से प्रदूषण को लेकर भी अधिवक्ताओ का पारा चढ़ा दिखा। वही लालगंज वाहय न्यायालय मे भी कर्मचारियो के स्तर पर हो रही हीलाहवाली पर भी आमसभा मे नाराजगी देखी गयी। आमसभा मे सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित कर कार्यकारिणी को एसडीएम तथा एडीजे से वार्ता कर समस्याओ के समाधान कराए जाने के लिए अधिकृत किया। आम सभा मे प्रशासनिक कार्य प्रणाली मे सुधार न होने पर आंदोलन को लेकर भी रणनीतिक मंथन गहमागहमी में दिखा। प्रारम्भ में संघ के महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय ने कार्यवृत्ति पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अम्बुज कुमार पाण्डेय ने आम सभा का संयोजन किया। अध्यक्षता करते हुए संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने अधिवक्ताओ की एकजुटता पर जोर दिया। संचालन पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र ने किया। आम सभा को एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, पूर्व अध्यक्ष राममोहन सिंह, टीपी यादव, देवी प्रसाद मिश्र, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, संदीप सिंह, अजय शुक्ल गुडडू, दिनेश मिश्र, प्रवीण यादव, शैलेन्द्र सिंह बघेल, संतोष पाण्डेय, राजेश तिवारी, गया प्रसाद मिश्र, दीपेन्द्र तिवारी, राजीव त्रिपाठी, सिंटू मिश्र ने संबोधित करते हुए प्रशासनिक अनियमितताओ की जमकर आलोचना की। इस मौके पर घनश्याम मिश्र, सुरेंद्र सिंह, अबरार अहमद, अनूप पाण्डेय, शिवरंजन यादव, सुमित त्रिपाठी, आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

**लखनऊ विकास प्राधिकरण**
(ISO 14001 : 2004, ISO 9001 : 2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0) टोल-फ्री: 1800 1800 5000, वेबसाइट: http://www.ldalucknow.in

**-: सार्वजनिक सूचना :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यावसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामान्तरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है:-

| क्र सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड संख्या | योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से (मृतक) का सम्बन्ध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती हीरावती देवी | भवन सं0 1/694 | सेक्टर-जे जानकीपुरम योजना | 05.01.2024 | श्री गौरी शंकर (पति) | (1) श्री लाल बहादुर पाल (पुत्र) (2) श्रीमती वन्दना पाल (पुत्री) (3) श्री कृष्ण कुमार पाल (पुत्र) (4) श्री आदित्य कुमार पाल (पुत्र) | पति |
| 2. | श्रीमती सर्वेश शर्मा व श्री सुरेश चन्द्र शर्मा | भूखण्ड सं0 एस0एस0/313 | सेक्टर-एच कानपुर रोड योजना | 12.11.2021 | (1) श्री सुरेश चन्द्र शर्मा (2) श्रीमती रश्मि शर्मा (3) श्रीमती अंजली शर्मा (4) श्रीमती आशु शर्मा (4) श्री शुभम शर्मा | ---------- | मृतक के पति, विवाहित पुत्रियाँ एवं पुत्र |
| 3. | स्व0 कृष्ण लाल सचदेवा | भवन सं0 एम0एम01/728 | विशाल खण्ड गोमती नगर योजना | 21.02.2015 | श्री नीरज सचदेवा | वसीयतनामा | पुत्र |
| 4. | श्रीमती दर्शन अहूजा श्रीमती पूनम भूटानी श्रीमती ममता मल्होत्रा | भूखण्ड सं0 के-362 | से0-के आशियाना कानपुर रोड योजना | श्रीमती दर्शन अहूजा की मृत्यु दिनांक 25.09.2013 | (1) श्रीमती पूनम भूटानी (2) श्रीमती ममता मल्होत्रा | ---------- | पुत्रियाँ |
| 5. | श्री अशोक कुमार अरोरा एवं श्री संत लाल अरोरा | भूखण्ड सं0 1008 | से0-एम आशियाना कानपुर रोड योजना | श्री संत लाल अरोरा की मृत्यु दिनांक 09.08.2014 | श्री अशोक कुमार अरोरा | श्री सतीश अरोड़ा (पुत्र) | पुत्र |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कालम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।
**सचिव**

संक्षेप

## जनपद में धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की

शाहजहांपुर। जिला मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने जारी अपने एक आदेश के तहत जनपद शाहजहांपुर में आगामी त्योहारों शारदीय नवरात्र, दशहरा, महानवमी/ विजयदशमी, महत्मां गॉधी जयन्ती, धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैयादूज एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं आदि अवसरों पर जनपद में सुरक्षा, शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत जनपद शाहजहांपुर के सम्पूर्ण क्षेत्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 दिनांक 4 सितंबर 2025 से 31अक्टूबर 2025 तक प्रभावी रहेगी। इस आदेश अथवा आदेश के किसी अंश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा-223 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा। अतः आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

## युवक ने लगायी नदी में छलांग, मौत

शाहजहांपुर। महानगर में बुधवार को खनौत नदी किनारे उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक युवक ने अचानक नया पुल हनुमत धाम के पास नदी के गहरे पानी में छलांग लगा दी। घटना को देख आसपास मौजूद लोग चीख पड़े और शोर मचाने लगे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मिली जानकारी के मुताबिक युवक ने पहले पुल किनारे अपनी बाइक खड़ी की, फिर चप्पल उतारी और सीधे नदी में कूद गया। हनुमत धाम के पास पहले से तैनात पीएसी जवान तुरंत हरकत में आए और स्टीमर लेकर नदी में उतरे। लेकिन जब तक युवक को बाहर निकाला गया, उसकी सांसें थम चुकी थीं। सूचना पाकर थाना चौक कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, इस बीच घटना का वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। थोड़ी ही देर में मृतक के परिवारजन भी वहां पहुंच गए, अचानक हुए इस हादसे से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## जिला स्वच्छता समिति की बैठक संपन्न

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वच्छता समिति की बैठक हुई सम्पन्न। बैठक में स्वच्छता से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई इस दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में निर्मित व्यक्तिगत शौचालयों की प्रगति की समीक्षा की गई, समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में जो भी व्यक्तिगत शौचालय बनाये गये है उनका उपयोग नागरिक अवश्य करे इस हेतु उन्हे जागरूक किया जाये और जनपद में जो भी नये व्यक्तिगत शौचालय बनाये जाये वह लाभार्थी के खाते में धनराशि स्थानान्तरित करके ही बनाया जाये और शौचालय शुव्यवस्थित ठंग से बनाया जाये जिससे कि उसका उपयोग हो सके उन्होने कहा कि सॉलिड एंड लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट का निस्तारण सुचारू ठंग से किया जाये, इसके साथ ही फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट हेतु तैयार किए गए प्लान की समीक्षा की गई और कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वच्छता कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाये। बैठक में जिला स्वच्छता समिति के समस्त सदस्य, अधिकारीगण तथा संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# प्रोजेक्ट अलंकार से चमकेंगे स्कूल : सीडीओ



जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। जिले के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों की तस्वीर बदलने के लिए शासन की महत्वाकांक्षी योजना प्रोजेक्ट अलंकार पर बुधवार को अटल सभागार में अहम बैठक हुई।

- सीडीओ बोले 75 प्रतिशत सरकार देगी अनुदान, 25 प्रतिशत वहन करेंगे प्रबंधक, हर स्कूल से मांगा गया प्रस्ताव

बैठक में सीडीओ अभिषेक कुमार ने विद्यालयों के प्रधानाचार्य और प्रबंधकों को योजना की जानकारी दी। संचालन डीआईओएस विनोद कुमार मिश्रा ने किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीडीओ ने कहा कि प्रोजेक्ट अलंकार के तहत विद्यालयों के आधुनिकीकरण व भवनों के कायाकल्प के लिए सरकार 75 प्रतिशत तक अनुदान देगी, जबकि 25 प्रतिशत भागीदारी विद्यालय प्रबंधन को करनी होगी। उन्होंने प्रबंधकों व प्रधानाचार्यों से अपील की कि हर विद्यालय से कम से कम एक प्रस्ताव अवश्य भेजा जाए, ताकि अधिक से अधिक संस्थान योजना का लाभ ले सकें। बैठक के दौरान कुछ प्रधानाचार्यों और प्रबंधकों ने वित्तीय हिस्सेदारी, प्रस्ताव की प्रक्रिया और तकनीकी पहलुओं को लेकर सवाल पूछे। सीडीओ ने सभी बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी और भ्रम दूर किए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विद्यालयों की जरूरत और प्राथमिकता के हिसाब से प्रस्ताव तैयार कर भेजे जाएं। डीआईओएस विनोद कुमार मिश्रा ने कहा कि यह योजना न केवल भवनों को नया रूप देगी, बल्कि शिक्षा के वातावरण को भी बेहतर बनाएगी। विद्यालय तभी आकर्षक होंगे, जब उनका ढांचा आधुनिक होगा।

## कोई भी पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित न रहे

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। शासन की महत्वाकांक्षी छात्रवृत्ति योजना को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता सीडीओ अभिषेक कुमार ने की। इस बैठक में जिले के सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने साफ शब्दों में कहा कि शासन की मंशा है कि छात्रवृत्ति का लाभ हर पात्र विद्यार्थी तक पहुँचे। किसी भी कारणवश कोई बच्चा वंचित न रह जाए, यह सभी विद्यालयों की जिम्मेदारी है। यह विद्यार्थियों का हक है, इसे लेकर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। हर विद्यालय यह सुनिश्चित करे कि सभी पात्र छात्रों का आवेदन निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा हो और नियमानुसार फॉरवर्ड किया जाए। बैठक में सीडीओ ने स्पष्ट किया कि यदि किसी विद्यालय ने समयसीमा में आवेदन प्रक्रिया पूरी नहीं की तो उसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित प्रधानाचार्य की होगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय स्तर पर कोई भी आवेदन लंबित न रखा जाए। बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अभय कुमार सागर और जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार मौजूद रहे। तीनों अधिकारियों ने विद्यालय प्रबंधकों व प्रधानाचार्यों को छात्रवृत्ति योजना से जुड़ी हर छोटी-बड़ी जानकारी विस्तार से दी। उन्होंने पात्रता, आय सीमा, ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया और फॉरवर्डिंग की समयसीमा पर विशेष जोर दिया।

- प्रधानाचार्यों को निर्देश : समय पर आवेदन कराना सुनिश्चित करें, लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

## चोरी की बाइक जब्त ,4 गिरफ्तार



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) थाना हैदराबाद पुलिस टीम द्वारा चोरी करने वाले चार अभियुक्तो को गिरफ्तार कर चालान भेजा है।

थानाध्यक्ष सुनील मलिक के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा लेखपाल पुत्र मैकूलाल, गोविन्द पुत्र रामशंकर, रामू पुत्र रामनरेश निवासीगण ग्राम तकिया थाना हैदराबाद, विजयपाल पुत्र रामखिलावन निवासी ग्राम चन्दपुरवा थाना महोली जिला सीतापुर हाल पता लेखपाल का मकान ग्राम तकिया थाना हैदराबाद को एक तमन्चा 315 बोर, एक कारतूस 315 बोर, एक चाकू, एक लोहे की सुम्मी, एक पेचकस, एक प्लास्टिक की रस्सी, एक रबड की पाईप, एक लोहे की बडी छैनी, एक स्पीकर, एक केबल करीब 19 मीटर, एक जोडी पायल, एक 20 लीटर की प्लास्टिक की पिपिया मे करीब 07 लीटर डीजल, एक पिपिया में 10 लीटर डीजल, एक डीसी फैन, एक बैट्रा व एक पानी की मोटर, एक पल्सर बाइक के गिरफ्तार किया गया है।सभी का चालान भेज दिया गया है।

## एसपी ने बाल शिशु गृह और बाल मित्र केंद्र का किया उद्घाटन

मीरानपुर कटरा । पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने थाना कटरा परिसर में दो नई सुविधाओं का शुभारंभ किया। इनमें महिला पुलिसकर्मियों के छोटे बच्चों के लिए बाल शिशु गृह और थाने में आने वाले बच्चों, खासकर पीड़ित या साक्षी के रूप में उपस्थित बच्चों के लिए बाल मित्र केंद्र शामिल हैं।



पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि बाल शिशु गृह का उद्देश्य ड्यूटी पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों को राहत देना है ताकि वे अपने छोटे बच्चों को सुरक्षित और अनुकूल माहौल में रखकर बिना चिंता अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकें। यहाँ बच्चों के लिए झूले, खिलौने और मनोरंजन की अन्य सामग्री उपलब्ध कराई गई है। स्वच्छता और देखभाल की भी विशेष व्यवस्था की गई है। वहीं बाल मित्र केंद्र का मकसद थाने में आने वाले बच्चों को भयमुक्त और सम्मानजनक वातावरण प्रदान करना है। यह केंद्र किशोर न्याय अधिनियम और मानवाधिकार संरक्षण की भावना के अनुरूप संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दिक्षा भवरे, क्षेत्राधिकारी तिलहर ज्योति यादव और प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी आकृति पटेल एवं थाना प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल सहित समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि इन दोनों केंद्रों को सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण से संचालित किया जाए। उन्होंने कहा, जनविश्वास ही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है और उसकी दिशा में हर छोटी पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्थानीय अधिकारियों और मौजूद लोगों ने इस पहल को महिला सशक्तिकरण और मानवीय दृष्टिकोण से एक अभिनव कदम बताया, जो न केवल महिला पुलिसकर्मियों की सुविधा बढ़ाएगा बल्कि बच्चों के लिए भी सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करेगा।

## नाज बीबी चुनी गयीं कोटेदार

जिला संवाददाता(vol)

धौरहरा खीरी। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में राशन वितरण के लिए



दुकान दार का चयन करने के लिए सविलियन विद्यालय परिसर में खुली बैठक एसडीएम धौरहरा व विकास विभाग द्वारा बुधवार को आयोजित हुई।बैठक में गांव से हजारों महिला पुरुष शामिल रहे। सुरक्षा व्यवस्था की द्रष्टि से धौरहरा खमरिया ईसानगर पुलिस बल तैनात रहा। जिसमें सर्वसम्मति से नाज बीबी पत्नी आरिफ के नाम का एलान किया गया। जानकारी के मुताबिक काफी समय से ग्राम पंचायत जुगुनू पुर में संचालित कोटे की दुकान सस्पेंड चल रही थी।पूर्ति विभाग के अनुमोदन पर बुधवार को विकास विभाग द्वारा ग्रामीणों की खुली बैठक सविलियन विद्यालय परिसर में कराई।जिसमें दो पक्ष नाज बीबी व मोनू आमने-सामने आ गए। प्रशासन ने दोनों पक्षों को अलग-अलग बैठाकर गणना कराई जिसमें नाज बीबी के पक्ष में 885 व मोनू के पक्ष में 481 लोग रहें। विकास विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने नाज बीबी को 404 मतो से विजई घोषित कर दिया।

इस दौरान एसडीएम धौरहरा शशीकांत मणि, एडीओ पंचायत प्रेम प्रकाश पाल, एडीओ कृषि मुन्ना लाल, एडीओ आई एस बी आलोक शुक्ला, एडीओ कोआपरेटिव बागेश्वर यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी निधि देवी, प्रधान शहाबुदीन कोतवाल धौरहरा शिवाजी दुबे, कोतवाल अपराध गंगा प्रसाद यादव सहित खमरिया ईसानगर के साथ भारी पुलिस बल की मौजूदगी रही।

## भारतीय दिव्यांग यूनियन की बैठक में समस्याओं पर चर्चा



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) भारतीय दिव्यांग यूनियन की मासिक बैठक ब्लॉक बांकेगंज में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष सर्वेश कुमार ने की। उन्होंने दिव्यांगों को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों की समस्याओं का निवारण प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि अंत्योदय राशन कार्ड, आवास, मुद्रा लोन, मुख्यमंत्री आवास योजना एवं आवासीय पट्टों जैसी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र दिव्यांगजन तक पहुँचाना संगठन का लक्ष्य है। बैठक के दौरान दो दिव्यांगजनों के अंत्योदय राशन कार्ड बनवाए गए तथा सबीना पत्नी हबीब और गुलजारी पुत्र नाथ रसीद को वितरण किया गया। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष विकास कुमार, संगठन मंत्री अमित कुमार, उपाध्यक्ष सजेश कुमार, राजीव वर्मा, सर्वेश कुमार, हबीब, रूबी, मिथिलेश कुमारी समेत बड़ी संख्या में दिव्यांगजन मौजूद थे।

## आश्रम पद्धति विद्यालय में बालिकाओं ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

पलियाकलां खीरी। सर्वेंट ऑफ इंडिया सोसाइटी द्वारा संचालित आश्रम पद्धति विद्यालय में निवास कर रही 125 बालिकाओं को हनुमान चालीसा का पाठ कराया गया तथा उनको आगे बढ़ाने विकास करने के लिए अनेक कथाओं के माध्यमसे प्रोत्साहन दिए गए ।

सर्वप्रथम हनुमान जी की आरती की गई फिर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया इस अवसर पर बजाज चीनी मिल के वाइस प्रेसिडेंट ओम प्रकाश सिंह चौहान ने बालिकाओं को हनुमान चालीसा का पाठ कराया तथा विधिवत व्याख्या की। उन्होंने कहा अच्छे और दुष्ट की पहचान रखो उनसे सतर्क रहो ब्रह्म मुहूर्त में जागिए भगवान का नाम लीजिए और वही तुम्हारी सबसे अधिक मदद कर सकते हैं। रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष विजय नारायण महेंद्रा विद्यालय के संचालक दिनेश कुमार मिश्रा और अधीक्षिका गीता शर्मा सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे। बच्चों ने सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ कर भक्ति की भावना का संचार किया।

## बैठक 16 सितम्बर को

आजमगढ़। जिला कार्यक्रम अधिकारी हेमन्त सिंह ने बताया कि जिला पोषण समिति/जिला कन्वर्जेन्स समिति की बैठक 16 सितम्बर 2025 को अपरान्ह 3.30 बजे से 4 बजे तक कलेक्ट्रेट सभागार-आजमगढ़ में जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आहूत की गयी है।

## विधायक ने बाढ़ पीड़ितों को राशन किटों का किया वितरण

शाहजहांपुर, ददरौल क्षेत्र से भाजपा विधायक अरविंद सिंह ने तहसील के अधिकारियो के साथ बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में पीड़ितों को राशन और जरूरत के समान से संबंधित किटों का वितरण किया. भाजपा विधायक अरविंद सिंह द्वारा



बाढ़ प्रभावित गांव मियांपुर गौटिया, उटहा सहित लगभग आधा दर्जन से अधिक बाढ़ प्रभावित लोगों तक पहुंच कर उन्हें राहत सामग्री प्रदान की गई इस दौरान तहसीलदार सदर नायब तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## रंजिशन मारपीट का आरोप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) कोतवाली क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने रंजिशन मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुये मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम चौरठिया निवासी अमित कुमार पुत्र प्रहलाद ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि गांव निवासी चतुर्भज उर्फ बल्ला पुत्र कल्लू रंजिशन गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने लाठी डन्डों से मारा पीटा। जिसमें वह गंभीर घायल हो गया।

## परमवीर चक्र विजेता का मना शहीदी दिवस



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) वर्ष 1965 में भारत-पाक युद्ध के महानायक परमवीर चक्र विजेता अमर शहीद वीर अब्दुल हमीद का 60वां शहादत दिवस बुधवार को हमीद मार्केट में श्रद्धाभाव से शहीद दिवस मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धाजंलि दी गई। अंजुमन ईदरिसिया द्वारा अब्दुल हमीद मार्केट में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिकूं ने परमवीर चक्र विजेता अमर शहीद वीर अब्दुल हमीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुये कहा कि जिसने 1965 की भारत-पाकिस्तान की जंग में अमेरिका निर्मित पैंटन टैंक को अपने जीप पर लगी सामान्य गन से अपने अचूक निशानेबाजी से ध्वस्त कर दिया और देश की खातिर शहीद हो गये। ऐसे वीर की शहादत को देश सदैव याद रखेगा। इस दौरान पालिकाध्यक्ष ने कई बच्चों को सम्मानित किया। इस मौके पर कमेटी के तमाम लोग मौजूद रहे।

## अवकाश प्राप्त शिक्षकों की हुई मासिक बैठक

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) पौराणिक शिव मंदिर के समीप नीलकंठ मैदान में उत्तर प्रदेश अवकाश प्राप्त प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद शाखा गोला की मासिक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षक शिवदयाल पांडेय ने की और संयोजन का कार्य बाबूराम वर्मा ने किया। बैठक में कुम्भी गोला ब्लॉक के दूरस्थ ग्रामों के अलावा मितौली, बांकेगंज, बिजुआ और कुम्भी क्षेत्रों से भी सेवानिवृत्त शिक्षक बड़ी संख्या में पहुंचे। उपस्थिति 60 से अधिक रही, जिससे माहौल उत्साहपूर्ण बना। बैठक में मुख्य रूप से नेशनल वेतन वृद्धि और पेंशन संबंधी समस्याओं पर गहन चर्चा हुई। परिषद ने कहा कि जिन पेंशनधारकों के आवेदन दस्तावेज नहीं, बताकर निरस्त कर दिए गए हैं, उनके समाधान को प्रशासनिक अधिकारियों से शीघ्र संवाद स्थापित किया जाएगा। साथ ही यह भी आग्रह किया गया कि जिन शिक्षकों ने अब तक नेशनल वेतन वृद्धि के लिए आवेदन पत्र खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा नहीं किया है, वे तत्काल आवेदन करें ताकि समय से लाभ मिल सके। यह भी स्पष्ट किया गया कि जिन पेंशनधारकों को जीवित प्रमाणपत्र जमा करना है, वे 20 सितम्बर तक अनिवार्य रूप से प्रपत्र जमा कर दें, अन्यथा पेंशन वितरण में बाधा आ सकती है। संगठन में हेमनाथ प्रसाद को संरक्षक के रूप में मनोनीत किया गया। वरिष्ठ शिक्षकों द्द रामप्रकाश मिश्र, अशोक कुमार, बैजनाथ अग्निहोत्री और रमाशंकर कटियार ने भी अपने विचार रखे। कटियार ने नेशनल वेतन वृद्धि के मुद्दे को जोरदार ढंग से उठाते हुए कहा कि परिषद को अधिकारियों से मिलकर ठोस समाधान निकालना होगा। सामूहिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन किया गया। घोषणा की गई कि अगली बैठक बाबूराम वर्मा के आवास पर आयोजित होगी। इस अवसर पर लाल सिंह, जगदीश, ओमप्रकाश, उमर शाहिद सहित बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त शिक्षक मौजूद थे।

## जमीन की रजिस्ट्री न करने पर गोली मारने की धमकी

मोहम्मदी खीरी। गांव वरा मजरा टेगुन खुर्रम नगर की एक विधवा ने जमीन की बिक्री अपने पोतो को न करने पर उन्होंने सरेराह गोली मार देने की धमकी देकर मारपीट का आरोप लगाया है पुलिस ने तीन सगे भाइयों के खिलाफ संगीन धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। गांव वरा मजरा टेगुन खुर्रम नगर निवासी लक्ष्मी देवी ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहां उसके पोते राहुल, रजत और रोहित ने दरवाजे पर आकर गाली गलौज करते हुए हातां पाई करने लगे और जमीन की रजिस्ट्री उनके पक्ष में न करने पर गोली मार देने की धमकी दी है। पुलिस ने मामले में नामित आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## नाबालिग युवती को भगा ले गया युवक

सिंगाही खीरी। सिंगाही थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक महिला ने अपनी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप निघासन निवासी एक युवक पर लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर सिंगाही थाने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी। महिला का आरोप है कि निघासन थाना क्षेत्र का निवासी पंकज उसकी पंद्रह वर्षीय पुत्री को बोलेरो में बैठाकर भगा ले गया। पीड़ित महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि किशोरी की मां की तहरीर पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। किशोरी को शीघ्र बरामद कर लिया जाएगा।

## हादसे में बाइक सवार की मौत

जौनपुर । फतेहगंज बाजार में मंगलवार रात एक सड़क हादसा हुआ। मछलीशहर की तरफ से आ रहे गैस टैंकर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई।घटना के बाद टैंकर को रोकने की कोशिश की गई। स्थानीय निवासी अनिल कुमार अपनी पिकअप से टैंकर का पीछा कर रहे थे। इस दौरान कुछ लोगों ने उनकी पिकअप पर ईंटें फेंकी। हमले में अनिल कुमार घायल हो गए।गैस टैंकर का चालक मौके से भाग निकला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायल अनिल कुमार को अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फरार टैंकर चालक की तलाश जारी है। घटना से क्षेत्र में आक्रोश है।

## तीन सूत्रीय मांगों को लेकर किया पंचायत

जौनपुर। भारतीय किसान यूनियन इकाई ने सोंधी ब्लॉक पर पंचायत लगाकर अपनी आवाज बुलंद की । तीन सूत्रीय मांग पत्र बीडीओ को सौंपा । अफसरों को चेताया कि मांग पूरी न होने पर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे ।यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष रामधारी बिन्द के नेतृत्व में यूनियन के कार्यकर्ता मजदूर ब्लॉक पहुँचे ।यहाँ पंचायत लगाकर किसान यूनियन ने अपनी आवाज तेज की । सभा मे संगठन अध्यक्ष रामधारी बिन्द ने कहा कि किसानों के हित के लिए किसान संगठन मुखर है ।मजदूरों को मूलभूत सुविधाओं के लिए भी जूझना पड़ता है ।किसानों को कॉपरेटिव समितियों पर यूरिया नही मिल रही है ।उन्हें समितियों का चक्कर लगाना पड़ता है ।ग्रामीणों को शौचालय उपलब्ध न कराने के कारण वे खुले में शौच के लिए मजबूर है ।उन्होंने बताया कि लतीफपुर गांव में शौचालय, किसानों को पशु शेड और तारगहना में वासुदेव के घर से श्याम लाल सोनकर के घर तक नाली की मांग उठाई गई है ।

## प्रमुख सचिव खेल ने जदुनाथ सिंह स्टेडियम में निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

शाहजहांपुर । शाहजहांपुर पहुंचे उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव खेल मनीष चौहान ने जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के साथ नायक जदुनाथ सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम हाथोड़ा में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।स्टेडियम में चल रहे निर्माण कार्यों के लिए शासन द्वारा जारी किए गए 39 करोड़ 44 लाख 48 हजार रुपये की लागत से हो रहे विकास कार्यों में एथलेटिक्स सिंथेटिक ट्रैक, तरणताल, इंडोर कबड्डी हाल, वॉलीबॉल कोर्ट, हॉकी एस्ट्रो टर्फ, सीसीटीवी, बाउंड्री वॉल, बहुउद्देशीय क्रीड़ा हाल, मुख्य भवन, दर्शक दीर्घा, पवेलियन, सिंचाई के लिए ट्यूबवेल, सहित खिलाड़ियों के लिए



दो 100 लीटर आरओ प्वाइंट, पुरुष एवं महिला शौचालय, आंतरिक एप्रोच रोड और सेल्फी प्वाइंट जैसी सुविधाओं का निर्माण शामिल है।

निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव ने सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय पर पूरा करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने शाहजहांपुर पहुंचने पर प्रमुख सचिव खेल मनीष कुमार का बुके देकर स्वागत किया और निर्माण कार्यों में लगी संस्था को समय से निर्माण कार्य पूर्ण करने की दिशा निर्देश दिए।

## 17 को अजीरेश्वर धाम जरहा में होगा विशाल शिक्षक सम्मान समारोह

बीजपुर(सोनभद्र)शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में 17 सितंबर को श्री श्री विश्वकर्मा पूजनोत्सव के अवसर पर क्षेत्र के लगभग एक सौ शिक्षकों के लिए विशाल सम्मान समारोह का आयोजित किया गया है।सम्मान समारोह का आयोजन मेसर्स बघेल इंफ्राइस्ट्रक्रर प्राइवेट लिमिटेट विन्ध्यनगर ढोढ़ी के सौजन्य से अजीरेश्वर धाम परमार्थ जनसेवा ट्रस्ट जरहा सोनभद्र के अध्यक्ष एंव न्यास कर्ता श्री राजेन्द्र सिंह बघेल के कर कमलों द्वारा धाम के सभागार में सम्पन्न किया जाएगा।

## नेपाल घटनाक्रम पर खीरी बॉर्डर अलर्ट

लखीमपुर खीरी। पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में हुए घटनाक्रम के बाद भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा चाक-चौबंद कर दी गई है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा खुद बॉर्डर की हर हलचल पर पैनी नजर रखे हुए हैं। दोनों अधिकारी लगातार मॉनिटरिंग कर स्थिति का जायजा ले रहे हैं। एसएसबी और स्थानीय पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया है। पुलिस की कवच प्वाइंट्स और एसएसबी के जवान आपसी सहयोग से सीमा पर सघन गश्त कर रहे हैं। नदी पार जाने वाले रास्तों तक पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। प्रशासन का साफ संदेश है कि नेपाल से कोई भी अराजक तत्व भारतीय सीमा में घुसपैठ न कर पाए।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर निघासन और पलिया तहसील के एसडीएम ने सीमा से जुड़े गांवों के ग्राम प्रधान, सचिव, लेखपाल और कोटेदारों संग बैठक की। अधिकारियों ने कहा कि ग्रामवासी ऐसे लोगों की सूचना दें जो नेपाल गए हों और अब तक वापस न लौटे हों।

### सीमा पार आवागमन नियंत्रित

भारतीय सीमा से नेपाल के नागरिकों को नेपाल जाने की अनुमति दी जा रही है, जबकि नेपाल से भारतीय नागरिकों को प्रवेश मिल रहा है। भारी वाहनों का बॉर्डर से आना-जाना पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। एसएसबी के मुताबिक, 10 सितंबर को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक भारत से नेपाल की ओर 343 नेपाली नागरिक भेजे गए, जबकि नेपाल से भारत में 177 भारतीय नागरिकों ने प्रवेश किया।

### फंसे भारतीयों के लिए कंट्रोल रूम

नेपाल घटनाक्रम को देखते हुए जिला प्रशासन ने 247 कंट्रोल रूम स्थापित किया है। जनपद खीरी का कोई भी भारतीय नागरिक नेपाल में फंसा हो तो सहायता हेतु दिए गए फोन नंबर 05872-298410, 9454416588 पर संपर्क कर सकता है।

## हिंदी दिवस मनायें जाने को लेकर बैठक

दुद्धी, सोनभद्र। आगामी 14 सितंबर को हिंदी दिवस धूम -धाम से मनाए जाने को लेकर बुधवार को स्थानीय पत्रकारों की एक बैठक पीडब्लूडी गेस्ट हॉउस में वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।बैठक में उपस्थित पत्रकारों ने हिंदी दिवस पर कार्यक्रम आयोजन की सहमति बनी। वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद कुमार ने कहा कि आज बदलते समय में हमारी मातृ भाषा धीरे-धीरे लुप्त होने की कगार पर पहुंच गया हैं। इसके लिए हमसब पत्रकारों की जिम्मेदारी बढ़ जाती हैं कि हिंदी भाषा को समाज में प्राथमिकता पूर्वक स्थापित रहे। हिंदी पत्रकारिता से जुड़े पत्रकारों कि जिम्मेदारी हैं कि हिंदी भाषा को लेकर सजग रहे और इसे हमेशा हिंदी को बढ़ाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि हिंदी दिवस पर ष्हिंदी का महत्व ष्पर एक गोष्टी का भी आयोजन किया गया हैं। इसके आलावा अन्य पत्रकारों ने भी अपने-अपने विचार रखें। इस बैठक में जितेंद्र कुमार अग्रहरि, राफे खान, राकेश गुप्ता, रमेश यादव, नीतीश कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

संक्षेप

## एसओ के खिलाफ वकीलों ने किया चक्का जमा

आजमगढ़। दि डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने बुधवार को कलक्ट्रेट चैराहा के समीप चक्का जाम कर प्रदर्शन किया। उन्होंने एसओ तहबरपुर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।एसपी ग्रामीण के आश्वासन पर एक घंटे बाद जाम समाप्त हो गया। दि डिस्ट्रीक्ट बार के अधिवक्ताओं का आरोप था कि उनके एक साथी अधिवक्ता के साथ तहबरपुर थाना ने दुर्व्यवहार किया। इस दुर्व्यवहार की जानकारी होते ही बुधवार को अधिवक्ता आंदोलित हो गए। घटना को लेकर पूरे दिन न्यायिक कार्य से विरत रहे। तत्पश्चात कलक्ट्रेट चैराहा पर पहुंच कर चक्का जाम कर प्रदर्शन करने लगे। आंदोलित अधिवक्ताओं ने तबरपुर एसओ के खिलाफ की कार्रवाई की मांग की। मौके पर पहुंचे एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने आश्वासन देकर जाम समाप्त करा दिया।

## घर से भागे युवक को ग्रामीणों ने चोर समझकर पीटा

जौनपुर। मछलीशहर कोतवाली क्षेत्र के छाछो गांव में बीती रात एक युवक की चोर समझकर ग्रामीणों ने पिटाई कर दिया और पुलिस बुलाकर सौंप दिया। युवक ने पुलिस को बताया कि वह पत्नी से विवाद के बाद घर से निकल गया था और भटकते हुए यहां पहुंचा। पुलिस ने युवक के परिजनों को थाने पर बुलाया। बताते है कि एक युवक में रात 11 बजे कुरनी सिकरारा थाना क्षेत्र के यादव बस्ती में टहल रहा था। जिसे ग्रामीणों ने चोर समझकर दौड़ा लिया। युवक वहां से भागकर जौनपुर-रायबरेली हाईवे होते हुए छाछो गांव की ओर भागा। पीछा कर रहे ग्रामीणों ने दौड़ाकर छाछो गांव स्थित एक पेट्रोल पंप के पास पकड़ लिए। आक्रोशित ग्रामीण युवक को चोर समझ कर पिटाई कर दिए। घटना की सूचना पर पहुंची सिकरारा पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर थाने ले गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि युवक ने पूछताछ में अपना नाम हिमालय कुमार निवासी गांव सेमनिया थाना गंभीरपुर जिला आजमगढ़ बताया है हिरासत में लिए गए युवक के परिजनों ने फोन पर हुई बातचीत हुई है। उन्होंने बताया कि पत्नी से विवाद होने के बाद वह घर से निकल गया था। एक वाहन पर सवार होकर बहककर यहां तक पहुंचा। परिजनों को थाने बुलाया गया है, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बाल्टी मे गिरने से दो वर्षीय मासूम की मौत

म्योरपुर/सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के डडिहरा गाँव मे बुधवार को घर पर खेल रही मासूम बच्ची भरी हुई पानी की बाल्टी मे गिर जाने के कारण मौत हो गयी। प्राप्त जानकरी के अनुसार उक्त गाँव निवासी अनुज यादव की बेटी जो दो वर्ष की थी खेल खेल मे भरी हुई बाल्टी मे गिर गयी जिस कारण उसकी मौत हो गयी मृतक बच्ची के पिता अनुज यादव ने बताया की मेरी दो बेटियां हैं माँ बंदना देवी के साथ छोटी बच्ची थी और वह खेल रही थी माँ बर्तन धो कर घर मे रखने गयी इसी दौरान बेटी भारी हुई बाल्टी मे गिर गयी माँ घर मे बर्तन रख कर आयी तो बेटी को बाल्टी मे गिरा देख दंग रह गयी इस दौरान बच्ची अचेत हो गयी आनन फानन बच्ची को अचेताअवस्था मे म्योरपुर सीएचसी ले कर आया गया जहाँ उपस्थित अधीक्षक पि. एन सिंह द्वारा देखते ही बच्ची को मृत घोषित कर दिया गया

# रुचि के खेलों को दिनचर्या में करें शामिल: मनीष



सोनभद्र। कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की निगाही परियोजना में मंगलवार को अंतर क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 2025-26 का समापन हुआ। यह 4 दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 6 सितम्बर से 9 सितम्बर, 2025 तक आयोजित की गयी जिसमें टीम चैंपियनशिप, एकल और युगल श्रेणियों में मैच खेले गए। इस प्रतिस्पर्धा में कुल 192 मैच खेले गए जिनमें एनसीएल के सभी क्षेत्रों एवं इकाइयों से कुल 164 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें 145 पुरुष तथा 19 महिलाएं शामिल हैं।

प्रतियोगिता के समापन समारोह के दौरान निदेशक (मानव संसाधन) मनीष कुमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उद्बोधन में उन्होने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी एवं वरिष्ठ खिलाड़ियों से एनसीएल के नए खिलाड़ियों को मार्गदर्शन व प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु आह्वान किया। इसके अतिरिक्त उन्होने उपस्थित सभी को अपनी रुचि के खेल को दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित भी किया। राजेश त्रिवेदी, कंपनी जेसीसी सदस्य, सीएमओएआई प्रतिनिधि बतौर विशिष्ट अतिथि, स्पोर्ट्स प्रोमोशन बोर्ड मेंबर्स एवम् बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### टीम चैंपियनशिप में जयंत क्षेत्र बना विजेता

अंतर क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के दौरान टीम चैंपियनशिप में जयंत क्षेत्र ने विजेता तथा मुख्यालय ने उप-विजेता खिताब अपने नाम किया। डबल प्रतिस्पर्धा (वरिष्ठ पुरुष वर्ग) में झिंगुरदा से शंकर बदवथ एवं निगाही से आलोक सिंह पहले और एनएससी से डॉ. डी जे बोरा एवं दूधीचुआ से दिलीप कुमार त्रिपाठी दूसरे स्थान पर रहे। साथ ही एकल प्रतिस्पर्धा (अति वरिष्ठ पुरुष वर्ग) में जयंत से राजीब घोष प्रथम एवं मुख्यालय से ए. के. सिन्हा द्वितीय रहे। डबल प्रतिस्पर्धा (अति वरिष्ठ पुरुष वर्ग) में जयंत से राजीब घोष एवं मुख्यालय सेए. के. सिन्हा विजेता तथा निगाही से बाल मुकुन्द गिरि एवं बी के पटेल उप-विजेता बने। इस बैडमिंटन प्रतियोगिता में महिला प्रतिभागियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान एकल प्रतिस्पर्धा (महिला वर्ग) में मुख्यालय से सुश्री मोनोदीपा ने विजेता और सुश्री मनीषा छेत्री ने उप-विजेता खिताब अपने नाम किया। इसके साथ ही डबल प्रतिस्पर्धा (महिला वर्ग) में मुख्यालय से मोनोदीपा और मनीषा छेत्री ने पहला एवं मुख्यालय से दिव्या पांडे और जयंत से दीपशिखा सिंह ने दूसरा स्थान हासिल किया। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा प्रतिवर्ष कर्मियों का उत्साहवर्धन करने एवं उनके शारीरिक और मानसिक विकास हेतु ऐसे अनेक खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता रहा है।

## विकास कार्यों का विधायक ने किया शिलान्यास



जौनपुर। मड़ियाहूं के उपमंडी स्थल नोनारी में चहारदिवारी ,गेट, नाली, इंटरलॉकिंग का शिलान्यास क्षेत्रीय विधायक डॉ0 आर पटेल ने किया। इस निर्माण कार्य के लिए सरकार द्वारा 96.02 लाख का बजट पास हुआ है। विधायक ने जे ई दिग्विजय राय व ठेकेदार को निर्देशित किया कि इसी माह से बाउंड्री वाल, इंटरलॉकिंग कार्य प्रारंभ कर दें। इस कार्य से क्षेत्र के लगभग 5 000 किसान जो मंडी स्थल तक आते हैं उनको लाभ पहुंचेगा और आढ़ती लोगों की बाउंड्री बन जाने से सामानों की सुरक्षा होगी। विधायक ने मंडी अध्यक्ष रामकेश यादव व ग्राम प्रधान नोनारी धीरेंद्र सिंह सिंटू को सोलर लाइट सामुदायिक शौचालय पीने की जल की व्यवस्था और मंडी की जमीन की पैमाइश के लिए प्रस्ताव देने को कहा। डॉ आर पटेल विधायक ने कहा कि जल्द ही प्रस्ताव मिलने पर इस मंडी का नाम इसके संस्थापक स्वर्गीय वंश नारायण पटेल के नाम से दर्ज करने के लिए हम शीघ्र मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी को पत्र लिखेंगे। अवधेश यादव , लाल बहादुर पटेल, , सभाजीत पटेल, , चंद्रशेखर पटेल , चंद्रशेखर यादव जिला पंचायत सदस्य ललई सरोज,सुरेश पटेल, योगेंद्र पटेल चांदनी सरोज, मंडी अध्यक्ष रामकेश यादव सहित सैकड़ो लोग व किसान उपस्थित रहे।

## क्यूआर कोड से करें समितियों पर खाद मूल्य का भुगतान

आजमगढ़। खरीफ की फसलों हेतु आवश्यक यूरिया की पर्याप्त मात्रा जनपद में उपलब्ध है। किसान भाई अपनी निकटतम सहकारी समिति के साथ-साथ निजी उर्वरक केन्द्रों से निर्धारित मूल्य पर यूरिया प्राप्त कर सकते हैं। राज्य सरकार द्वारा खाद की आपूर्ति नियमित रूप से की जा रही है एवं जिलाधिकारी महोदय द्वारा स्वयं प्रतिदिन इसकी समीक्षा की जा रही है। किसान भाई निर्धारित मूल्य 266 रुपए 50 पैसे पर समितियों से क्यूआर कोड के माध्यम से भुगतान कर खाद प्राप्त कर सकते हैं। किसी उर्वरक केंद्र या समिति द्वारा अधिक मूल्य की मांग किए जाने पर तत्काल जिला कृषि अधिकारी एवं सहायक निबंधक सहकारिता को सूचित करें।एआर कोऑपरेटिव अजय कुमार द्वारा अवगत कराया गया है कि समितियों द्वारा खाद का अग्रिम मूल्य प्राप्त होने पर समितियों पर तत्काल खाद की आपूर्ति कराई जा रही है। समितियों द्वारा अग्रिम राशि जमा करने एवं खाद की समितियों पर आपूर्ति में अधिकतम एक दिन का समय लगता है जिसके चलते कुछ समय के लिए समिति से खाद के वितरण का कार्य प्रभावित होता है। सभी समितियों को स्टॉक कम होते ही अगली खेप का पैसा जमा करने हेतु निर्देशित किया गया है ताकि किसान भाइयों को खाद की आपूर्ति निर्बाध रूप से हो सके।

## उपभोक्ताओं के हित व अधिकारों पर हुई चर्चा

मीरजापुर। राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण संगठन के तत्वाधान में कचहरी प्रांगण स्थित जिला बार एसोसिएशन के सभागार में संगोष्ठी एवं प्रदेश अध्यक्ष स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया? । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संरक्षण की प्रदेश अध्यक्ष गरिमा सिंह गौतम का आगमन हुआ। इस दौरान जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार दुबे के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया गया। मंचासीन आए हुए अतिथियों का संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंद्रप्रीत सिंह लक्की एवं वरिष्ठ महासचिव अनिल सिंह द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार दुबे के द्वारा की गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से तहसील अधिवक्ता संघ के संरक्षक मनोज उपाध्याय एवं अध्यक्ष रतन बिहारी राणा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन उपभोक्ताओं के हित एवं अधिकारों को लेकर जागरूक करना एवं अधिवक्ताओं के माध्यम से उपभोक्ताओं के हित एवं अधिकारों की रक्षा करने को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार दुबे ने उपभोक्ताओं को जागरूक करने के संबंध में अपने विचार रखें साथ ही मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रही राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण संगठन की अध्यक्षता गरिमा सिंह गौतम के द्वारा उपस्थित अधिवक्ताओं एवं उपभोक्ताओं को संबोधित करते हुए उपभोक्ता के अधिकारों एवं उनकी जागरूकता के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई और अधिवक्ताओं की हित की लड़ाई लड़ने के लिए अधिवक्ताओं को साथ लाने का आवाह्न भी किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संरक्षण के पदाधिकारी मधु वर्मा, डॉ सुशील पांडेय, ईशान भारद्वाज, किरण श्रीवास्तव, एवं डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के सचिव संजय चौधरी उपसचिव भाई लाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवकुमार पांडेय, अभिषेक दुबे, अतीक खान, सुधाकर शर्मा, सहित विभिन्न अधिवक्ता गण मौजूद रहें।

## भरत मिलाप के लिए नहीं लिया जायेगा सार्वजनिक चंदा



जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर। श्री रामलीला पुरानी दशमी पंचायती के अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर रामलीला समिति में पूर्व में हिसाब-किताब में हुई अस्पष्टता, हेरा फेरी और रामलीला की संपत्तियों के साथ की जा रही गड़बड़ी की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व के अध्यक्ष गोपाल अग्रहरि व मंत्री ज्ञान शंकर गुप्ता द्वारा लम्बे समय से पदों पर जमे रह अनियमितता की जा रही है। उनके कार्य व्यवहार से समिति के सदस्यों में आक्रोश था उनके द्वारा बिना चुनाव कराये खुद को स्वयं नविनिकृत कर लिया गया जो विधिसंवत नहीं है। जिसके चलते रामलीला समिति के सदस्यों ने आम सभा बुला कर प्रक्रिय परक चुनाव किया और कमेटी सृजित कर कार्य प्रारम्भ किया। पूर्व अध्यक्ष व मंत्री रामलीला भवन पर जबरन कब्जा करने की नीति के तहत पदलोलुप्ता से ग्रसित हैं। जिसके चलते उनको रामभक्तों के आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है।

इन पर वित्तीय अनियमितता की लिखित शिकायत मिलने के बाद प्रथम दृष्टया हेरा फेरी की आशंका स्पष्ट दिखती है, कमेटी के सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय में तत्काल प्रभाव से पूर्व अध्यक्ष गोपाल अग्रहरि व लम्बे समय से मंत्री पद पर कब्जा जमाये बैठे ज्ञान शंकर गुप्ता की सदस्यता निलंबित कर दी गयी है और मामले की आतंरिक जांच करा कानूनी कार्यवाही की जाएगी। कमेटी ने जिले के उच्च प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात कर सभी मामलों से उन्हें भी अवगत कराया गया है। उन्होंने गड़बड़ी करने वालों पर विधिक कार्यवाही का ठोस आश्वासन दिया। कहा कि इस वर्ष कमेटी पंचमी भरत मिलाप के लिये सार्वजनिक चंदा नहीं लेगी। कमेटी अपने सदस्यों के सहयोग से ही भव्य व आकर्षक भरत मिलाप उठाएगी।

इस दौरान नव निर्वाचित मंत्री अतिन गुप्ता, भोला नाथ पाण्डेय, अशुकांत चुनाहे, ज्ञान चंद गुप्ता, शैलेन्द्र अग्रहरि, राजेंद्र गुप्ता, भोलानाथ साहू, दीप चंद यादव, बृजेश गुप्ता, नयन जायसवाल, विनोद सेठ, शशिकांत बरनवाल, विनोद केशरवानी, पालू बरनवाल, रमेश केशरवानी, श्यामा प्रसाद जायसवाल, ओम प्रकाश अग्रहरि, अनिल यादव भी उपस्थित रहे।

## टेट की बाध्यता के विरोध में शिक्षकों का प्रदर्शन



जौनपुर। यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन बुधवार को जिला अध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट के आदेश जिसमें टेट को सभी शिक्षकों के लिए अनिवार्य बना दिया गया है पर आपत्ति जताते हुए शिक्षकों ने मांग की कि 23 अगस्त के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टेट उत्तीर्ण करने की बाध्यता से मुक्त रखा जाए। ज्ञापन में कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश से देशभर के लगभग 30 लाख शिक्षक और उनके परिवार संकट में आ गए हैं। आदेश के मुताबिक यदि आगामी दो वर्षों में शिक्षक टेट उत्तीर्ण नहीं कर पाते हैं तो उनकी सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगी। इससे उन शिक्षकों पर सीधा प्रहार होगा जिन्होंने 20-25 वर्ष तक शिक्षा जगत को समर्पित कर दिया है। शिक्षकों ने कहा कि शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 23(1) और 23(2) तथा आरटीई संशोधन अधिनियम 2017 के अनुसार 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टेट की कोई अनिवार्यता नहीं थी। यहां तक कि एनसीटीई की अधिसूचना में भी स्पष्ट उल्लेख है कि उस तिथि से पूर्व के शिक्षक टेट से मुक्त हैं। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का आदेश शिक्षकों के हितों के प्रतिकूल है। जिलाधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि ज्ञापन प्रधानमंत्री तक पहुंचा दिया जाएगा और उनकी पीड़ा उच्च स्तर पर रखी जाएगी। चंद्रेश यादव, जिला लक्ष्मी नारायण तिवारी, डॉ. आशीष सिंह, संयुक्त मंत्री प्रदीप कुमार सिंह, निशा मिश्रा सहित तमा शिक्षक मौजूद रहे।

## व्हीलचेयर क्रिकेट योद्धा कप में मीरजापुर के तीन दिव्यांग खिलाड़ियों का चयन

मीरजापुर। ताज विकलांग सेवा समिति की बैठक कैंप कार्यालय अनगढ़ पर हुई? । बैठक में समिति के तीन दिव्यांग खिलाड़ियों के चयन पर हर्ष जताया गया? । समिति के जिलाध्यक्ष गोलू अली तथा समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा कोच अख्तर अली व चयनित दिव्यांग खिलाड़ी को मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए 28 सितंबर 2025 को पुंदुचेरी में होने वाले व्हीलचेयर क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के बैनर तले व्हीलचेयर क्रिकेट योद्धा कप 2025 में ताज विकलांग सेवा समिति मीरजापुर के तीन दिव्यांग खिलाड़ी विजयभान, अरविंद कुमार विश्वकर्मा, राहुल बिन्द के चयन पर दिव्यांग जनों हर्ष जताया गया। दिव्यांग कोच अख्तर अली के प्रशिक्षण से दिव्यांग खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा रहा। कोच द्वारा इन दिव्यांगों को सुविधा विहीन होने के बावजूद अपने दायित्व का निर्वहन ईमानदारी से प्रशिक्षित किया साथ ही साथ समिति के माध्यम से शासन-प्रशासन से सुविधा का कई बार गुहार लगाया गया, किंतु कोई भी मदद इन होनहार दिव्यांग खिलाड़ियों को नहीं मिला फिर भी इन दिव्यांग खिलाड़ियों ने हार नहीं मानी अपने खेल को प्रोत्साहित करते हुए आगे बढ़ते रहे। परिणामस्वरूप राष्ट्रीय स्तर में व्हीलचेयर क्रिकेट खेलने का मौका मिला। बैठक में कैलाशनाथ श्रीवास्तव, अनुज बिंद, इमरान अली, अख्तर अली, विजय भान, गोपी प्रजापति, अशोक कुमार, रवि प्रजापति, मनोज बच्चे लाल आदि लोग उपस्थित रहे।

## मुठभेड़ में बदमाश को लगी गोली, गिरफ्तार

जौनपुर। अपराधियों के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत थाना जलालपुर की पुलिस और एसओजी/स्वाट टीम को बीती रात कुख्यात अपराधी अखिलेश यादव उर्फ नेता पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हो गया और मौके पर ही दबोच लिया गया। उसके कब्जे से तमंचा, कारतूस बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार प्रभारी निरीक्षक जलालपुर गजानन्द चैबे हमराह टीम के साथ त्रिलोचन बाजार पुलिस बूथ पर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एसओजी प्रभारी उपनिरीक्षक प्रवीण यादव भी टीम के साथ पहुंचे। तभी मुखबिर ने सूचना दी कि अखिलेश यादव उर्फ नेता, जो हाल की एक पुलिस मुठभेड़ में फरार हो गया था, ककोरी-खालिसपुर की तरफ से नहर रोड होते हुए हाईवे की ओर जा रहा है और बनारस भागने की फिराक में है।सूचना पर दोनों पुलिस टीमें तुरंत घेराबंदी कर हाईवे किनारे झाड़ियों में छिप गईं। कुछ ही देर बाद संदिग्ध युवक पैदल आता दिखाई दिया। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो वह पीछे मुड़कर भागने लगा और खुद को घिरा देखकर पुलिस पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी।पुलिस ने आत्मसमर्पण के लिए बार-बार कहा, लेकिन वह मानने के बजाय पुलिस को निशाना बनाकर गोलियां चलाने लगा। आत्मरक्षार्थ पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें अखिलेश यादव उर्फ नेता को गोली लगी और वह मौके पर घायल हो गया। उसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।गिरफ्तार बदमाश अखिलेश यादव उर्फ नेता पुत्र स्व. देवचन्द यादव निवासी कुसरना महादेवा थाना केराकत, जनपद जौनपुर का आपराधिक इतिहास बेहद लंबा है। उसके खिलाफ हत्या का प्रयास, लूट, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट, धोखाधड़ी, रंगदारी और आबकारी अधिनियम सहित करीब 17 से अधिक मुकदमे जौनपुर और आजमगढ़ के विभिन्न थानों में दर्ज हैं।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार वाहन को दिखाई हरी झण्डी

आजमगढ़। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दीवानी न्यायालय, आजमगढ़ व समस्त तहसील मुख्यालय पर 13 सितम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। इसके प्रचार-प्रसार के लिए बुधवार को जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आजमगढ़ जय प्रकाश पाण्डेय ने प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर जनपद यायालय परिसर से गेट नं0-03 से रवाना किया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश जय प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशा-निर्देशन में जनपद आजमगढ़ में आयोजित होने वाली लोक अदालत के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए यह प्रचार वाहन आम जन मानस के बीच लोक अदालत से निस्तारित होने वाले मामलों के बारे में लोगों को जागरूक करेगा। इस लोक अदालत में मोटर दुर्घटना से सम्बन्धित वाद, दीवानी वाद, वैवाहिक वाद, आपराधिक शमनीय वाद, एन०आई० एक्ट, विद्युत अधिनियम, बैंक के ऋण सम्बन्धी वाद, राजस्व वाद, चकबन्दी वाद तथा वे समस्त वाद जो सुलह समझौता के माध्यम से निस्तारित किये जा सकते है, को जरिये सुलह समझौता निस्तारित कराया जायेगा। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आजमगढ़ अंकित वर्मा द्वारा बताया गया कि लोक अदालत में निस्तारित होने वाले वादों के विरूद्ध अपील नहीं होती है तथा लोक अदालत में किसी पक्ष की हार व जीत नहीं होती है। प्रचार वाहन जनपद न्यायालय से होते हुए कलेक्ट्रेट, तहसील सदर, विकास भवन, नगर पालिका, बस स्टैण्ड इत्यादि स्थानों से होकर आम जन मानस को जागरूक करेगा।

## गुमटी में हो रही खून की जांच

दुद्धी, सोनभद्र। दुद्धी कस्बे एवं आसपास के क्षेत्रों में अवैध अस्पतालों एवं झोलाछाप डॉक्टरों पर लगातार छापेमारी के बाद भी क्षेत्रों में मरीजों के शोषण का खेल जारी हैं। कोई भी डॉक्टर जांच रिपोर्ट के आधार पर ही दवा इलाज करते हैं लेकिन दुद्धी कस्बे में खुले अल्ट्रासाउंड एवं पैथोलॉजी सेंटरों पर विशेषज्ञ नहीं होने के कारण उनके रिपोर्ट को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

सूत्रों की मानें तो एक व्यक्ति द्वारा दुद्धी स्थित कई जाँच केंद्रों से हीमोग्लोबिन की जांच करायी तो जांच केंद्रों द्वारा अलग -अलग रिपोर्ट दी गई जिसको लेकर वह आशंकित रहा और सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर हीमोग्लोबिन रिपोर्ट में इतना अंतर कैसे हों सकता हैं कि किसी ने लगभग 8 यूनिट तो किसी 6 यूनिट तो किसी ने 7 यूनिट तो किसी 5 यूनिट तक ब्लड होने की रिपोर्ट दे दी, बाद उक्त मरीज जब जिला मुख्यालय पर जांच करवाया तो पता चला कि उनका ब्लड 10 यूनिट हैं। इसी तरह दुद्धी कस्बे के म्योरपुर रोड स्थित अल्ट्रासाउंड सेंटर, राबर्ट्सगंज रोड स्थित अल्ट्रासाउंड सेंटर, विंढमगंज रोड स्थित अल्ट्रासाउंड के आलावा दुद्धी कस्बे में खुले तमाम एक्सरे एवं खून जाँच लैब मनमानी तरीके से उल्टा -सीधा रिपोर्ट देकर मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं फिर भी स्थानीय स्वास्थ महकमा अनजान बना हुआ हैं।





बताया जाता है कि कुछ डायग्नोस्टिक सेंटर पंजीकृत है लेकिन उनके यहां कोई टेक्निशियन नहीं केवल अनुभव के आधार पर ही जांच करके संबंधित डॉक्टर के लिए रिपोर्ट बना देते है। रिपोर्ट देख डॉक्टर खुद कन्फ्यूज हो जाते है कि मरीज की सिम्टम कुछ और रिपोर्ट का पैरामीटर कुछ और है। इस स्थिति में डॉक्टर अपने अनुभव के आधार पर मरीज का इलाज करते है।यहां तक कि सरकारी अस्पताल के इर्द -गिर्द गुमटी में भी कई पैथोलॉजी सेंटर धड़ल्ले से संचालित हों रहे हैं जिसको लेकर सीएचसी अधीक्षक पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी से दुद्धी कस्बे में संचालित होने वाले अल्ट्रासाउंड एवं पैथोलॉजी सेंटरों की जाँच की मांग की हैं।

# पुलिस से भाजपा, सामाजिक कार्यकर्ताओं को बचाइए योगी जी

आजमगढ़। योगी राज में भाजपाजनों पर हो रहे हमले और उस पर पुलिसिया कार्यवाही में बरती जा रही लापरवाही का आक्रोश समय-समय पर सोशल मीडिया पर तो दिख ही रहा था, बुधवार को यह आक्रोश डीएम कार्यालय के बाहर एक बार फिर देखने को मिला।

इस दौरान आजमगढ़ पुलिस से भाजपा और सामाजिक कार्यकर्ताओं को बचाईए योगी जी..., आजमगढ़ पुलिस अपराधियों की मित्र...., आमजन की सुरक्षा करो आजमगढ़ पुलिस....जैसे गगनचुम्बी नारों से पुलिस विभाग की पोल खोलते हुए जिला प्रशासन को जगाने का प्रयास किया गया। पूरा मामला भाजपा जिलामंत्री महेंद्र मौर्य का है। जिनके साथ बीते 28 अगस्त 2025 की रात्रि में सिधारी थानाक्षेत्र में स्थित बौरहवा बाबा मंदिर से घर जाते समय उनके ऊपर घात लगाये अपराधियों द्वारा प्राणघातक हमला किया गया। उन्होंने डायल 112 कर पुलिस को सूचना दी और अगले दिन 12 बजे थाना सिधारी पर तहरीर भी दिया था।भाजपा नेता महेंद्र मौर्य का आरोप है कि तहरीर के आधार मुकदमा लिखने में पहले तो थाना पुलिस ने



तहरीर बदलने का दबाव बनाया फिर टाल-मटोल करते हुए चार दिन तक न्याय से वंचित रख अपराधियों के हौसले को और बुलंद कर दिया गया। डीआईजी को थाना पुलिस की हरकतों का संज्ञान दिलाने के बाद पांचवें दिन मुकदमा दर्ज किया गया लेकिन अपराधियों को संरक्षण देने वाले सिधारी एसओ ने मामूली धाराओ में मुकदमा पंजीकृत कर इतिश्री कर लिया। भाजपा नेता महेंद्र मौर्य ने सिधारी थाने की इन कारस्तानियों को अपराधियों का बचाने का प्रयास करार देते हुए खाकी पर सवाल उठा रहे है।

इसी विषय को लेकर उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, सीएम योगी आदित्यनाथ व डीजीपी को संबोधित शिकायती पत्र जिला प्रशासन को देने पहुंचे थे तो भाजपा कार्यकताओं के सम्मान में बहुत से भाजपा कार्यकर्ता और उनके समर्थकों जुट गये और न्याय दिलाने के लिए आवाज बुलंद की। भाजपा महेंद्र मौर्य ने यह भी कहाकि पूरी जिन्दगी भाजपा का सेवक रहा हूं लेकिन आज अपने ही सरकार के पुलिस अधिकारियों के उत्पीड़न का शिकार हो चुका है।, उन्होंन यह भी कहाकि अगर मेरी हत्या होती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। श्री मौर्य ने कहाकि जब पुलिस का रवैया उनके साथ ऐसा है तो आमजनता के साथ इनका व्यवहार कैसा होगा, इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने पूरे प्रकरण की जांच आधुनिक टेक्निक से कराए जाने के साथ मामले की जांच/विवेचक निष्पक्ष कराने की मांग की ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सकें। इस दौरान उन्होंने हाल ही में हुए अन्य मामलो में भी पुलिस द्वारा की गई लीपापोती का भी जिक्र कर व्यवस्था को कठघरे में खड़ा किया।

भाजपा नेता पूर्व जिला महामंत्री ब्रजेश यादव ने कहाकि महेंद्र मौर्य, समाज की लड़ाई लडते है, प्रशासन उन्हें सुरक्षा मुहैया कराए और अतिशीघ्र निष्पक्ष जांच कराते हुए न्याय दिलाए साथ ही साथ पूरे जनपद में किसी भी थाने पर अगर कोई पीड़ित तहरीर लेकर पहुचे तो उसकी शिकायत अक्षरशः दर्ज की जाए।उन्होंने सवाल उठाया कि आखिरकार किसके दबाव में कोई कार्यवाही नहीं की जा रही, विलंब से मुकदमा दर्ज होने से अपराधियो के हौसले बुलंद हो रहे है, प्रशासन न्याय के लिए किसके आदेश का इंतजार कर रही। ज्ञापन सौंपने वालों में भाजपा नेता ब्रजेश यादव, विनोद उपाध्याय, अमित सिंह, शशिकांत वर्मा, पवन कुमार मौर्य, प्रशांत मौर्य, सर्वेश मौर्या, देवनरायन मौर्या, चन्दू मौर्य, संतोष मौर्य,उत्कर्ष सिंह,विजेंद्र कुमार मौर्य, कृष्णा मौर्य सहित भारी संख्या में भाजपाजन व समर्थक शामिल रहे।

# साइबर ठग पर पुलिस मेहरबान, शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

मीरजापुर। साइबर ठगी को लेकर नए-नए हथकंडे अपनाए जा रहे हैं तो वहीं नित्य नए-नए मामले सामने आते रहते हैं। इससे सुरक्षित रहने के लिए डिजिटलझमीडिया और अन्य प्लेटफार्म के द्वारा ठगो से बचने की हिदायत भी दी जाती है। बावजूद इसके ठगों के छलावे में आकर लोग बहक जाते हैं।

मिजार्पुर जिले से हुए तकरीबन 200 करोड़ रुपए की साइबर ठगी की जिसमें शिकायत के बाद भी ठगों पर ठोस कार्रवाई के बजाए इलाकाई पुलिस मेहरबान बनी हुई है। अकेले मीरजापुर जिले में ही सैकड़ों की संख्या में लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी की गई है। यहां ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म के ठगों के द्वारा सतर्क होते ही रफू चक्कर हो गए। बताया जा रहा है कि एम.एम कंपनी के ऑनलाइन वेबसाइट बनाकर 1 लगाओ 100 कमाओ का लालच देकर लोगों से पैसा इन्वेस्ट करने के लिए मिजार्पुर में एम.एम. कंपनी ने यहां के स्थानीय कई लोगों को कर्मचारी के रूप में बकायदे नियुक्त किया था, जिसका आई कार्ड, उनकी नियुक्ति का प्रमाण पत्र उन्हें दिया गया था। जिसे शिकायतकर्ता के द्वारा प्रमाणित रूप से थाने में दिया गया है। बावजूद इसके कार्रवाई के नाम पर अभी तक नतीजा सिफर है। एक शिकायतकर्ता ने बताया कि मिजार्पुर में एम.एम. कंपनी के नाम से एक ऑनलाइन वेबसाइट लॉन्च की गई, जिसका नारा था 1 लगाओ, 100 कमाओ। इसी लालच में हजारों लोगों ने दांव लगा दिया और फंस गए झांसे में। बताया जाता है कि कंपनी में स्थानीय कर्मचारियों को दिल्ली से ट्रेनिंग देकर बाकायदा आईडी कार्ड जारी किए गए और लोगों को यह विश्वास दिलाया गया कि यह अर्ध-सरकारी संस्था है, जो आरबीआई और जीएसटी के दिशा-निर्देशों के मुताबिक काम करती है। पीड़ित लोगों द्वारा बताया गया कि उनका जो भी पैसा आता था वह जीएसटी काटकर ही मिलता था। ऐसे में किसी को लुटने का तनिक भी आभास होने नहीं पाया था। फ्रॉड कम्पनी द्वारा स्थानीय लोगों को फ्रंटलाइन पर रखा गया, ताकि वह लोगों का भरोसा मजबूत कर सके और लंबा इन्वेस्ट करा सकेंगे। इस तरह से हजारों निवेशकों से धीरे-धीरे लगभग 200 करोड़ रुपये इन्वेस्ट कराकर कमाने का लालच दिया गया और जैसे ही ठगी का भंडाफोड़ होने लगा, तो कंपनी के संचालक ने एक बड़ा ऑफर देकर लोगों से बड़ा पेमेंट निवेश कराते हुए सुनिश्चित समय में रफू चक्कर हो गए। शिकायतकर्ता की मानें तो पुलिस को पहले से ही इस ऑनलाइन फिक्स्ड डिपॉजिट ठगी की जानकारी थी, लेकिन तत्काल कार्रवाई नहीं किया गया। बताया जा रहा है कि 9 जुलाई को कटरा कोतवाली प्रभारी अजीत सिंह एक आदेश पर कांस्टेबल मनोज यादव व अन्य सिपाहियों के द्वारा आरोपी राजू अग्रहरि उर्फ मनोज अग्रहरि को कोतवाली में बैठाया गया था, जहां ऑनलाइन गेम को संचालित करने वाले वेबसाइट को संचालित मोबाइल पुलिस ने जब्त किया था, मगर आरोपी को आश्चर्यजनक रूप से उसे मुचलके पर छोड़ दिया गया। वही सूत्रों की मानें तो साइबर क्राइम की जानकारी कटरा कोतवाली पुलिस को साइबर क्राइम शाखा के एक कांस्टेबल ने जांच कर के इस नेटवर्क की पूरी जानकारी दी थी, तो फिर भी पुलिस ने मुख्य आरोपियों को पकड़ने की बजाय सिर्फ एक आरोपी रूपेश खत्री को ही गिरफ़्तार किया। जिस पर आरोप है कि मिजार्पुर में वेबसाइट लॉन्च कराने में इसकी सीधी भूमिका थी। और अन्य आरोपियों को खुलेआम छोड़ दिया गया है।

### पुलिस आश्वासन दे रही है आरोपी खुलेआम घूम रहे: आलोक

कटरा कोतवाली के भैंसैया टोला निवासी आलोक श्रीवास्तव उर्फ बच्चा ने पुलिस को इस मामले में लिखित तहरीर दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि 3 जुलाई 2025 से 20 जुलाई 2025 के बीच मनोज अग्रहरि और रिंकू यादव निवेशकों को भरोसा दिलाने और गारंटी देने वालों ने उन्हें यह कहकर ?3,50,000 निवेश करने पर भरोसा दिलाया कि कंपनी सरकारी गाइडलाइन के अनुसार काम कर रही है और मोटा मुनाफा देगी। पैसा डूबेगा नहीं, उसकी जिम्मेदारी हमारी है, लेकिन अचानक कम्पनी का ऐप बंद हो गया और इसके बारे में जब इन लोगों से बात की गई तो अंश अग्रहरि और भाई साहिल अग्रहरि पुत्र मनोज अग्रहरि उर्फ राजू पावरोटी वाले व रिंकू यादव ने बताया कि एप में अभी कुछ टेक्निकल इश्यूज चल रहे हैं जिसे लेकर आईटी सेक्टर में वर्क चल रहा है जल्द ही एक दो दिन में ऐप सही हो जाएगा तो सभी निवेशकों का समय पर पैसा दे दिया जाएगा, लेकिन समय बीतता चला गया जब इन लोगों से पैसे की वापसी मांगी, तो उन्हें टाल-मटोल और पैसा न देने की धमकी दी, । पीड़ित आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि तमाम लोगों से यह एक योजनाबद्ध तरीके से ठगी और अपराध किया गया है। पीड़ित का कहना है कि उच्च स्तरीय जांच कर इस मामले में जल्द से जल्द कार्यवाही कर पीड़ितों का पैसा दिलवाया जाए, और आरोपियों अपराधियों को पड़कर सख्त सजा दिया जाए। जिससे आगे भविष्य में किसी भी प्रकार की लोगों से कोई भी ठगी करने का साहस न कर सके।

संक्षेप

## चर्चित मड़ावरा सीएचसी अधीक्षक डा.अविनाश कुमार हटाये गये

**ललितपुर।** मड़ावरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा अधीक्षक डा.अविनाश कुमार को पद से हटा दिया गया है। उनकी जगह अब डा.अवधेश चंद्र यादव को नया चिकित्सा अधीक्षक नियुक्त किया गया है। डा. कुमार पर आशा कार्यकर्ताओं और संगिनी बहुओं ने मनमानी और अवैध वसूली के आरोप लगाए थे। इन आरोपों के विरोध में उन्होंने सीएचसी केन्द्र के सामने प्रदर्शन भी किया था। बाल पोषण पुनर्वास केन्द्र की आहार विशेषज्ञ ने भी डा.कुमार पर एनआरसी में भ्रष्टाचार और शोषण के आरोप लगाए थे। एक सुरक्षा गार्ड से भी अधीक्षक पर तीमारदार को पिटवाने का आरोप लगा था।

जिलाधिकारी अमनदीप डुली के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.इम्तियाज खान ने कार्रवाई करते हुए डा. अविनाश कुमार को पद से हटाकर जखौरा ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्साधिकारी के पद पर स्थानांतरित कर दिया है।

# पुलिस मुठभेड़ में तीन पशु तस्कर गिरफ्तार

जिला संवाददाता



**कुशीनगर।** जिले के पटहेरवा थाना क्षेत्र में पुलिस और पशु तस्करों के बीच हुए मुठभेड़ में तीन पशु तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र में तस्करों के होने की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीमों का गठन किया गया, जिसमें पटहेरवा, कसया, रामकोला, खड्डा, तरयासुजान, तमकुहीराज थाना व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना पटहेरवा क्षेत्रान्तर्गत पटहेरिया समऊर रोड स्थित बलुआ शमशेर शाही के समीप घेराबंदी कर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान एक कन्टेनर वाहन आते दिखाई दिया, जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो वाहन पर सवार व्यक्तियों द्वारा लक्ष्य साधकर पुलिस टीम पर जान मारने की नियत से फायर किया गया। जवाबी प्रतिक्षा में पुलिस टीम द्वारा फायरिंग की गयी, तो कन्टेनर चालक सहित तीन गोतस्कर गन्ने के खेत में फरार हो गये तथा गन्ने की आड़ से पुलिस टीम पर फायरिंग करने लगे कि काम्बिंग के दौरान तीनों गोतस्कर पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गये, जिनकी पहचान जब्बार पुत्र शरीफ लौहार निवासी भवन थाना शमशाबाद जिला आगरा, फैजान पुत्र बाबू कुरैशी निवासी घेर मर्दान खाँ थाना कोतवाली जनपद रामपुर व नईम पुत्र रईस अहमद बंजारा निवासी काशीपुर थाना गंज जनपद रामपुर के रुप में हुई। मौके से 26 राशि गौवंश, एक अदद कन्टेनर वाहन, 03 अवैध तमन्चा .315 बोर मय 06 जिन्दा कारतूस, 06 अदद खोखा कारतूस, एक लकडी का ठीहा, एक अदद बांका, एक एंड्राएड फोन, 2000 रुपया नगद आदि बरामद किया गया है। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त को दवा ईलाज हेतु पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल भेजा गया है। गिरफ्तारी के आधार पर सुसंगत धाराओं अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

● **एक कंटेनर वाहन से वध हेतु तस्करी कर बिहार राज्य ले जायी जा रही 26 गौवंश बरामद**

## आईटीआई में अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन 16 को

**अयोध्या।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अयोध्या में 16 सितम्बर को प्रातः 10:00 से अप्रेंटिसशिप/रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमे धूत वायरिंग सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड औरंगाबाद महाराष्ट्र, त्रिभवन इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड अयोध्या यश पेपर मिल अयोध्या आदि कम्पनियाँ) प्रतिभाग कर रही है।

कम्पनियो को आई० टी० आई० पास प्रशिक्षार्थियों की आवश्यकता है उक्त कंपनी साक्षात्कार द्वारा अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण के लिये अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। इच्छुक अभ्यर्थी 16 सितम्बर को समयानुसार अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र एवं उनकी छायाप्रति साथ लेकर उपस्थित हो।

अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण हेतु जनपद की विभिन्न कम्पनियाँ विभिन्न व्यवसायों को शिशिक्षु प्रशिक्षण कराने हेतु प्रतिभाग कर रही है।

## अंतर्राज्यीय साइबर संगठित गिरोह का पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार



**कुशीनगर।** जिले की साइबर सेल एवं साइबर क्राइम थाना की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा साइबर गिरोह के पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। संयुक्त टीम द्वारा गिरफ्तार किए गए साइबर अपराधियों में सूर्या कुमार चौधरी पुत्र देव नन्दन चौधरी पता रहमतपुरवासा थाना असरगंज जनपद मुंगेर राज्य बिहार, संजू कुमार चौधरी पुत्र मिश्री चौधरी पता गोलाघाट थाना तेतारपुर जनपद भागलपुर बिहार, कलाम हुसैन पुत्र रहमतुल्लाह अंसारी पता कुशमहाँ सूरजपट्टी थाना रामकोला जनपद कुशीनगर, मोहम्मद हुसैन पुत्र नबी उल्ला अंसारी पता वार्ड न0 09 उत्तर मोहल्ला बीसीएफ चौराहा थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर व अभिषेक गुप्ता पुत्र राजेश गुप्ता निवासी परतावल बाजार थाना श्यामदेउरवा जनपद महराजगंज शामिल है। पुलिस ने उनके कब्जे से साइबर फ्राड से अर्जित 1 लाख 05 सौ रुपये नगद, 19 अदद एन्ड्राइड स्मार्ट फोन भिन्न-भिन्न कंपनीयों, 02 अदद लैपटाप व 14 अदद सिम कार्ड व 13 फर्जी/कूटरचित आधार कार्ड तथा अपराध में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल की बरामदगी की गयी है। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर पंजीकृत अभियोग में सुसंगत धाराओं की बढोत्तरी कर अग्रिम विधिक कार्यवाही में जुटी हुई है।

## महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**देवरिया।** मिशन शक्ति झ बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग द्वारा ग्राम पंचायत कुसमौनी, बैकुठपुर (देवरिया) में किशोरियों एवं महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण और सशक्तिकरण हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंशा सिंह (जेंडर स्पेशलिस्ट, हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमन, देवरिया) ने थीम का मुख्य उद्देश्य बताते हुए कहा कि महिलाओं को समय रहते स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना और आम स्वास्थ्य समस्याओं की रोकथाम अत्यंत आवश्यक है। विशेष रूप से किशोरियों एवं महिलाओं में एनीमिया की रोकथाम पर जोर दिया गया। इस दौरान विशेषज्ञों ने एनीमिया के लक्षण, उसके दुष्प्रभाव तथा आयरन युक्त संतुलित आहार के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। मीनू जायसवाल (मनोवैज्ञानिक, वन स्टॉप सेंटर, देवरिया) ने महिलाओं को प्रभावित करने वाले रोगों, विशेषकर सर्वाइकल कैंसर और स्तन कैंसर के बारे में जानकारी दी। उन्होंने रोगों की रोकथाम, प्रारंभिक पहचान और समय पर उपचार की महत्ता पर विशेष बल दिया तथा उपस्थित महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच और स्क्रीनिंग करवाने के लिए प्रेरित किया। जागरूकता सत्रों के माध्यम से किशोरियों और महिलाओं में स्वास्थ्य संबंधी समझ बढ़ाई गई तथा उन्हें स्वस्थ और सशक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया।

## एक दिवसीय रोजगार मेला कल

**देवरिया।** भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथा रोजगारिता में वृद्धि के उद्देश्य से राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड एवं जिला सेवायोजन कार्यालय देवरिया के संयुक्त तत्वावधान में 12 सितम्बर को एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। यह मेला पूर्वान्ह 10 बजे से राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड, कौशल चन्द्र टावर (रिलायंस स्मार्ट प्वाइंट के ऊपर), सीसी रोड, देवरिया के प्रांगण में सम्पन्न होगा। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियाँ श्रीराम फाइनेंस एवं उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक तथा सरकारी क्षेत्र की उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, देवरिया डिपो प्रतिभाग करेंगी। इन कंपनियों एवं संस्थानों द्वारा छात्र-छात्राओं तथा रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क है।

# आत्महत्या का विचार स्वयं से युद्ध करने के समानः प्रो. विनोद मोहन मिश्रा



**कुशीनगर।** बुद्ध पीजी कॉलेज, कुशीनगर के मनोविज्ञान विभाग द्वारा बुधवार सुबह 10 सितंबर 2025 को ₹विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस₹ की थीम₹ चेंजिंग द नैरेटिव ऑन सुसाइड ₹ विषय पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में मनोविज्ञान के विद्यार्थियों ने पोस्टर बनाए, प्रदर्शित करते हुए बढ़ते आत्म हत्याओं के रोकथाम पर चर्चा की और इस विषय पर जागरूकता को लेकर सामूहिक प्रयास पर जोर दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विनोद मोहन मिश्र ने कहा कि आत्महत्या का विचार स्वयं से युद्ध करने के समान है। इस युद्ध में हम स्वयं से जीतते और हारते हैं। जीत हमें आगे बढाती है, हार ही आत्म हत्या का कारण बनती है। मुख्य अतिथि महाविद्यालय की सेवानिवृत प्रो. उर्मिला यादव ने कहा कि आज के आधुनिक दौर में मानसिक स्वास्थ्य पर मीडिया का बहुत ही गहरा नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है, जिससे कि आत्महत्या की भावना हर आयु वर्ग में देखी जा सकती है। विभागाध्यक्ष प्रो. राम भूषण मिश्र ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य जागरूकता फैलाना, रोकथाम के तरीकों को अपनाना, आत्महत्या विचार से ग्रसित व्यक्ति में आशा की किरण जगाना है। प्रो. सीमा त्रिपाठी ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार ज्ञापित किया। इस दौरान डॉ. रीना मालवीय, डॉ. वीरेंद्र कुमार साहू एवं डॉ. विशेषता मिश्र उपस्थित रहे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अंजली कुशवाहा प्रथम, मुनज्जह समीम खान द्वितीय एवं शशि सिंह तृतीय स्थान प्राप्त किए एवं अंशिका राव, मानसी सिंह, आलिया खान, निधि पांडेय, श्रेया त्रिपाठी, शालू मद्धेशिया को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। विजेताओं को प्राचार्य प्रो. मिश्रा एवं उर्मिला यादव ने पुरस्कृत किया। एमए तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी अमरेन्द्र कुमार तिवारी, शमसुद्दीन अंसारी तथा शैलेश कुमार साहनी का कार्यक्रम में सक्रिय रूप से योगदान रहा।

# देश मजबूत व निर्णायक नेतृत्व के कारण सुरक्षित व स्थिरः संजय राय

जिल संवाददाता

**अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर से लेकर गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक सेवा पखवारा मनाएगी। इसी की तैयारी को लेकर महानगर तथा जिला इकाई की कार्यशाला सर्किट हाउस में आयोजित की गई। सेवा पखवारा के तहत समाज सेवा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 17 सितम्बर को जिले स्तर पर रक्तदान शिविर तथा बूथ स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 17 से 24 सितम्बर तक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा। 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

18 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक रक्तदान शिविर का दूसरा चरण चलेगा। 19 और 20 सितम्बर को प्रबुद्ध संवाद व पीएम के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन होगा।

इसके साथ ही नमो मैराथन, आत्मनिर्भर भारत तथा स्वदेशी विषय पर गोष्ठी, प्रदर्शनी और विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। गांधी जयंती पर वृहद स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। कार्यशाला में प्रदेश महामंत्री व अवध क्षेत्र प्रभारी संजय राय ने कहा कि ह्लप्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस से गांधी जयंती तक सेवा पखवारा मनाकर हम समाज सेवा को जनआंदोलन का स्वरूप देंगे। प्रत्येक कार्यकर्ता को इसमें सक्रिय भागीदारी निभानी होगी। आज नेपाल में हो रही घटनाओं के बीच यह स्पष्ट है कि भारत एक मजबूत और निर्णायक नेतृत्व के कारण सुरक्षित व स्थिर है। मोदी जी के नेतृत्व में देश हर परिस्थिति का मजबूती से सामना कर रहा है।

जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि सेवा ही संगठन का मूल मंत्र है। सेवा पखवारा के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ता समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचेंगे। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि ह्लसेवा पखवारा प्रधानमंत्री मोदी के जीवन मूल्यों से प्रेरित है। शहर में हर बूथ पर स्वच्छता, स्वास्थ्य और सेवा कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

कार्यशाला में पूर्व सांसद लल्लू सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रामचंद्र यादव, चन्द्रभानु पासवान, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, डा. बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, अवधेश पांडे बादल, ओमप्रकाश सिंह, अभिषेक मिश्रा, राघवेंद्र पांडे, शैलेंद्र कोरी, अशोक कसौधन, परमानंद मिश्रा कप्तान सिंह, दिनेश वर्मा, पवन सिंह सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एंटी करप्शन टीम ने अनुचर को रंगे हाथ पकड़ा

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय नगर पंचायत के 116नम्बर रेलवे ढाला के पास एक अनुचर को 25 हजार रुपये घुस लेते हुए रंगे हाथ पकड कर थाने ले गये।

बताया गया है कि ब्लाक संशाधन के भटनी मे अनुचर के पद पर कार्य कर रहे प्रदीप मिश्र के विरुद्ध जी पी एस स्कूल के प्रबन्धक ने एक शिकायत ऐन्टी करेप्शन विभाग गोरखपुर से किया था ।शिकायत पर ऐन्टी करेप्शन टीम के एक दर्जन अधिकारी व कर्मचारियों के साथ एक महिला भी थी ।पूर्व निर्धारित स्थान 116नम्बर रेलवे ढाले के पास स्थित एक चाय की दूकान पर जैसे ही प्रबन्धक ने रुपया दिया ।उसी समय टीम के सदस्यों ने अनुचर प्रदीप मिश्र को पकड लिया ।पकडने के बाद नोट को हाथ पर रखने पर नोट पर लगाये गये केमिकल से हाथ लाल हो गया ।भटनी थाने लाकर टीम प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्यवाही मे लगी हुई है

# कारीकोट को मिला अंतर्राष्ट्रीय सम्मान, पर्यटन का मॉडल गांव बना उत्तर प्रदेश का गौरव

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश पर्यटन के ग्रामीण पर्यटन अभियान के अंतर्गत विकसित हो रहा विजिट कारीकोटअभियान अब अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बना रहा है। कारीकोट गाँव को वर्ष 2025 के लिए प्रतिष्ठित आईसीआरटी इण्डिया सबकान्टिनेंट अवाड्र्स 2025 अन्तर्गत पीस एण्ड अंडरस्टैंडिंग (शांति एवं आपसी समझ) श्रेणी में सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार आगामी 13 सितम्बर, 2025 को बी.एल.टी.एम. द्वारिका, नई दिल्ली में आयोजित समारोह में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र एवं ग्राम प्रधान तथा ग्राम पंचायत सचिव को प्रदान किया जाएगा।

भारत-नेपाल सीमा तथा कतर्नियाघाट वन्यजीव अभ्यारण के समीप स्थित कारीकोट ग्राम ने सामुदायिक नेतृत्व के माध्यम से पर्यटन को शांति, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक विविधता और पर्यावरणीय संतुलन का साधन बनाया है। यहाँ थारू समुदाय, हिन्दू, सिख और मुस्लिम परिवार मिलकर ग्रामीण पर्यटन को समावेशी और सतत रूप दे रहे हैं ।ग्राम कारीकोट को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए ग्रामीण होमस्टे व फार्मस्टे को बढ़ावा देकर महिलाओं व युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना। वन्यजीव पर्यटन व बॉर्डर टूरिज्म के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षित कर आजीविका और जागरूकता के अवसर तथा प्राकृतिक खेती और लोक उत्सवों से गाँव की पारंपरिक जीवनशैली के संरक्षण जैसी शुरूआती पहल से न केवल ग्रामीण आजीविका को नया आयाम दिया है बल्कि कारीकोट को भारत में सामुदायिक आधारित पर्यटन का आदर्श मॉडल बना दिया है।

कारीकोट के पूर्व प्रधान एवं ग्राम सुधारक केशव राम का कहना है कि ह्लहम कॅरिकोट को एक समावेशी और सतत ग्रामीण गंतव्य बनाएँगे, जहाँ ग्रामीण होमस्टे, वन्यजीव पर्यटन, सीमा पर्यटन, प्राकृतिक खेती व फार्मस्टे को बढ़ावा दिया जाएगा। थारू जीवनशैली का उत्सव मनाया जाएगा और हिन्दू, थारू, सिख तथा मुस्लिम समुदायों का सहअस्तित्व एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करेगा ।ह्व वहीं विजिट कारीकोट अभियान के परियोजना क्यूरेटर अनन्त प्रसाद का कहना है कि ह्लकारीकोट उत्तर प्रदेश पर्यटन के विशाल ग्रामीण पर्यटन अभियान का ध्वजवाहक बनने जा रहा है और सामुदायिक आधारित पर्यटन का एक आदर्श मॉडल सम्पूर्ण भारत के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा ।उत्तर प्रदेश की सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीण पर्यटन को प्रदेश की नई पहचान बनाया जाए। सरकार का मानना है कि गाँव केवल कृषि और परंपराओं के केंद्र नहीं, बल्कि सांस्कृतिक धरोहर, प्राकृतिक सौंदर्य और सामाजिक समरसता के जीवंत प्रतीक हैं।

# टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षकों ने पीएम सीएम को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा

**देवरिया।** जिलाधिकारी कार्यालय पर उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश के प्रदेशीय के आह्वान पर प्रदेश के समस्त जनपद के जिलाधिकारी मुख्यालय पर उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ जनपद देवरिया के जिलाध्यक्ष श्री विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रधानमंत्री ,मुख्यमंत्री, को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकार को सौपा।

ज्ञापन में निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिज्ञा का अधिकार अधिनियम 2009 भारत सरकार तथा राज्य सरकारों द्वारा पूर्ण रूप से लागू होने के पूर्व कक्षा 1 से 8 के लिए नियुक्त होने वाले शिक्षकों के निर्धारित सेवा शर्तों के अनुसार अर्हता पूर्ण करने वाले अध्यापक की नियुक्ति होने के पश्चात टी०ई०टी० की पात्रता अनिवार्य किया गया है। इनपर टीईटी उत्तीर्ण करना आवश्यक नहीं करना चाहिये।




पांच सूत्रीय ज्ञापन में अनुरोध किया गया है कि पूर्व में उपरोक्त के सम्बन्ध में स्पष्ट निर्देश निर्गत क्त्रने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने की कृपा करें।

ज्ञापन में जिलाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ,जिला महामंत्री नंदलाल, मंडल अध्यक्ष अशोक सिंह ,मंडल महामंत्री अशरफ खान ,जिला कोषाध्यक्ष डॉ हेमंत शुक्ला, नरेंद्र सिंह वीरेंद्र मिश्रा ,महिमा प्रसाद ,मनोहर सिंह ,रामानंद यादव, बृजलाल ,विपिन, बृजेश राव, रणजीत मल, कृपा नारायण सिंह, नवनाथ मौर्य, अमरनाथ वर्मा,,कौशलेंद्र कुमार, राघवेंद्र शर्मा दिनेश कनौजिया दीपा गिरी मारकंडेय सिंह वीरेंद्र सिंह ,रघुवंश शर्मा ,कमलेश यादव, पुष्पेंद्र सिंह,सहित सैकड़ों अध्यापक उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सैथवार मल्ल स्वाभिमान मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन



**कुशीनगर।** राष्ट्रीय सैथवार मल्ल स्वाभिमान मोर्चा के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उत्कर्ष सिंह के हत्यारो को अविलंब गिरफ्तार करने और पचास लाख रुपए मुआवजे की मांग की गई ।बुधवार को जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे राष्ट्रीय सैथवार मल्ल स्वाभिमान मोर्चा के पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष उपेंद्र प्रताप सिंह मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। सौंपे ज्ञापन में उत्कर्ष को हत्यारों गिरफ्तार करने, पीड़ित परिवार को 50 लाख का मुआवजा देने, इनका केश फास्ट्रेक कोर्ट में चलाये जाने की मांग की। ताकि जल्दी न्याय मिल सके। साथ ही सपा नेता की विवादित ध्यान को या तो सार्वजनिक मन से माफी मांगे या तो उनके ऊपर एफआईआर दर्ज हो। संगठन के रत्नेश सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा अगर इस पर उचित कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन सड़क पर उत्तर के धरना देने के लिए मजबूर होगा। इस दौरान राजेश मल्ल, अनिल, प्रदीप मल्ल, अजय प्रताप मल्ल, अनिल सिंह, बादल छपरा, अनिरुद्ध सिंह सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने की आईजीआरएस की बैठक

**कुशीनगर।** डीएम की अध्यक्षता में आईजीआरएस सहित विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में असंतुष्ट फीडबैक से सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में की गई।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि आईजीआरएस मामलों के निस्तारण में विगत माह से अच्छा प्रदर्शन हुआ है, फिर भी जनपद की रैंकिंग बहुत ही खराब है, इस में और अधिक मेहनत करने की जरूरत है।

● **बैठक में आने से पूर्व तैयारी कर के आएं अधिकारी गण: डीएम**

उन्होंने सभी को निर्देशित किया कि संदर्भो के निस्तारण में स्थलीय निरीक्षण कर पारदर्शिता एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें ताकि जनपद की रैंकिंग में सुधार लाई जा सके। बैठक दौरान आईजीआरएस से संबंधित कितने मामलों में संतुष्ट और कितने मामलों में असंतुष्ट फीड के संबंध में मत्स्य अधिकारी से पुछ ताछ की गई जिस जिसमें 07 मामलों में सभी का फीड बैक असंतुष्ट मिला, मत्स्य अधिकारी द्वारा कुछ भी नहीं बताने पर वेतन रोकने सहित उनके विरुद्ध शासन को पत्र लिखे जाने हेतु अपर जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया।

ईओ दुदही के 10 मामलों में 7 का फीड बैक असंतुष्ट पाए जाने पर कार्यों में सुधार लाए जाने का निर्देश दिए गए। इसी प्रकार सीएमओ के 98 मामलों में 66 का फीड बैक असंतुष्ट, उपायुक्त उद्योग का 17 में 10 असंतुष्ट, डीडीओ का 208 में 120 असंतुष्ट, ईओ पडरौना का 6 असंतुष्ट, सहित सभी विभागों द्वारा निस्तारित किए गए मामलों में असंतुष्ट फीड बैक के संबंध में पुछ ताछ कर आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि जो मामले आईजीआरएस के नहीं हैं परंतु प्रत्येक दिन आप द्वारा प्राप्त आवेदनों को निस्तारित किया जाता है उसे भी इसमें सम्मिलित करते हुए आईजीआरएस कराएं ताकि फीड बैक का प्रदर्शन हो सके। डीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निरस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिकायतकताओं की संतुष्टि के प्रति बेहद गम्भीर है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करके रिपोर्ट को पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। कहा कि आगामी बैठकों में अधिकारी गण शिकायतों संबंधी समस्त विवरण साथ में लाएं ताकि आवश्यकतानुसार निस्तारण आख्या का अवलोकन भी किया जा सके। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण प्रक्रिया के दौरान शिकायतकर्ता का पक्ष भी अवश्य सुना जाए और सदंर्भो के निस्तारण के परिणाम से भी शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आईजीआरएस का पैरामीटर बदल गया है असंतुष्ट फीडबैक वाले प्रकरणों को सही ढंग से निस्तारण कराए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, नवागत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. चंद्र प्रकाश,उपायुक्त उद्योग अभय कुमार सुमन, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रामजियावन मौर्य, डीपीआरओ आलोक प्रियदर्शी, उप कृषि निदेशक अतिंद्र सहित अन्य संबंधित जनपदीय अधिकारी एवं समस्त ईओ आदि उपस्थित रहे।



# मैदा निर्मित उत्पादों से दूरी बनायें युवा पीढ़ीः कुलपति

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के प्रेक्षाग्रह में ह्लजीवनचक्र में पोषणीय समानताह्ल विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। दीक्षांत समारोह के मद्देनजर राज्यपाल/कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के निर्देश पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह व अन्य अतिथियों ने जलभरो के साथ किया। अधिष्ठाता डा. साधना सिंह ने बुके एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सभी अतिथियों का स्वागत किया।

कुलपति कर्नल डा. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि पोषण की शुरूआत नवजात अवस्था से ही हो जाती है। बच्चों के जन्म से प्रारंभिक 1000 दिवस तक उनके पोषण का ध्यान बहुत जरूरी है। यह उन्हें स्वस्थ जीवन प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि विभिन्न सब्जियों को आहार में शामिल करना चाहिए जिससे आहार संतुलित बना रहता है। कुलपति ने कहा कि आंखों की रोशनी को बढ़ाने के लिए गाजर, हरे पत्तेदार सब्जियों का सेवन करना चाहिए। युवा पीढ़ी को मैदा से बने खाद्य पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए। मोरिंगा के फूल, पत्तियां एवं छिलकों में पाए जाने वाले पोषक तत्वों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आई.टी. कॉलेज लखनऊ के मुख्य वक्ता डॉ नीलम कुमारी ने कहा कि आज के दौर में गलत जीवन शैली हमारे स्वास्थ को प्रभावित कर रही है। बताया कि प्रोटीन के स्रोत जैसे अंडा, दूध, इत्यादि को आहार में शामिल करना चाहिए। आयरन युक्त आहार महिलाओं को विशेषकर एनीमिया से बचाव करता है। के.जी.एम.यू लखनऊ की सीनियर डाइटीशियन डॉ. शालिनी श्रीवास्तव ने बताया कि व्यक्ति को अपनी भोजन की थाली को इंद्रधनुष थाली बनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि कैंसर से बचने के लिए 5 ग्राम गरी (नारियल या दो मिली लीटर नारियल का तेल अपने आहार में शामिल करना चाहिए।

## पूर्व प्रधानाचार्य रामस्वरूप गुप्त को दी गई श्रद्धांजलि

**बरहज, देवरिया।** नगर पंचायत भलुअनी निवासी मद्धेशिया समाज के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, ज्ञानप्रकाश इंटर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य एवं स्वच्छ भलुअनी स्वस्थ भलुअनी (यूथ ब्रिगेड) के संरक्षक रामस्वरूप गुप्ता का लखनऊ में बीते 24 अगस्त को निधन हो गया था। मंगलवार को उनके आवास पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में देश के हर हिस्से से गमगीन उनके शुभचिंतकों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया ।पूर्व प्रधानाचार्य रामस्वरूप गुप्त ने शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के साथ साथ अपना पूरा जीवन समाज के लिए समर्पित कर दिया था ।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में निष्ठा के साथ सेवा करते हुए देश के हर हिस्से में बड़े बड़े आयोजनों में मार्गदर्शन व सफल संचालन एवं व्यापार मण्डल संरक्षक के रूप में व्यापारियों के सहयोग सहित समाजहित में अमूल्य योगदान के लिए उन्हें सदैव याद किया जाएगा। समाजहित में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें विभिन्न प्रतिष्ठित विभूतियों ने सम्मानित किया था ।श्रद्धांजलि सभा मे पूर्व चेयरमैन रूद्रपुर सुबाषचंद मद्धेशिया, मुरली मनोहर जायसवाल, सपा जिला अध्यक्ष व्यास यादव, गेनालाल यादव, भाजपा नेता रजनीश उपाध्याय, प्रमोद मिश्रा, श्याम जायसवाल, नरेन्द्र मिश्रा पप्पू, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सीपी गुप्त, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष विनय मद्धेशिया, आस्तिक तिवारी, कामेश्वर तिवारी, अखण्ड प्रताप सिंह जिला पंचायत सदस्य, नीतीश पाठक टिंकल, जितेन्द्र सागर, अष्टभुजा श्रीवास्तव, अविनाश सिंह, दिनेश गुप्ता आदि उपस्थित थे।

संक्षेप

## छात्रा ई रिक्शा की टक्कर से घायल

सीतापुर। सकरन थाना इलाके में स्कूल जा रही छात्रा को अनियंत्रित ई रिक्सा ने ठोकर मार दी जिससे छात्रा का हाथ टूट गया परिजनों ने घायल छात्र को इलाज के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उसका इलाज चल रहा है। सकरन थाना क्षेत्र के तारपारा गांव निवासी कक्षा नौ की छात्रा रिम्पी 15 वर्ष पुत्री रामू बुधवार की सुबह घर से साइकिल से सकरन स्थित शम्भूदयाल विद्यालय समिति में पढने आ रही थी बिसवां सकरन मार्ग पर यज्ञशाला के पास पहुंचते ही पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ई रिक्सा नम्बर यूपी 34 सीटी 4801 ने रिम्पी की साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी जिससे रिम्पी रोड पर गिर गई और उसका बांया हाथ टूट गया तथा वह गम्भीर रूप से घायल हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने छात्रा के परिजनों को सूचना दी मौके पर पहुंचे परिजनों ने इलाज के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका इलाज चल रहा है। मामले की तहरीर अभी पुलिस को नही दी गई है।

## युवक की करंट से मौत, गांव में मातम

सीतापुर। अटरिया थाना क्षेत्र के अंबरपुर गांव में बुधवार सुबह बिजली के करंट की चपेट में आकर एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। ग्राम अंबरपुर निवासी कार्तिकेय शुक्ला (24) पुत्र शिवशंकर शुक्ला सुबह पूजा के लिए मंदिर जा रहे थे। इसी दौरान घर के सामने बिजली के खंभे से टूटा पड़ा तार उनके संपर्क में आ गया। करंट लगते ही कार्तिकेय की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर अटरिया पुलिस और बिजली विभाग की टीम पहुंची। जेई औतार सिंह ने जांच शुरू करने की बात कही है। थाना प्रभारी उमाकांत शुक्ला ने पुष्टि करते हुए बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। अचानक हुई इस घटना से गांव में मातम छा गया है।

## आबकारी टीम ने दो अभियुक्त गिरफ्तार किए

उन्नाव। आबकारी आयुक्त के निर्देश पर लगातार आबकारी टीम दबिश देने का काम कर रही है। इस दौरान टीमें अवैध शराब की बिक्री पर रोकथाम के लिए अभियान चला रही है। जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र के कुशल नेतृत्व में बुधवार को निशांत सिंह आबकारी निरीक्षक पुरवा व स्थानीय पुलिस टीम के साथ तहसील पुरवा अंतर्गत ग्राम उद्योतपुर, ईंटबांधगांव व लालाखेड़ा थाना मौरावां में दबिश देते हुए कुल 52 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। इस दौरान 02 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। थाना मौरावां में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धारा में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार कार्यवाही की गई। उनके पास से बरामद लगभग 300 किग्रा लहन महुआ मौके पर नष्ट किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त में जगपाल पुत्र स्व शिव प्रसाद निवासी उद्योतपुर थाना मौरावां, .द्वारिका पुत्र स्व देवतादीन निवासी ईंटबांधगांव थाना मौरावां शामिल है। साथ ही अवैध मदिरा के परिवहन की रोकथाम हेतु उन्नाव रायबरेली लखनऊ हाईवे पर स्थित गदनखेड़ा बाईपास पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की गई।

## डिप्टी सीएम का उन्नाव दौरा आज

उन्नाव। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का आज यानी गुरुवार को उन्नाव आगमन होगा जिसमें वह हेलीकाप्टर से पुलिस लाइन में उतरकर जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक के साथ निवर्तमान जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार के आवास पर उनकी माता के निधन के उपरांत उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। उसके उपरांत भाजपा कार्यालय पर कोर कमेटी की बैठक कर भाजपा कर्यालय पर ही भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकताओं को संबोधित करेंगे। इसके बाद सांसद साक्षी महाराज के आवास पर उनसे भेंट कर शहीद गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पत्रकार वार्ता करेंगे तथा सड़क के रास्ते भाजपा नेता गिरजा शंकर गुप्ता के पैतृक गांव रूजिहई में माता के निधन के उपरांत उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे वही से लखनऊ के लिए हेलीकॉप्टर से प्रस्थान करेंगे। बता दें कि डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के आगमन को लेकर भाजपा कार्यकताओं में उत्साह है। जगह जगह उनके स्वागत की तैयारिया जोर शोर से चल रही हैं। इसी को लेकर भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी के नेतृत्व में पदाधिकारियों की बैठक आहूत की गई।

# सेवा पखवाड़ा समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प

## भाजपा जिला कार्यालय पर सेवा पखवाड़ा व आगामी अभियानों की कार्यशाला आयोजित



सीतापुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाले सेवा पखवाड़ा और आगामी चुनावी अभियानों को लेकर भाजपा जिला कार्यालय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर व दीप प्रज्वलन से हुआ। तत्पश्चात जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सेवा पखवाड़ा व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों में जुटी है और प्रत्येक मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर तक कार्यकताओं को संगठन के निदेशों का पालन करते हुए सक्रिय भूमिका निभानी होगी। मुख्य अतिथि कमलेश मिश्रा ने अपने उद्बोधन में विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का संकल्प है और हर पदाधिकारी को इसे सफल बनाना है। साथ ही उन्होंने आगामी पंचायत चुनाव के लिए बूथ स्तर पर रणनीति पर चर्चा की और कार्यकताओं से संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। मिश्रा ने 2027 विधानसभा चुनाव का उल्लेख करते हुए अभी से ही बूथ मैनेजमेंट को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा, विधायक मनीष रावत, नगर पालिका खैराबाद अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता, नगर पालिका मिश्रित अध्यक्ष सीमा भार्गव, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश त्रिपाठी, अजय गुप्ता, निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मल्होत्रा, अभियान संयोजक रोहित सिंह, नैमिष रत्न तिवारी, विश्राम सागर राठौर, सुनील मिश्रा, संजय मिश्रा, कंचन प्रभा पांडे, अजय विश्वकर्मा, अनूप विश्वकर्मा, सचिन मिश्रा, तरुण शुक्ला, श्वेतांशु, विष्णु मौर्य, कामेश शुक्ला, प्रखर जायसवाल, सुधीर सिंह, कौशलेंद्र सिंह, अतुल तिवारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने श्रुति त्रिपाठी को दिया तीन गोल्ड मेडल



सीतापुर। लखनऊ विश्वविद्यालय के 65वें दीक्षांत समारोह में ग्रीनफील्ड डिग्री कॉलेज, सीतापुर की छात्रा श्रुति त्रिपाठी को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने तीन गोल्ड मेडल से सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें एम.ए. अंग्रेजी विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया। समारोह में श्रुति त्रिपाठी को मंजू गोल्ड मेडल, श्रीमती दयामोई शर्मा मेमोरियल गोल्ड मेडल और श्रीमती कृष्णा सक्सेना मेमोरियल गोल्ड मेडल से अलंकृत किया गया। श्रुति की इस उपलब्धि से ग्रीनफील्ड महाविद्यालय परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर मनुका खन्ना, उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी, विश्वविद्यालय के प्रोफेसर, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## फ्रेंडली बास्केटबॉल मैच शिक्षकों ने मारी बाजी



सीतापुर। सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में 9 सितंबर 2025 को छात्रों और शिक्षकों के बीच फ्रेंडली बास्केटबॉल मैच का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया। इस मैच में दोनों ही टीमों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। छात्र टीम की कमान श्वेतांशु विश्वकर्मा (कक्षा 11 अ) ने संभाली, वहीं शिक्षकों की टीम का नेतृत्व प्रज्ज्वल सक्सेना ने किया। खेल की शुरूआत से ही दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। रोमांचक मुकाबले में शिक्षकों की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छात्रों को 28-22 अंकों से पराजित किया। विद्यालय प्रबंधन ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के मैच न केवल छात्रों और शिक्षकों के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करते हैं, बल्कि विद्यार्थियों को खेल भावना, टीम वर्क और अनुशासन का महत्व भी सिखाते हैं। यह फ्रेंडली बास्केटबॉल मैच हर दृष्टिकोण से सफल रहा और प्रतिभागियों तथा दर्शकों के लिए यादगार अनुभव साबित हुआ।

## शिक्षिका को तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, खाई में गिरी ब्रेजा



सीतापुर। रामकोट थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर बुधवार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि बदायूं के एसडीएम विनोद सिंह की प्राइवेट ब्रेजा कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी। हादसे से पहले कार ने सड़क पार कर रही एक प्राइवेट स्कूल की शिक्षिका को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायल शिक्षिका की पहचान बबली पुत्री नीलम के रूप में हुई है। उन्हें तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक तेज रफ्तार ब्रेजा कार शाहजहांपुर की ओर लौट रही थी। अचानक सड़क पार कर रही शिक्षिका को टक्कर लगते ही चालक ने नियंत्रण खो दिया और वाहन सीधे खाई में जा गिरा। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर रामकोट थाना पुलिस पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू कराया। क्रेन की मदद से कार को खाई से बाहर निकाला गया। हादसे में कार चालक को भी हल्की चोटें आईं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया। पुलिस के अनुसार कार में उस समय एसडीएम मौजूद नहीं थे। वह अपनी ड्यूटी पूरी कर बदायूं में ही रुक गए थे। कार उन्हें छोड़कर लखनऊ लौट रही थी। चूंकि कार पर फ्लैशर लाइट लगी थी, इसलिए लोग इसे सरकारी वाहन समझ बैठे। स्थानीय लोगों ने बताया कि एनएच-30 पर तेज रफ्तार वाहन और भारी ट्रक आए दिन दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत और चचाओं का माहौल बना हुआ है। फिलहाल पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## ट्री मैन सब इंस्पेक्टर अनूप, शिक्षक डा. प्रदीप वर्मा और डा. रचना सिंह गोल्डन गाला अवार्ड से होंगे सम्मानित



जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। नव अंशिका फाउण्डेशन के छठवें स्थापना दिवस के अवसर पर सीजन-2 गोल्डन गाला अवार्ड 2025 का आयोजन लखनऊ के विराज खंड स्थित होटल क्लासियों कलेक्शन में किया जा रहा है। इस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य के लिए संस्था द्वारा गोल्डन गाला अवार्ड एवं नव अंशिका प्राइड अवार्ड दिया जायेगा।

सपना बाबुल का...बिदाई में मुख्य किरदार निभाने वाली अभिनेत्री पारुल सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में रहेंगी। संस्था की फाउंडर और आयोजक नीशू त्यागी ने बताया कि गोल्डन गाला अवार्ड 2025 समारोह में उन्नाव के पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्र अपूर्व, शिक्षिका डा.रचना सिंह और शिक्षक डा. प्रदीप कुमार वर्मा को प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। ट्री मैन के नाम से प्रसिद्ध सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्र को पिछले 25 वर्षो से गरीब बच्चों की शिक्षा, पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदानों और समाज में अनवरत नवीन दिशा दिखाने के प्रयासों और सफल परिणाम देने हेतु गोल्डन गाला सम्मान से नवाजा जाएगा। कोरोना के कठिन दौर में भी समाज सेवा के क्षेत्र में उन्मुख राज्य पुरुस्कार प्राप्त शिक्षिका डॉ रचना सिंह कटरी पीपरखेड़ा, कंपोजिट विद्यालय में कार्यरत हैं। समुदाय से बेहतर संबंध स्थापित करने वाली शिक्षिका ने दैनिक अभिभावक सहभागिता नवाचार कर विद्यालय की छात्र संख्या बढ़ाने के साथ शिक्षा क्षेत्र में कई उल्लेखनीय कार्य किए हैं और विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण के सराहनीय कार्य किये हैं, इन सरोकार के लिए उन्हें नव अंशिका अवॉर्ड से नवाजा जाएगा। शिक्षा के साथ साथ समाज में फैली हुई नशे जैसी गंभीर बीमारी के खात्मे के लिए व्यापक स्तर पर उत्तर प्रदेश नशामुक्ति आंदोलन चला रहे शिक्षक प्रदीप कुमार वर्मा को यह सम्मान शिक्षा, बालश्रम रोकने और पर्यावरण के क्षेत्र में कठिन प्रयासों के साथ ही बालिका शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रयासों के लिए गोल्डन गाला सम्मान दिया जाएगा।

## रेडियंस इंटर कॉलेज में सम्मान समारोह मोहम्मद आफाल अंसारी हुए सम्मानित



तंबौर/सीतापुर। कस्बे के रेडियंस इंटर कॉलेज प्रांगण में बुधवार को एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्रबंधक हाजी अजीज अहमद गौरी ने की, जबकि संचालन प्रिंसिपल मनोज कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर ग्राम डेवढेडीह निवासी मोहम्मद आफाल अंसारी को सम्मानित किया गया। उन्होंने 2024 सत्र में एसएससी परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त कर केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) में जूनियर इंजीनियर के पद पर चयन हासिल किया है। मोहम्मद आफाल की इस उपलब्धि पर कॉलेज परिवार सहित क्षेत्र के लोगों ने खुशी व्यक्त की। प्रबंधक हाजी अजीज अहमद गौरी, प्रिंसिपल मनोज कुमार श्रीवास्तव, सैय्यद रेहान सभासद, मास्टर लतीफ खान, अब्दुल खालिक, डॉ. दानिश, मोहम्मद फैशल, शाकिब, अब्दुल माबूद, अब्दुल रसीद, अब्दुल मालिक, अब्दुल कबीर, नजरे आलम, शाहिल सुल्तान, सलमान, सुहैल, मुकेश कुमार, सुनील श्रीवास्तव, मास्टर हाशिम खान, मास्टर हाफिज, मास्टर अफजाल, मास्टर दिलशान आदि मौजूद रहे। सभी ने आफाल अंसारी को मिठाई खिलाकर और शुभकामनाएं देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उनकी सफलता से गांजरी क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है।

## बाढ़ के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त



पाटन, उन्नाव। बाढ़ के हालात से जनजीवन पूरी तरह से अस्तव्यवस्त है। वहीं लोग पलायन को मजबूर है। हालांकि प्रशासनिक स्तर पर बाढ़ चौकियों की स्थापना की गयी है। बराबर मदद पहुंचायी जा रही है। इस दौरान समाजसेवी भी बढचढ कर मदद को अपने हाथ बढा रहे है। फिर भी बाढ़ के रौद्र रुप के चलते व्यवस्थाएं नाकाफी सी लग रही है। तहसील बीघापुर के अंतर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्र पसनिया खेड़ा, लालखेड़ा, मिश्रण खेड़ा, चहलहा धरमपुर, मंझा दुलीखेड़ा आदि ग्रामों के बाढ़ प्रभावित परिवारों को राशन किट पहुंचायी गयी। बाढ़ चौकी बक्सर में राहत सामग्री भगवंतनगर विधायक प्रतिनिधि परिमल शुक्ल व उपजिलाधिकारी बीघापुर रणवीर सिंह, तहसीलदार गणेश सिंह द्वारा वितरित की गई। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि रामबरन प्रधान लालखेड़ा, कृष्णदेव, कानूनगो अजय सिंह व लेखपाल संजीव पाण्डेय, आनंद सिंह, अजय कुमार मौजूद रहे।

## मुख्य मार्ग पर पीपल की डाल गिरी, लोग बाल बाल बचे

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के हुलासी कुआं गौरिया सडक मार्ग पर ऊगू कस्बे के पास अचानक एक पीपल के पेड़ की मोटी डाल गिर गई जिस से वहां मौजूद लोग बाल बाल बच गए। क्षेत्र के कस्बा ऊगू मे पंजाब नेशनल बैक के समीप हुलासी कुआं गौरिया कला सडक मार्ग के किनारे खड़े पीपल की मोटी डाल अचानक गिर पडी जिससे हड़कंप मच गया। आसपास के दुकानदार व खड़े लोग भाग खड़े हुए।वहीं जब पेड़ की डाल गिरी तभी स्कूल का एक वाहन आता देख लोगों ने उसे रोक दिया और फिर डाल हटवाकर वाहनों को निकलवाया।

## पीडीए जनपंचायत बूथ स्तर तक आयोजित की जायें : क्षत्रपाल सिंह



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक टाउन हाल स्थित जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष अशफाक खां ने किया। बैठक में जिलाध्यक्ष ने संगठन की समीक्षा करते हुए विधानसभा अध्यक्षों व यूथ जिलाध्यक्षों को निर्देश दिया कि मासिक बैठकें समय से आयोजित हों। उन्होंने कहा कि पीडीए जनपंचायत प्रत्येक विधानसभा के बूथ स्तर तक आयोजित की जाए और उसकी दैनिक रिपोर्ट जिला कार्यालय में अनिवार्य रूप से दी जाए। साथ ही, बूथ लेवल एजेंट की सूची जल्द से जल्द तैयार कर कार्यालय में जमा करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने घर-घर पीडीए पर्चा पहुँचाने की अपील की और कहा कि भाजपा सरकार किसान, नौजवान व मजदूर विरोधी है। जीएसटी लागू होने के बाद बार-बार संशोधन से कारोबारियों को नुकसान हुआ और महंगाई ने आमजन को बेहाल कर दिया। पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी ने कहा कि किसानों को खाद नहीं मिल रही है। डीएपी, यूरिया और कीटनाशक की भारी किल्लत है, जिससे खेती बबार्दी की कगार पर है। किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य भी नहीं मिल रहा है। वहीं, पूर्व विधायक अनूप गुप्ता ने भाजपा पर पीडीए समाज का उत्पीड़न करने और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब तक भाजपा सरकार रहेगी, तब तक महंगाई और अन्याय कम नहीं होगा। बैठक में पूर्व मंत्री कमलेश यादव, प्रदेश सचिव शब्बीर खां, पूर्व जिलाध्यक्ष शमीम कौसर सिद्दीकी, वरिष्ठ नेता प्रमोद वर्मा, जिला सचिव चंद्रशेखर यादव, सपा छात्रा सभा के जिलाध्यक्ष शिवम सिंह, कार्यालय प्रभारी जयसिंह यादव सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## साठ किसानों ने फार्मर रजिस्टरी करायी



पुरवा (वीओएल)। एसडीएम के निर्देश पर तहसील पुरवा के अन्तर्गत ग्राम असगरगंज, बरवाकला, टोपरा गुलरिहा में संबंधित फॉर्मर रजिस्ट्री कैंप का आयोजन किया गया। जहां मौके पर नायब तहसीलदार पुरवा और संबन्धित गांवों के राजस्व निरीक्षक और लेखपाल उपस्थिति रहे। रजिस्टरी कैम्प में किसानों द्वारा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जा रहा है। सभी किसानों ने इस योजनाओं की सराहना की। और कहा कि बाहर इसको दर्ज कराने में रुपए देने पड़ते हैं यहां तो घर बैठें योजना का निःशुल्क लाभ मिल रहा है। मौके पर राजस्व निरीक्षक गुलरिया शिवपाल, सहित अन्य लेखपाल मौजूद रहें।

# बागवानी व स्वरोजगार योजनाओं को लेकर सुझाव प्रस्तुत किए गये



सीतापुर। प्रमुख सचिव राजस्व, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग तथा जनपद के नोडल अधिकारी पी. गुरूप्रसाद की अध्यक्षता में बुधवार को ग्राम पंचायत कंदुनी स्थित आईटीआई परिसर में विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश के विजन पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें शासन से नामित प्रबुद्धजनकृसेवानिवृत्त आईएएस प्रवीर कुमार, सेवानिवृत्त आईएफएस महेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व कुलपति गोरखपुर विश्वविद्यालय विजय कृष्ण सिंह, सेवानिवृत्त वैज्ञानिक अतुल सिंह एवं सेवानिवृत्त प्रमुख अभियंता विनोद कुमार निरंजनकृने शिरकत की। शताब्दी संकल्प /2047 के लक्ष्यों पर चर्चा करते हुए वक्ताओं ने अर्थशक्ति, सृजन शक्ति और जीवन शक्ति के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे। इस दौरान सरकार की उपलब्धियों पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी प्रदर्शित की गई। संगोष्ठी में प्रगतिशील किसानों, महिला समूहों व लाभार्थियों ने अनुभव साझा किए। प्राकृतिक खेती, सौर ऊर्जा, बागवानी व स्वरोजगार योजनाओं को लेकर सुझाव प्रस्तुत किए गए। नोडल अधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी सुझावों को संकलित कर नीति निर्माण की प्रक्रिया में शामिल किया जाए। इसी क्रम में समिति के सदस्यों ने रेडिको खेतान लिमिटेड यूनिट, कंदुनी का निरीक्षण किया। कंपनी के सीएसआर प्रोजेक्ट के तहत चल रही गतिविधियोंकृजैसे प्राकृतिक कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, गौशाला संचालन, सौर ऊर्जा, विद्यालयों में अवस्थापना सुधार एवं नियमित फल वितरणकृकी सराहना की गई। प्राकृतिक कृषि कर रहे किसानों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। कंपनी के यूनिट हेड हरिशंकर शुक्ला ने प्रजेंटेशन के माध्यम से उत्पादन प्रक्रिया, सुरक्षा प्रबंध, बारकोडिंग व पैकेजिंग की जानकारी दी। समिति ने सीएसआर गतिविधियों को और प्रभावी बनाने तथा स्थानीय किसानों को प्राकृतिक खेती हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए। रेडिको खेतान की ओर से बताया गया कि 263 सोलर लाइटें स्थापित की गई हैं और आयुर्वेदिक चिकित्सालय के साथ-साथ विद्यालयों में सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। बाढ़ राहत शिविर, खिलाड़ियों को प्रोत्साहन और सामाजिक उत्थान से जुड़े कई कार्य भी किए गए हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, उपजिलाधिकारी धामनी एम दास, जिला विकास अधिकारी संतोष नारायण गुप्त, पीडी एके चैधरी, डीसी मनरेगा चंदन देव पाण्डेय सहित कई अधिकारी एवं प्रबुद्धजन मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राज शर्मा ने किया और डीसी मनरेगा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## प्रमुख सचिव ने गौशाला का किया निरीक्षण



सीतापुर। प्रमुख सचिव राजस्व एवं नोडल अधिकारी पी. गुरूप्रसाद ने समिति के सदस्यों संग कंदुनी स्थित रेडिको खेतान लिमिटेड के सीएसआर प्रोजेक्ट के तहत संचालित गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में गोवंश की देखभाल, चारे-पानी की व्यवस्था एवं सफाई व्यवस्था को परखा गया। समिति के सदस्यों ने कहा कि गोवंश संरक्षण समाज की सांस्कृतिक जिम्मेदारी भी है और इसके लिए उद्योगों की भागीदारी सराहनीय पहल है। नोडल अधिकारी ने निर्देश दिए कि गौशाला में गोवंश के स्वास्थ्य परीक्षण की नियमित व्यवस्था की जाए और चारे की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। रेडिको खेतान प्रबंधन ने जानकारी दी कि गौशाला में पर्याप्त चारा, चिकित्सा सुविधा और सुरक्षित आश्रय की व्यवस्था की गई है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया और गौशाला को और अधिक व्यवस्थित एवं अनुकरणीय बनाने के सुझाव दिए।

## टीवी रोग से मुक्ति के लिए जागरूकता अभियान चलाया



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। भारत को टी वी रोग से मुक्ति दिलाने के लिए लोगों में इस रोग के प्रति जागरूक रहने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत ब्लाक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन में ब्लाक के प्रधान, ग्राम सचिव आदि ने भाग लिया। जागरूकता अभियान कार्यक्रम में आए जिला कार्यक्रम प्रबंधक विनोद यादव ने कहा कि गांव में यदि किसी व्यक्ति में काफी दिनों से खांसी आने, बलगम में खून आने, वजन घटने, कमजोरी आदि के लक्षण दिखाई दें तो तत्काल अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्र से सम्पर्क कर जांच एवं इलाज कराएं। यह इलाज निःशुल्क मिलता है। टी वी रोग से मुक्ति के लिए पौष्टिक आहार की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। ब्लाक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक गिरीश कुमार ने बताया कि टी वी का उपचार सभी अस्पतालों एवं आरोग्य केंद्रों में निःशुल्क मिलता है। इस कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सक डॉक्टर संजीव कुमार, स्वास्थ्य सहयोगी मनीष कुमार, यूनिसेफ की संजू झा ब्लाक कार्यक्रम अधिकारी सतेन्द्र सिंह और ट्रेनर जनक सिंह तथा मनीष कुमार मौजूद रहे। इनलोगों ने टीवी रोग को रोकने के उपाय और सुझाव दिए जिससे देश को इस खतरनाक बीमारी से छुटकारा मिल सके।

# समग्र और संतुलित जनसंख्या नीति जरूरी



संजय श्रीवास्तव

कई साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपील की थी, देश की बड़ी आबादी देश के विकास में बाधा बन रही है। राज्य सरकारें इस समस्या से निजात के लिए जनसंख्या नियंत्रण की राष्ट्रीय नीति का कठोरता से पालन करवाएं। वर्तमान का सत्य यह है कि सरकार को समर्थन देने वाले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने राज्यवासियों से अपील की है कि वे ज्यादा बच्चे पैदा कर जनसंख्या बढाएं। यह अप्रत्याशित लगता है क्योंकि दशकों जनसंख्या वृद्धि बड़ी चुनौती मानकर केंद्र और राज्य सरकारें इसके नियंत्रण पर जोर देती रही हैं परंतु आज आंध्र ही नहीं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन भी चंद्रबाबू की तरह लोगों से ज्यादा बच्चे पैदा करने की अपील कर रहे हैं। संभव है कल ऐसी ही अपीलें केरल, कर्नाटक तथा तेलंगाना में भी सुनी जाएं और सिक्किम, गोवा, अंडमान, लद्दाख जैसे कई दूसरे प्रदेश भी इनके साथ सुर मिलाएं और जनसंख्या नीति के प्रति अपनी दिशा बदल लें।

वे ऐसे कानून प्रस्तावित करें जिसके अनुसार दो या उससे ज्यादा बच्चे वाले लोगों को ही सरकारी लाभ मिल सकें। सच तो यह है कि दक्षिण के तमाम राज्य जो ऐसी प्रतिक्रिया दे रहे हैं वे आधे दशक पहले छोटे परिवार को बढ़ावा देने की बात कर रहे थे, लोगों को परिवार नियोजन के प्रति प्रोत्साहित कर रहे थे लेकिन सहसा उनके सुर बदल गए हैं। उनकी दलील है कि प्रजनन दर में गिरावट से राज्य और देश का नुकसान है सो इसे बढ़ाने की कोशिश अभी से करनी होगी। बेशक इन राज्यों में प्रजनन दर में गिरावट सत्य है और फलतः जनसंख्या में कमी से उनके राज्य और उनकी राजनीति को नुकसान भी है। पर देश की अधिकांश जनता मानती है कि तकरीबन सारी राष्ट्रीय, स्थानीय समस्याओं की जड़ बेतहाशा बढ़ती जनसंख्या ही है। आज हम चीन से बड़ी आबादी हैं और इसके चलते विकास के कैसे भी सरकारी प्रयास हों, हमको पूरे नहीं पड़ते। अनेक बड़े नेताओं का भी यही मानना है कि दुनिया में सबसे बड़ी आबादी वाले यानी 145 करोड़ के देश में जनसंख्या नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कठोर प्रयास लाजिमी है। ऐसे में कुछ राज्यों द्वारा जनसंख्या

> देश के दक्षिणी राज्य के नेता, लोगों से ज्यादा बच्चे पैदा करने का आह्वान कर रहे हैं, तो बाकी लोग जनसंख्या को देश की सभी असुविधा, विसंगतियों का मूल मानते हैं और कम बच्चे पैदा करने के हिमायती हैं। अफ्रीकी देशों के अलावा भारत सहित दुनिया में प्रजनन दर घट रही है। ज्यादातर देश इसे लेकर चिंतित हैं तो अपने देश में इस मामले में प्रसन्नता और चिंता की मिश्रित प्रतिक्रिया है।



नीति की दिशा बदलना देश और देशवासियों को भ्रमित कर सकता है। देशवासियों के समक्ष यह स्पष्ट होना चाहिये कि जनसंख्या के मामले में कुछ राज्यों की अपनी डफली अपना राग क्यों है? क्या उनका यह रवैय्या राष्ट्र स्तर पर उचित है अथवा इसमें महज संबंधित राज्यों का सामयिक स्वार्थ है? कुछ राज्यों का जनसंख्या नियंत्रण के प्रति मौजूदा रवैय्या यदि देश हित के विरुद्ध है तो सरकार उनको ऐसे संदेश देने, अपील करने से रोकती क्यों नहीं? यदि घटती प्रजनन दर से वाकई दूरगामी दुष्परिणाम सामने आने वाले हैं और उनका असर राष्ट्रव्यापी हो सकता है, तो इसके लिये सरकार समय रहते जनता को सचेत करने वाले कार्यक्रम क्यों नहीं चलाती, जिससे जनमानस हर प्रकार की असुविधा और अभाव के लिए जनसंख्या को दोषी न माने। वह यह प्रचारित प्रसारित क्यों नहीं करती कि इससे होने वाले दूरगामी दुष्परिणामों की काट के लिये वह अभी से प्रयासरत है और उसके पास इस स्तर की कई योजनाए हैं।

### संतुलित जनसंख्या

उत्तर के राजनेता लोगों को जनसंख्या नियंत्रण करने के लिए कहें और दक्षिण की आबादी बढ़ाने के लिए, उसमें एनडीए के समर्थक दल के मुख्यमंत्री भी शामिल हों तो इस विरोधाभास के बीच यह प्रश्न महत्वपूर्ण है कि है कि जब भारत समेत वैश्विक स्तर पर जनसंख्या दर में गिरावट की बात लैंसेट रिपोर्ट और कुछ देशी शोध अध्ययन में सालभर पहले सामने आ चुकी है तब वाकई देश की तात्कालिक जनसंख्या नीति में क्या कोई बदलाव लाया गया है या उस ओर सोचा जा रहा है? नीति आयोग अथवा संबंधित विभागों की भविष्य में इसके प्रति क्या कोई रणनीति निर्धारित की है? भविष्य में जनसंख्या नियंत्रण की नीति क्या होना चाहिये? क्या जनसंख्या नियंत्रण की एक समेकित नीति देश पर लागू होगी अथवा इसके लिये राज्यवार कार्यक्रम और उसके लक्ष्य बनाना उचित होगा। यह नीति 13 साल से लंबित जनगणना के अगले साल निबटाने और उसके अगले बरस आंकड़े आने, तथा उसके विश्लेषण के बाद बनेंगे अथवा इस मुद्दे की गंभीरता तथा इस पर आम जनता के भ्रम को समझते हुए इसके पहले ही? देश में 1950 के दौरान यह प्रजनन दर 6.18 प्रतिशत थी अर्थात प्रत्येक महिला के औसतन 6 से अधिक बच्चे थे। घटती प्रजनन दर की जो रफ्तार है, उसके चलते यह 2050 तक 1.29 रह पर और सदी बीतते बीतते 1.04 तक पहुंच सकती है। फिलहाल 2021 के आंकड़ों के अनुसार राष्ट्रीय प्रजनन दर 1.91 है। ऐसी प्रजनन दर तक पहुंचने में फ्रांस, ब्रिटेन जैसे यूरोपीय देशों को 200 और अमेरिका को 145 साल लगे। हमने यह बदलाव भीषण गति से महज 45 साल में हासिल की। निःसंदेह घटती जन्मदर पर कुछ वर्ग प्रसन्नता प्रदर्शित कर रहे हों पर अनेक कारणों से आगे चलकर यह राष्ट्रीय चिंता का विषय बनेगा। जहां तक दक्षिण भारत के राज्यों की बात है तो पांच राज्य और तकरीबन तीस करोड़ आबादी वाले इस हिस्से में प्रजनन दर राष्ट्रीय औसत से कम हो चुकी है और तेज गिरावट जारी है। तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में जन्म दर 2.01 से भी नीचे है। प्रजनन दर 2.1 से नीचे का मतलब जनसंख्या सिकुड़ना शुरू गई है। उत्तर भारत में उत्तर प्रदेश, बिहार झारखंड वगैरह की 2.5 से 3.01 की दर से दक्षिण भारत में कम जन्म दर के चलते भविष्य में जनगणना के बाद जनसंख्या के आधार पर तय की जाने वाली संसद में सीटें और केंद्र सरकार से मिलने वाली निधि का घाटा हो सकता है। केंद्र सरकार के द्वारा वसूले गए आयकर, कॉर्पोरेट टैक्स का जो हिस्सा जनसंख्या, आर्थिक जरूरतों और प्रति व्यक्ति आय के आधार पर मिलता है, उसमें कमी आ सकती है। कम आबादी, देश की आर्थिकी में बड़े योगदान और प्रति व्यक्ति अधिक आय की बावजूद दक्षिण के राज्य नुकसान में रहेंगे। आगत की आहट भांपकर कुछ राज्य परिवार नियोजन की दिशा में बदलाव कर रहे हैं और ज्यादा बच्चे पैदा करने के लिए कह रहे हैं। लेकिन जहां तक देश का प्रश्न है, इस ट्रेंड पर जश्न मनाने वालों को यह जानना चाहिये कि घटती प्रजनन दर से देश की आबादी का संतुलन गड़बड़ा जाएगा। दुनिया का कोई भी देश बरसों बरस कोशिश करके, खरबों खर्च करके भी जन्मदर वापस हासिल नहीं कर पाया।

आबादी में बच्चों, जवानों और बुजुर्गों का संतुलन बना रहे, इसके लिए प्रजनन दर का 2.1 के आसपास होना चाहिये। पर्याप्त बच्चे न होंगे जो बुजुर्गों की जगह ले सकें तो बुजुर्ग बढेंगे, जो उत्पादक न होकर भोक्ता होंगे। अभी 60 साल से ज्यादा की उम्र के चालीस प्रतिशत बुजुर्ग बेरोजगार और बुरी दशा में हैं, भविष्य में इनकी और दुर्गति आशंकित है। बुजुर्ग कम जोखिम उठाने वाले, कम रचनात्मक होंगे, नए पेटेंट कम हो जाएंगे। यह सब देश की आर्थिकी के लिए घातक होगा। आसपास बच्चों से ज्यादा दादा-दादी, नाना-नानी नजर आने लगेंगे। बुआ, मामा, चाचा, ताऊ, मौसी जैसे रिश्तों का लोप सा हो जाएगा। देश के सामने ऐसी बहुतेरी चुनौतियां कुछ दशक बाद आएंगे पर हमें उनका इंतजार करने की बजाय अभी से काम करने की जरूरत है। फिलहाल इतना तय है कि इस समस्या का समाधान बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करना कतई नहीं है।

# सेमीकंडक्टर मिशन

भारत को आत्मनिर्भरता की तरफ आगे बढ़ाने, मेक इन इंडिया को सफल बनाने और प्रौद्योगिकी से जुड़ी अर्थव्यवस्था को कई गुना विकसित करने के लिए यह जरूरी है कि सेमीकंडक्टर चिप के निर्माण, अनुसंधान और विकास की दिशा में ठोस पहल करे। देश में इसके लिए इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन शुरू किया गया है और इस पर दस अरब डॉलर की सब्सिडी देने का प्रस्ताव है। इसका अधिकांश हिस्सा आवंटित भी किया जा चुका है। अब अगर हम वैश्विक संदर्भ में तुलना करें तो अमरीका ने अपनी कंपनी इंटेल को मजबूत करने के लिए 40 अरब डॉलर का पैकेज दिया है। जबकि अमरीका में विश्व विख्यात एनवीडिया, टैक्सस इंस्ट्रूमेंट्स जैसे दर्जनों दिग्गज कंपनियां हैं और चिप टेक्नोलॉजी में लीडरशिप है। चिप निर्माण में भले ताइवान बहुत आगे हो लेकिन चिप के डिजाइन, अनुसंधान, विकास और उच्च क्षमता की प्रौद्योगिकी अमरीका के ही पास है। अगर अमरीका सब कुछ होते हुए भी सिर्फ एक कंपनी को 40 अरब डॉलर की मदद करता है, तो इससे समझा जा सकता है कि



इस क्षेत्र में कितने बड़े निवेश की जरूरत है। भारत सरकार ने 10 अरब डॉलर की सब्सिडी रखी है सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए लेकिन प्रचार इतना अधिक है मानो पूरी दुनिया को पीछे छोड़ दिया गया है। यह सही है कि देश चिप बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है लेकिन इसके लिए प्रचार से अधिक प्रयास की जरूरत है। इसके लिए सरकारी प्रयासों के साथ ही बड़े निवेश की जरूरत है। इसलिए अगर सिर्फ प्रचार ही अधिक होगा तो ठोस उपलब्धियां शायद ही हासिल की जा सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस सप्ताह नई दिल्ली में सेमीकंडक्टर उद्योग के लोगों से बातचीत में कहा कि भारत आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी हासिल करेगा। वह भारत के सेमीकंडक्टर मिशन के बारे में बात कर रहे थे जिसे केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिसंबर 2021 में मंजूरी दी थी। अब इस मिशन के दूसरे चरण की योजना बनाई जा रही है और सरकार ने कहा है कि वह इसके लिए सहयोगी माहौल बनाने पर अपना ध्यान केंद्रित करेगी। सेमीकंडक्टर मिशन को सरकार से अन्य प्रकार के समर्थन की तुलना में कहीं अधिक मात्रा में सब्सिडी प्राप्त हुई है। इस मिशन ने कुछ उल्लेखनीय सफलताएं भी हासिल की हैं। जैसा कि इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि एक परियोजना की पायलट लाइन पूरी हो चुकी है। यह परियोजना मुख्य रूप से सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस के स्वामित्व में है, जिसमें जापान से महत्वपूर्ण तकनीकी सहयोग मिला है। इस परियोजना के तहत भारत में बना पहला चिप प्रधानमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया जा चुका है। मिशन के दूसरे चरण में उपयुक्त माहौल बनाने पर ध्यान देना एक तरह से स्वाभाविक बदलाव है। उम्मीद की जानी चाहिए कि दूसरे चरण में शामिल छोटे और मझोले उपक्रमों को उनके पूंजीगत व्यय के साथ कम मदद की आवश्यकता होगी। सरकार ने यह भी ध्यान दिया होगा कि कई निवेशकों द्वारा जगह का चयन इस बात से निर्धारित हो रहा है कि उन्हें कैसा माहौल मिल पा रहा है। उदाहरण के लिए सीजी और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ( ताइवान की पावरचिप के साथ ) दोनों ने गुजरात में दाहेज केमिकल्स क्लस्टर के निकट बनने वाले संयंत्रों में निवेश किया है। इससे उन्हें चिप उत्पादन प्रक्रिया के लिए जरूरी करीब 250 गैसें उपलब्ध हो सकती हैं। कई बातें ऐसी भी हैं कि जिन्हें सरकार को ध्यान में रखना होगा। संपूर्ण सेमीकंडक्टर इको सिस्टम विकसित करने और भारी निवेश के साथ ही तमाम तरह की अन्य सुविधाएं देकर बड़ी कंपनियों को लाना भी जरूरी है।

### विचार

ब्रह्माण्ड की सारी शक्तियां पहले से हमारी हैं। वो हमी हैं, जो अपनी आंख पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है। करेगा।

–स्वामी विवेकानन्द.

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना करोड़ों तीर्थ–स्थान से प्राप्त होता है।

–सूरदास.

संगठन में अपार शक्ति है। संगठित होकर ही शक्तिशाली शत्रु पर विजय पायी जा सकती है।

–गेटे.

पुस्तकों का मूल्य रत्नों से भी अधिक है। क्योंकि रत्न बाहरी चमक–दमक दिखाते हैं जबकि पुस्तकें अंत:करण को उज्ज्वल करती हैं।

–महात्मा गांधी.

### सोशल मीडिया



ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट में मुश्किल से मुश्किल इलाकों में नक्सलियों के खिलाफ लड़ने वाले बहादुर सुरक्षा कर्मियों से मुलाकात कर उनका सम्मान किया। - अमित शाह.



जनसुराज में मुस्लिम समाज की बड़ी भूमिका है। अब तक मुस्लिम समाज लालटेन के तेल की तरह जलता रहा है। लेकिन अब इसकी रोशनी बुझने वाली है। प्रशांत किशोर.



यूपी की 25 करोड़ जनता की ओर से उत्तराखंड, हिमाचल, पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री के वाहनों को आज हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीएम योगी.

# संस्कारों का बीजारोपण

### अंतर्दृष्टि

संस्कार बचपन से ही हमारे मनोमस्तिष्क में पौधे की तरह रोपे जाते हैं। सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो स्पष्ट होता है कि सम्पूर्ण जीवन प्रवाह एवं उसकी उपलब्धियां वस्तुतः श्रद्धा की ही परिणति है। मां अपना अभिन्न अंग मानकर नौ माह तक अपने गर्भ में बच्चे का सेवन करती है। अपने रक्त मांस को काटकर शिशु को पोषण प्रदान करती है। श्रद्धा का यह उत्कृष्ट स्वरूप है जिसका बीजारोपण मां बच्चे में संस्कार के रूप में करती है। निःस्वार्थ भाव से उसको संरक्षण देती है। अनावश्यक भार कष्टों का जंजाल समझने का कुतर्क उठे तो नव शिशु प्रादुर्भाव ही संभव न हो सकेगा। यह श्रद्धा ही है जिसके कारण बच्चा मां के सीने से चिपकने, स्नेह दुलार पाने के लिए लालायित रहता, रोता कलपता रहता है। मूक भाषा वाणी से रहित नवशिशु की श्रद्धा एक मात्र मां के ऊपर ही होती है। माता-पिता भी निश्छल हृदय से बच्चे के विकास के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। खाने, पीने स्वास्थ्य संरक्षण से लेकर शिक्षा दीक्षा के झंझट भरे सरंजाम जुटाते हैं। समग्र विकास ही उनका एक मात्र लक्ष्य होता है। तर्क तो हर बात को उपयोगिता की कसौटी पर कसता है। इस आधार पर कसने पर माता पिता को हर दृष्टि से घाटा ही घाटा दिखायी पड़ेगा। बात तर्क की मान लीजाये तो बच्चे का अस्तित्व ही शंका में पड़ जायेगा। दृष्टिमात्र उपयोगितावादी हो जाये तथा यह परम्परा प्रत्येक क्षेत्र में चल पड़े तो परिवार एवं समाज विश्रृंखलित हो जायेगा। सभ्यता को अधिक दिनों तक जीवित नहीं रखा जा सकेगा। श्रद्धा ही पारिवारिक जीवन को स्नेह सूत्र में बांधे रहती है। सहयोग करने अन्य सदस्यों के लिए अपने स्वार्थों का उत्सर्ग करने की प्रेरणा देती है। पारिवारिक विघटनों में इसका अभाव ही कारण बनता है। पति पत्नी के बीच मनमुटाव, सदस्यों के बीच टकराहट का कारण अश्रद्धा है। तर्क एवं उपयोगिता की कसौटी पर कसने पर तो वृद्ध माता-पिता का महत्व भी समझ में नहीं आता। वे भर के रूप में ही दिखाई पड़ते हैं। किन्तु श्रद्धा दृष्टि है कि उनका कितना ऋण चढ़ा है। उनके आशीर्वाद स्नेह को पाने की कामना आजीवन बनी रहती है। यह भाव दृष्टि तो श्रद्धा की ही उपलब्धि है। जो सदा एक युवक को माता-पिता के समक्ष नतमस्तक किये रहती है। मनुष्य के व्यक्तित्व की ढलाई श्रद्धा की भट्ठी के सानिध्य में होती है। इस श्रद्धा तत्व की गरिमा को यदि स्वीकार किया जा सके तो यह भी मानना पड़ेगा कि उसे विकसित, परिष्कृत और परिपक्व करने के लिए आस्तिकता की मान्यता का अवलंबन लेना आवश्यक है।

# ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा

### व्यंग्यलोक

निजीकरण का शोर चल रहा है। हर तरफ प्राइवेट चीजें खोलने का दौर पल रहा है। इधर पिछवाड़े के एक प्रोफेसर पीपलेश्वर ने अपना विश्वविद्यालय बंद कर दिया है। उन्होंने अपने भैंस तबेले की कमाई से यह विश्वविद्यालय खोला था। उसकी जगह निजी श्मशान घाट खोल लिया है। शहर में जगह-जगह बोर्ड लगा दिए गए हैं। बड़े-बड़े बैनर टांग दिए हैं- मरने का सबसे बेहतरीन स्थान। पीपल छाप श्मशान सेंटर। शहर के बीचों-बीच। प्राइम लोकेशन पर। ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा। गर्मियों के मौसम में एक बुकिंग पर दूसरा मुर्दा एकदम फ्री! कोई छुपा हुआ चार्ज नहीं! आधे खर्चे में पूरा फैमिली पैक! स्विमिंग पूल, फव्वारे, शॉपिंग मॉल, सिनेमा, होटल, तमाम तरह की सुविधाओं वाला एक मात्र श्मशान सेंटर! पीपलेश्वर जी पहले शिक्षा की हवा निकाला करते थे। तब वे प्रोफेसर थे। अब वे मुर्दों की हवा निकालने की क्रिया में लग गए हैं। इधर शिक्षा का मामला पानी में बैठ गया है। अगर स्कूलों को श्मशान घाट भी कह दें, तो कोई एतराज नहीं होना चाहिए। अब श्मशान घाटों का मामला अपनी रफ्तार पकड़ गया है। अब हर मुर्दा खटाक से जलना चाहता है। अब मुर्दा फूंकना एक लवली इवेंट है। बच्चों की अपनी जिदें है साहब! मुर्दा भी फूंक दिया और टूरिज्म भी कर लिया। दो घंटे के मुर्दा फूंकन कार्यक्रम में हर कोई रोमांच और मनोरंजन चाहते हैं। इन्हीं बातों को देखकर प्रोफेसर पीपलेश्वर ने अपना निजी श्मशान घाट खोल लिया था। यहां पर ऊंचे लोग ऊंचे दामों में जलना पसंद करते हैं। मार्केट में बड़ा कंपटीशन है। समाज में अपने ढंग की बातें हैं। अरे! उनसे क्या बात करें? उन्होंने तो अपने मुर्दे बाप को खेजड़ी वाले गंवई मुर्दा श्मशान में जलाया था। हम ऐसे नहीं है। हमने विक्की के पापा तक को प्राइवेट श्मशान में भर्ती कराया था। इधर प्राइवेट श्मशान घाटों का अपना एक करंट है, जो हर एक अमीर के भीतर पल रहा है। इधर शानदार फव्वारे लगे हुए हैं। फव्वारों के बीच संगीत चलता है। संगीत की लय के साथ पानी ऊपर-नीचे उठता है। उधर बिना किसी माथा-पचाई के मुर्दा अपने आप जलता रहता है। उसके लिए किसी भी लकड़ी को ऊंची-नीची करने की कोई जरूरत नहीं रहती है। श्मशान के भीतर ही एक रेस्टोरेंट है। जहां मीनू देखकर मनचाहे ऑर्डर से एंजॉय किया जा सकता है। बगल में बढ़िया स्विमिंग भी पूल है। फाइव स्टार सुविधाओं से युक्त, एयर कंडीशंड श्मशान घाट में ऑनलाइन बुकिंग कर ऑनलाइन क्रीमीटेशन सेरेमनी की भी व्यवस्था है।



रामविलास जॉगिड़

# वर्ल्ड वुशु चैंपियनशिप में बेटियों ने दिखाया दमखम



खेल-जगत

सारिम अन्ना

यह अविश्वसनीय था। पहली बार भारत की तीन लड़कियां अपने अपने भार वर्ग में ब्रासिलिया, ब्राजील में आयोजित वर्ल्ड वुशु चैंपियनशिप्स के गोल्ड मेडल राउंड में पहुंचीं। लेकिन अफसोस! तीनों ही महिला सांडा डिवीजन में परीकथा जैसा अंत हासिल न कर सकीं। करीना कौशिक, अपर्णा दहिया व शिवानी प्रजापति को रजत पदकों से ही संतोष करना पड़ा। यह 6 सितम्बर 2025 की बात है। इस बीच सांडा डिवीजन के 56 किलो पुरुष वर्ग में सागर दहिया सेमीफाइनल में फिलीपींस के कार्लोस बयजॉन जूनियर से हार गये और वह भारत के कुल पदकों में केवल कांस्य का ही इजाफा कर सके। वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष भूपेंदर सिंह बाजवा का कहना है, 'हालांकि हम बहुत ही मामूली अंतर से स्वर्ण पदक जीतने से चूक गये, लेकिन विश्व प्रतियोगिता के उच्चतम स्तर पर शानदार प्रदर्शन करना भारतीय वुशु के लिए गर्व का पल है। यह उपलब्धि साक्ष्य है खिलाड़ियों, कोचों व सपोर्ट स्टाफ की कड़ी मेहनत, अनुशासन व समर्पण का।'

चीनी मार्शल आर्ट्स वुशु को दो श्रेणियों में विभाजित किया जाता है- ताओलू यानी खाली हाथों या हथियारों से कोरियोग्राफ किया गया रूटीन और सांडा यानी पूर्ण संपर्क युद्ध। वुशु का इतिहास हजारों साल पुराना है जो किन राजवंश तक पहुंचता है। अब यह एशियन गेम्स में भी शामिल है और इसकी विश्व चैंपियनशिप भी 1991 से नियमित आयोजित हो रही है। यहां यह याद दिलाना भी आवश्यक है कि 12 अगस्त 2025 को नम्रता बत्रा ऐसी पहली भारतीय बनीं जिन्होंने वुशु में वर्ल्ड गेम्स पदक हासिल किया था। चेंगडु, चीन में नम्रता 52 किलो सांडा के महिला वर्ग में दूसरे स्थान पर रहीं थीं। उन्होंने रजत पदक जीता था। भारत ने वर्ल्ड गेम्स के विभिन्न सत्रों में अभी तक कुल सात पदक जीते हैं- 1 स्वर्ण, 2 रजत व 4 कांस्य। लेकिन चार वर्षीय मल्टीस्पोर्ट्स प्रतियोगिता के 44-वर्षीय इतिहास में वुशु में नम्रता ने भारत को पहला पदक दिलाया था। बहरहाल, अब भारत ने वर्ल्ड वुशु चैंपियनशिप्स में भी तीन रजत व एक कांस्य पदक से अपना खाता खोल लिया है। ब्राजील में सोनीपत, हरियाणा की अपर्णा 52 किलो वर्ग के फाइनल में बहुत ही मामूली अंतर से वियतनाम की नगो थि भुओंग नगा से हार गईं, जिन्होंने अच्छे फुटवर्क व तेज रफ्तार पंचों का प्रयोग किया। 21-वर्षीय अपर्णा का कहना है, 'मुकाबला बहुत नजदीकी था। बाजी किसी तरफ भी पलट सकती थी। मैंने जीतने के लिए अपनी शत प्रतिशत कोशिश की, लेकिन अंत में मेरे प्रयास असफल रहे। मैं निराश अवश्य हूं, लेकिन साथ ही यहां तक की अपनी यात्रा पर मुझे गर्व भी है।' करीना पहली बार किसी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के सीनियर स्तर पर खेल रही थीं। यह बड़ी बात थी कि वह 60 किलो वर्ग के फाइनल में पहुंचीं, जहां वह कड़ी टक्कर देते हुए चीन की शिओवेई वू से हार गईं। इसी तरह 75 किलो वर्ग में शिवानी ईरान की शहरबानो मंसूरियान सेमीरोमी से हार गईं और उन्हें भी रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। यह सही है कि हमारी ये जांबाज एथलीटस अंतिम पड़ाव को पार न कर सकीं, लेकिन उन्होंने विश्व चैंपियनशिप्स में जो कुछ हासिल किया वह यकीनन ऐतिहासिक मील का पत्थर है। इनकी अप्रत्यशित उपलब्धि इस लिहाज से भी अविश्वसनीय प्रतीत होती है कि करीना व शिवानी तो अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में डेब्यू कर रही थीं। उनके पास इस स्तर का पिछला कोई अनुभव नहीं था, फिर भी वह अनुभवी अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को पराजित करती हुई फाइनल तक पहुंचीं। वैसे भारतीय पुरुषों ने भी अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया।

सागर दहिया ने तो कांस्य पदक हासिल भी किया, जबकि विक्रांत बालियान नॉकआउट स्टेज तक पहुंचे। यह बात यकीन से कही जा सकती है कि इन खिलाड़ियों के शानदार व प्रभावी प्रदर्शन से ग्लोबल वुशु अखाड़े में भारत का मान बढ़ा है। एशियन जूनियर बॉक्सिंग चैंपियन प्रीती दहिया की कजिन अपर्णा की भी आक्रामक शैली है, जिसका भरपूर प्रदर्शन करते हुए वह फाइनल तक पहुंचीं, जबकि वह विश्व चैंपियनशिप्स में पहली बार खेल रही थीं। उन्होंने बताया, 'मुझे सब कुछ सपने जैसा लग रहा है। मैंने पहली बार विश्व चैंपियनशिप्स के लिए क्वालीफाई किया और मैं फाइनल में भी पहुंच गई। मैं यहां अपने गले में गोल्ड मेडल देखना चाहती थी, लेकिन ऐसा हो न सका।

## आप की बात

### अनियोजित विकास

राजधानी लखनऊ के सबसे बड़े लॉजिस्टिक और आपूर्ति केन्द्र ट्रॉसपोर्ट नगर में एक बिल्डिंग ढहने से कई लोगों की मौत हो गयी। इस दुर्घटना के बाद तरह-तरह की खबरें सामने आ रही हैं। इस क्षेत्र में अन्य बिल्डिंगों की जांच और सर्वे किया जा रहा है, स्वीकृत मैप के विपरीत बिल्डिंग बनवाने की बात सामने आ रही है। अब यहां पर सवाल यह है कि अगर नक्शे के विपरीत यह बिल्डिंग बनी थी, तो जब बन रही थी या बनने के बाद इस पर कार्रवाई क्यों नहीं की गयी। अगर निर्माण के समय ही कारवाई की जाती, तो जिन आठ लोगों को इसमें जान गंवानी पड़ी उनको बचाया जा सकता था। लेकिन यह कोई पहली बार नहीं है। जब स्कूल वाहनों से दुर्घटना होती है तो तमाम स्कूली वैनों पर आफत आ जाती है, अचानक उनकी जांच शुरू हो जाती है, जब कोई बड़ी अग्नि दुर्घटना हो जाती है तो अचानक फायर एनओसी आदि की जांच शुरू हो जाती है। सवाल है यह सब सुरक्षा से जुड़ी कार्रवाई को नियमित रूप से क्यों नहीं की जाती है। क्यों नहीं बड़ी इमारतों की नियमित स्ट्रक्चरल जांच होती है, नक्शे के विपरीत और अवैध निर्माण कैसे हो जाते हैं। कहीं न कहीं इन सब गतिविधियों में जिम्मेदार विभागों के लोग भी मिले होते हैं। अगर नगर निगम और प्राधिकरण के लोग अपनी जिम्मेदारी के प्रति सतर्क रहें, तो किसी भी सूरत में अवैध निर्माण या फिर मैप के विपरीत निर्माण नहीं हो सकता है। इसलिए यह जरूरी है कि दुर्घटना का इंतजार करने के बजाय नियमित जांच होते रहना चाहिए।

**धमेन्द्र कुमार वर्मा, लखनऊ.**

### युवाओं को उद्यमिता से जोड़ें

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए। कौशल विकास मिशन में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए पीपीपी या एनजीओ मॉडल पर मिशन चलाने के बजाय स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए जहां कम से कम छह माह या फिर संबंधित ट्रेड में दक्षता हासिल करने के लिए जरूरी समय तक प्रशिक्षण दिया जाये। जब युवा स्वरोजगार के लिए ही प्रशिक्षण करने जाते हैं तो फिर उनको आधा अधूरा ट्रेनिंग अगर दिया जायेगा तो फिर वे आगे चलकर स्वरोजगार में भी विफल हो जायेंगे।

**शुभम श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## चोरों की दहशत से ग्रामीण दे रहे पहरा

**गोसाईगंज, सुलतानपुर ।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र में बीते दिनों कई गांवों में घटी चोरी की घटनाओं से भयभीत लोग रात में जागते हुए सुरक्षित रहने की कोशिश कर रहे हैं। बाबूगंज में स्वयं ग्रामीणों ने सुरक्षा टीम बना लाठी टॉर्च लेकर गांव में चैकसी बरत रहे हैं। बीते दिनो क्षेत्र के खेडी, बाबूगंज, उमरी, भरथीपुर, इनायतपुर मे हुई चोरी की घटनाओं से सभी भयभीत है, मंगलवार की रात बाबूगंज के पास पहरा दे रहे लोगो ने एक अज्ञात संदिग्ध गाड़ी देखने की बात कही जिस पर लोग सक्रिय हो गए, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। एक ग्रामीण ने बताया कि मंगलवार रात में बाबूगंज के आसपास ड्रोन उड़ते देखा गया। अफवाह उड़ी कि इलाके में चोर सक्रिय है। जिसके बाद बाबूगंज, खेड़ी, डोडापुर, बल्लीपुर, गांव के लोग इकट्ठा हो गए। ड्रोन संबंधी अफवाहों से क्षेत्र में सतर्कता और तेज हो गई है। चैकी प्रभारी द्वारिकागंज द्रिवेश त्रिवेदी ने ऐसी किसी भी जानकारी से इनकार किया। उन्होंने कहा कि पुलिस लगातार क्षेत्र में गश्त कर रही है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए अफवाह न फैलाने की अपील की।

## दुकानदार ने लगाया दरोगा पर रंगदारी का आरोप

**गौरीगंज, अमेठी।** थाना क्षेत्र गौरीगंज क्षेत्र के अन्तर्गत कौडिहार मजरे लुगरी निवासी शिवकुमार पांडेय पुत्र धर्मराज पांडेय ने पुलिस अधीक्षक को दिये गये शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि अठेहा गौरीगंज मार्ग स्थित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सामने मेरी पान व अन्य सामग्री की दुकान है आये दिन हल्का उपनिरीक्षक हरि मिलन सिंह मुझे दुकान खोलने नहीं देते हैं दुकान खोलने पर मुझसे हर माह दो हजार रुपए की मांग करते हैं और पैसे न मिलने पर मुझे भद्दी भद्दी गालियां व मारते पीटते हैं मैं एक गरीब आदमी हूं दुकान से मेरे परिवार का खर्च चलता है, दुकान बंद होने से मै और परिवार परेशान हो गया है। पीड़ित ने एसपी को दिये गये शिकायती पत्र में न्याय की गुहार लगाई है।

## मंडलायुक्त की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी आयोजित

**सुलतानपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार मेंविकसित भारत, समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश विषय पर आधारित विचार गोष्ठी एवं संवाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अयोध्या मंडल के आयुक्त एवं जनपद नोडल अधिकारी राजेश कुमार ने की। इस अवसर पर जिले के प्रबुद्धजन, प्रशासनिक अधिकारी, उद्यमी, व्यापारी, कृषक, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि दुर्गा चरन मिश्र (सेवानिवृत्त आईपीएस) ने विकसित भारत की संकल्पना पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि इस अभियान का उद्देश्य 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा तीन प्रमुख थीमकृअर्थशक्ति, सृजनशक्ति और जीवनशक्ति के अंतर्गत 12 क्षेत्रों से जुड़े सुझाव ऑनलाइन माध्यम से आमंत्रित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के तीन चरणों में विभागीय अधिकारियों, व्यवसायियों, कृषकों एवं स्वयं सहायता समूहों ने भाग लिया। वक्ताओं ने जीएसटी दरों में सुधार, ऋण प्रक्रिया को सरल बनाने, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, ओडीओपी उत्पादों के प्रशिक्षण व विपणन जैसे सुझाव प्रस्तुत किए।

# अदिति सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित चौपाल में सुनीं जनता की समस्याएं



**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास खण्ड राही के अंतर्गत आने वाले गांवों फकीर का पुरवा, अनुरुद्धपुर, पूरे भुवनशाह, ताला गोपालपुर और अकोढ़िया मजरे बसाढ़ में चौपाल कार्यक्रमों का आयोजन किया। इन चैपालों के माध्यम से विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को न केवल गंभीरता से सुना, बल्कि उनके त्वरित समाधान का आश्वासन भी दिया। साथ ही, उन्होंने ग्रामीण विकास के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी जनता के साथ साझा की। चौपाल कार्यक्रमों में विधायक अदिति सिंह ने ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया। ग्रामीणों ने सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं से संबंधित अपनी समस्याएं उनके समक्ष रखीं। अदिति सिंह ने इन समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

चौपाल के दौरान विधायक ने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, और स्वच्छ भारत मिशन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने ग्रामीणों को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया और पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया को सरल करने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने इन योजनाओं के प्रति उत्साह दिखाया और विधायक के इस प्रयास की सराहना की। यह चौपाल कार्यक्रम न केवल ग्रामीणों की समस्याओं को समझने का एक मंच साबित हुआ, बल्कि यह जनता और जनप्रतिनिधि के बीच विश्वास और सहभागिता को और मजबूत करने वाला भी रहा। ग्रामीणों ने विधायक अदिति सिंह के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से न केवल उनकी समस्याएं सामने आती हैं, बल्कि उन्हें सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी भी ली। अदिति सिंह ने चौपाल में कहा, मेरा लक्ष्य अपने विधानसभा क्षेत्र के हर गांव को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है।

इन चौपालों के माध्यम से हम न केवल जनता की समस्याओं को समझ रहे हैं, बल्कि उनके सुझावों को भी विकास योजनाओं में शामिल कर रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे विकास कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लें और सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाए । चौपाल कार्यक्रम ग्रामीणों और विधायक के बीच एक सुखद और सकारात्मक संवाद का अवसर बना। ग्रामीणों ने इस पहल को जन-जन तक पहुंचने का एक प्रभावी माध्यम बताया और विधायक अदिति सिंह के प्रयासों की प्रशंसा की। इस तरह के आयोजनों से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ रही है, बल्कि विकास की गति को भी बल मिल रहा है।

## अपहरण की कहानी निकली फर्जी

**अमेठी ।** जनपद के इन्हौना इलाके से अपहरण की कोशिश का सनसनीखेज मामला सामने आया लेकिन पुलिस जांच में ये मामला पूरी तरह फर्जी निकला। सातवीं कक्षा के छात्र ने स्कूल से बचने के लिए ये कहानी खुद गढ़ी थी। इन्हौना थाना क्षेत्र के बड़नापुर गांव निवासी छात्र मो. हसन ने सोमवार सुबह दावा किया कि शेखा पीर मजार के पास कार सवार लोगों ने उसका अपहरण करने की कोशिश की। सूचना पर पुलिस अलर्ट हुई, टीम मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। लेकिन जांच में सच सामने आ गया। फुटेज में छात्र सुबह 8 बजकर 20 मिनट पर आराम से जाते हुए दिखाई दिया, जबकि उसने घटना का समय 8 बजकर 18 मिनट बताया था। यही नहीं, घटनास्थल से घर पहुंचने का समय भी मेल नहीं खा रहा था। पुलिस की जांच में सामने आया कि उस दौरान वहां से कोई कार गुजरी ही नहीं। पूछताछ में हसन ने सच कबूल कर लिया। उसने बताया कि वह आठ दिन से स्कूल नहीं जा रहा था और पढ़ाई से बचने के लिए ही कहानी गढ़ी। वहीं, गांव के ही युवक आदिल लतीफ ने उसे बयान देने के लिए पहले से तैयार किया था। वीडियो में हसन ने अपहर्ताओं को भगवा कपड़े पहने होने का भी झूठा दावा किया था। थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया पूरी कहानी गढ़ी हुई थी।

## कुलाधिपति राज्यपाल ने वत्सल वर्मा को डॉ. वीएस राम पार्लियामेंट प्राइज से किया सम्मानित



**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड कॉलेज आफ हायर एजुकेशन रायबरेली के विद्यार्थी ने राजनीतिक विज्ञान विषय में विश्वविद्यालय स्तर पर सर्वाधिक अंक हासिल कर विद्यालय सहित जिले का नाम रोशन किया है। छात्र को लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा कुलाधिपति महामहिम आनंदीबेन पटेल राजपाल उत्तर प्रदेश एवं कुल सचिव लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ के द्वारा गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। महाराजगंज क्षेत्र के निवासी वत्सल वर्मा ने बी ए फाइनल ईयर में अपने मुख्य विषय राजनीति विज्ञान में विश्वविद्यालय स्तर पर सर्वाधिक 85.56 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। इस सफलता के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय में उन्हें डा वीएस राम पार्लियामेंट प्राइज से सम्मानित किया। वत्सल वर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं महाविद्यालय के गुरुजनों को दिया। आपको बताते चलें कि जनपद रायबरेली के इस महाविद्यालय को लगातार दूसरी बार गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ है। पिछले वर्ष बीएससी जंतु विज्ञान की परीक्षा में 86.71 फीसदी अंक प्राप्त करने पर विश्वविद्यालय द्वारा सर्वज्ञ तिवारी को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया था। प्रबंध निदेशक डॉ. शशिकांत शर्मा एवं संयुक्त सचिव डॉ .रश्मि शर्मा ने इस उपलब्धि पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए छात्र को शुभकामनाएं प्रेषित किया । महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ.अनिल कुमार, डी एल एड प्राचार्य धीरेंद्र सिंह, प्रवेश प्रभारी डॉ. अरुण चैधरी एवं राजनीतिक विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ.उपासना पांडे एवं अन्य शिक्षकों ने खुशी का इजहार किया। इस उपलब्धि से महाविद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है

## पीड़िता ने बेटी के साथ छेड़खानी करने वाले शोहदों के खिलाफ दर्ज करायी प्राथमिकी

**बछरावां, रायबरेली।** बछरावां विकासखंड की ग्राम सभा मैनाहार कटरा निवासिनी किस्मतुन पत्नी मजीद ने बछरावां थाने में लिखित शिकायती पत्र देकर अवगत कराया है कि मेरी बेटी सविता पुत्री बन्ने के साथ खेत चारा काटने गयी थी तो वहां मौजूद लक्ष्मीनरायन पुत्र बिन्दादीन निवासी ग्राम मैनाहार कटरा थाना बछरावां व एक अन्य अज्ञात ने उससे पूछा कि क्या खाओगी इतने में उसके साथ मौजूद अन्य व्यक्ति ने प्रार्थिनी की बेटी से मोबाइल नंबर मांगा और अश्लील इशारें व अभद्र टिप्पणियां करते हुए हाथ पकड़ने लगा। जब प्रार्थिनी की बेटी ने विरोध किया और कहा मुझसे दूर रहो। कुछ देर बाद पानी पीने जा रही थी तो उक्त प्रतिपक्षी गणों ने पुनः प्रार्थिनी की बेटी को रोका और उक्त प्रतिपक्षी ने साथ मौजूद व्यक्ति ने गंदी गंदी गालियां देते हुए छेड़ने लगा और हाथ पकडकर जंगल की ओर घसीट ले गया और जबरन छेड़खानी करने लगा।

## छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक

**कूरेभार, सुलतानपुर ।** नेशनल प्रोग्राम फॉर क्लाइमेट चेंज एंड ह्यूमन हेल्थ के अंतर्गत रेसिंग फॉर एयर थीम के साथ बुधवार को जनता इंटर कॉलेज कूरेभार में छठवाँ अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छ व नीला आसमान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अधीक्षक डॉ. शैलेश प्रताप सिंह, डॉ. मनीष राय, फार्मासिस्ट प्रदीप वर्मा, स्टॉफ नर्स आराधना एवं बीपीएम अतुल कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन के मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले गम्भीर प्रभावों की जानकारी दी तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाने का आह्वान किया। छात्रों को स्वच्छ हवा, स्वच्छ जल और हरित वातावरण की अहमियत समझाई गई। जागरूकता कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने वाद-विवाद प्रतियोगिता और निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर अपने विचार रखे। प्रधानाचार्य राकेश मणि पांडेय, एवं शिक्षकों ने भी सक्रिय भूमिका निभाते हुए विद्यार्थियों को पर्यावरण की सुरक्षा के लिए प्रेरित किया।

# ताबड़तोड़ हो रही चोरियों से लोग परेशान

- अफवाह की बात कहकर पल्ला झाड रही पुलिस
- दहशत के साए मे जी रहे ग्रामीण

**गौरीगंज -अमेठी।** जहाँ एक तरफ पुलिस कप्तान जिले के थाना प्रभारियों की क्लास लेकर कानून व्यवस्था चुस्त दुरूस्त रखने के लिए उन्हें कडी हिदायत देते रहते हैं तो वहीं जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते क्षेत्र मे चहुँ ओर ताबडतोड चोरियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है ऐसा लगता है कि समूचा क्षेत्र चंबल घाटी मे तब्दील होता जा रहा है जिसके चलते दहशत के साए मे जी रहे ग्रामीणों की नींद हराम होकर शाम होते ही गांवों मे हल्ला गुहार मची रहती है इतना होने के बावजूद जिम्मेदार अफवाह की बात कहकर अपना दामन छुडा लेते हैं जिसके चलते चोरो के हौसले बुलंदी पर हैं।

विकास खंड जगदीशपुर के अंतर्गत स्थित दर्जनों गांवों में चोरी की घटना होने के बाद इक्का दुक्का मामले आला अफसरों तक पहुंचने पर पुलिस एफ आई आर दर्ज कर मामला ठंडे बस्ते मे डाल देती है अधिकतर मामले मे भुक्त भोगी थाने की परिक्रमा करने के बाद थकहार कर बैरंग लौट जाते हैं पुलिस मामले को फर्जी बताकर लीपापोती कर देती है हाल ही मे हुई दर्जनों चोरी की घटनाओ का खुलासा ना होने के चलते चोरो के हौसले सातवें आसमान पर हैं।

**घटना नंबर 01:-** 13 जुलाई को बाजार शुकुल रोड स्थित पुलिस बूथ के समीप निहालगढ निवासी मोहम्मद रईस की दूकान से दिन दहाड़े अज्ञात चोर 21720 (इक्कीस हजार सात सौ बीस )रुपए लेकर कर फरार हो गए।

**घटना नंबर 02:-** 05 अगस्त को दिन दहाड़े चौराहा पुलिस बूथ जगदीशपुर के समीप सेंट्रल बैंक के सामने से कासिमपुर निवासी मोहम्मद रफीक की बाइक अज्ञात चोर लेकर फुर्र हो गए।

**घटना नंबर 03:-**07 अगस्त की बीती रात सिधियावा गांव निवासी अजमत उल्ला के मकान की छत के रास्ते अज्ञात चोर घर मे घुसकर रखा 12000( बारह हजार ) नगदी समेत सोने चांदी के जेवर लेकर नौ दो ग्यारह हो गए।

**घटना नंबर 04:-** 08 अगस्त की बीती रात पूरे ठकुराइन मजरे देवकली निवासी अफ्सार के दरवाजे पर खडी बाइक लेकर अज्ञात चोर चंपत हो गए।

**घटना नंबर 05:-** 15 अगस्त की बीती रात वलीपुर निवासी बाबदीन के दरवाजे पर बंधी चार बकरा व दो बकरी अज्ञात चोर लेकर फरार हो गए।

**घटना नंबर 06:-** 29 अगस्त को पूरे बरइन मजरे मंगौली निवासी विन्ध्या प्रसाद के घर से अज्ञात चोर नगदी व जेवर लेकर फरार हो गए।

**घटना नंबर 07:-** 24 अगस्त को कस्बा निहालगढ निवासी अंजनी कुमार जिनकी किराने की दूकान इंडियन बैंक जगदीशपुर शाखा के समीप स्थित है जो लखनऊ से किराने का सामान लाने के लिए 400000 (चार लाख )रुपए घर मे रखे थे जिसे अज्ञात चोर कमरे की कुंडी तोडकर रखा नगदी लेकर चंपत हो गए।

**घटना नंबर 08:-**30 अगस्त की बीती रात जगधरपुर निवासी लियाकत के घर चोरो ने धावा बोलकर नगदी व अन्य कीमती सामान उठा ले गए।

**घटना नंबर 09:-** 31 अगस्त की बीती रात जगदीशपुर गांव निवासी रामदेव के घर अज्ञात चोरो ने दीवार फांदकर नगदी समेत लाखों का सामान लेकर भाग गए।

**घटना नंबर 10:-** 07 सितंबर की बीती रात पालपुर जामो रोड निवासी मोहम्मद जसीम के घर घुसकर अज्ञात चोरो ने सोने चांदी के जेवर एवम नगदी समेत लाखों का सामान लेकर फरार हो गए।

गौरतलब हो कि ताबडतोड हुई चोरियों मे भुक्तभोगी द्वारा थाने पर तहरीर देने के पश्चात कुछ मे पुलिस ने मुकदमा तो पंजीकृत कर लिया परंतु खुलासा करने की जहमत ना उठाते हुए उसे ठंडे बस्ते मे डाल दिया एवम कई मामले दर्ज ही नहीं किए गए।

**क्षेत्राधिकारी बोले :-** मामला संज्ञान मे है चोरियो के खुलासे के लिए थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है जिसकी जांच पडताल जारी है।

## उपराष्ट्रपति के चुनाव में भारी जीत के उपलक्ष्य में लालगंज में भाजपाइयों ने मनायीं खुशियां

**लालगंज, रायबरेली।** भारत के उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने भारी जीत हासिल की। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी सुदर्शन रेड्डी को 152 वोटों के बड़े अंतर से हराया है। उपराष्ट्रपति चुनाव में भाजपा उम्मीदवार की भारी जीत से लालगंज के भाजपा कार्यकताओं ने अटल चैक गांधी चैराहे पर जहां भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की मूर्ति पर माल्यार्पण किया वहीं जलेबी बांटकर खुशियां प्रदर्शित की। भाजपा कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के चित्रों को हाथ में लेकर विजय श्री प्रदर्शित की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मनोजस्वास्थ्य, अरुण कुमार सिंह, रामप्रताप सिंह, राजेश सिंह फौजी, भाजपा नेता कैलाश वाजपेई, उमेश सिंह, चंदन त्रिवेदी, सुरेंद्र गुप्ता, सानू वाजपेई ,अखिलेश बाजपेई, मंटूवाजपेई, शिव प्रकाश पांडे, चंद्रप्रकाश पांडे, ब्रम्हेन्द्र विक्रम सिंह, प्रियमपांडे,शिवम गुप्ता , अवधेश सविता , मोहम्मद याकूब, विजय सिंह ,रणविजय सिंह,विमल धानुक,महेश सोनीआदि नेभी प्रसन्नता व्यक्ति की है

# कांग्रेस ने पकड़ ली भाजपा की वोट चोरी : राहुल गांधी




**रायबरेली ।** बुधवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी ने पूरे देश में बीजेपी द्वारा की जा रही वोट चोरी पकड़ ली है और इसके ठोस सबूत हैं। वह ऊंचाहार के सवैया तिराहा के पास स्थित एक रेस्टोरेंट के प्रांगण में पार्टी कार्यकताओं के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। राहुल गांधी शाम करीब 4 बजकर सात मिनट पर यहां पहुंचे। उन्होंने पहले कार्यकताओं को सम्मानित किया। उसके बाद अपने संबोधन में कार्यकताओं का उत्साह आवर्धन करते हुए कहा कि आप मेरी ताकत हो। राहुल गांधी ने और चोरी के मुद्दे पर कहा कि वोट चोरी के खुलासे के बाद भाजपा डरी हुई है और अब देश की जनता इनकी हकीकत जान चुकी है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि भाजपा संविधान को खत्म करना चाहती थी और संविधान की रक्षा के लिए हम लड़ाई लड़ रहे हैं। यह लड़ाई आप सभी को मिलकर लड़नी होगी। इससे पूर्व कार्यकताओं को क्षेत्र के पूर्व विधायक कुंवर अजय पाल सिंह, कांग्रेस के प्रदेश सचिव अतुल सिंह, विजय शंकर अग्निहोत्री, जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी आदि ने भी संबोधित किया।

**एनटीपीसी अतिथि गृह पहुंचे राहुल गांधी**

कांग्रेस कार्यकताओं के सम्मान समारोह के बाद राहुल गांधी करीब 5 बजे एनटीपीसी के अति विशिष्ट अतिथिगृह पहुंचे। जहां पर एनटीपीसी के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। राहुल गांधी यहीं पर रात्रि विश्राम करेंगे। गुरुवार की सुबह वह एनटीपीसी के अति विशिष्ट अतिथिगृह में क्षेत्र के आम लोगों से मुलाकात करेंगे और उनकी समस्याओं को भी सुनेंगे।

**रातोंरात पूर्व विधायक ने बनवा दी सड़क**

राहुल गांधी के आगमन से पूर्व नगर की पुरानी रेलवे क्रॉसिंग के पास बने ओवर ब्रिज के नीचे की सर्विस रोड को रातों-रात दुरुस्त किया गया। राहुल गांधी को इसी मार्ग से एनटीपीसी जाना था। यह मार्ग इतनी बुरी तरह क्षतिग्रस्त था कि आवागमन पूरी तरह बंद था। इस मार्ग में बड़े-बड़े खतरनाक गड्ढे बने हुए थे और उन गड्ढे में कीचड़ भरा हुआ था। राहुल गांधी के कार्यक्रम को देखते हुए क्षेत्र के पूर्व विधायक कुंवर अजय पाल सिंह ने मंगलवार की रात करीब 500 मीटर लंबे इस मार्ग पर गिट्टी डलवाई और इसकी मरम्मत करवाकर इसे चलने योग्य बना दिया। बुधवार की सुबह जब आसपास के दुकानदार सोकर उठे तो सड़क की बदली सूरत देखकर उनके चेहरे खिल उठे। यहां पर मोटर पार्ट्स की दुकान करने वाले मोहम्मद मुशीर ने बताया कि यह मार्ग क्षतिग्रस्त होने के कारण सभी दुकानदारों का व्यवसाय चैपट था। फिलहाल पूर्व विधायक द्वारा इसकी मरम्मत करवा दी गई है। जिससे दुकानदारों को काफी खुशी है।

## हॉकी प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी झांसी रवाना

**सुलतानपुर (वीओएल)।** मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में चयन के आधार पर एमजीएस इंटर कॉलेज और एमएसबी इंटर कॉलेज के हॉकी खिलाड़ी प्रदेश स्तर प्रतियोगिता के लिए रेलवे स्टेशन से रवाना हुए। प्रतियोगिता 11 से 15 सितंबर तक खेली जायेगी एमजीएस कॉलेज के प्रधानाचार्य महेश कुमार सिंह और खेल प्रवक्ता राजेश कुमार रेलवे स्टेशन पर बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए टीम को रवाना किया एमजीएस इंटर कॉलेज से शिवांश, अंश, अदनान, सुरजीत, अमन यादव, उत्कर्ष भास्कर, पवन कुमार, असलम, मेहताब, वैभव सिंह, साहिल, सरिस चैरासिया, हिमांशु यादव एमएसबी कॉलेज से दिव्यांश सिंह, मो. हसनैन, आसिफ, स्पर्श राय, वीरू, धर्मजीत, आशू तिवारी, हिमांशु, आयुष टीम मैनेजर प्रदीप कुमार मौर्य और टीम कोच सुरेंद्र वर्मा साथ जा रहे हैं।

## एनएसबीवीएम में मनाया गया गुरु वंदन छात्र अभिनंदन का कार्यक्रम



**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित गुरु वंदन छात्र अभिनंदन का कार्यक्रम मनाया गया। इसके अंतर्गत विद्यालय में पधारे भारत विकास परिषद के सम्मानित सदस्यों में से अंबरीश कुमार अग्रवाल, डॉ. आरबी श्रीवास्तव, डॉ. चंपा श्रीवास्तव, शशिकांत और संध्या राय जी का विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह ने बुकें भेंट कर अभिनंदन किया। तद्पश्चात भारत विकास परिषद की तरफ से स्कूल के सर्वप्रिय शिक्षक आशीष कुमार को प्रतीक चिन्ह के साथ सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में खेलों में स्कूल की छात्रा रिया द्विवेदी, शिक्षा में दिव्यांशी सिंह तथा शिक्षा के साथ-साथ अन्य कार्यों में भी दक्ष बहुमुखी प्रतिभा की धनी अदिति मौर्या को परिषद द्वारा मेडल तथा सम्मान-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में परिषद के सम्मानित सदस्यों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आज इस विद्यालय में आकर अपार हर्ष की अनुभूति हो रही है। क्योंकि हमारे इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा, सेवा, समर्पण के साथ ही राष्ट्र के भावी कर्णधारों को संस्कारित करना भी है। जो कि आज हमें इस विद्यालय में आकर यहां के बच्चों में देखने को मिल रहा है। परिषद के सदस्यों ने स्कूल प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए प्रधानाचार्य ताकेश्वर सिंह के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की, जिन्होंने इस कार्यक्रम के लिए स्कूल का अमूल्य समय दिया। अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य ने स्कूल में भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में पधारे सभी सदस्यों को सम्मान स्वरूप उपहार भेंट कर सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## उच्चतम न्यायालय के फैसले के खिलाफ एआईपीटीएफ का राष्ट्रव्यापी विरोध आंदोलन

**सुलतानपुर (वीओएल)।** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक महासंघ (एआईपीटीएफ) ने सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले के खिलाफ राष्ट्रव्यापी आंदोलन की घोषणा की है। 1 सितंबर 2025 को दिए गए इस फैसले में न्यायालय ने सभी स्कूली शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया है, चाहे वे पहले से सेवा में क्यों न हों। एआईपीटीएफ का मानना है कि यह फैसला शिक्षकों के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा और लाखों शिक्षकों की नौकरी तथा पदोन्नति पर संकट खड़ा कर देगा।

एआईपीटीएफ के महासचिव कमलाकांत त्रिपाठी ने सभी राज्य इकाइयों को पत्र लिखकर आंदोलन में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। संगठन ने 19 सितंबर 2025 को देशभर में जिला और स्थानीय अधिकारियों के माध्यम से प्रधानमंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है, ताकि शिक्षकों की एकजुट आवाज केंद्र सरकार तक पहुँचे। इसके बाद, 3 से 10 अक्टूबर 2025 के बीच सभी सांसदों को ज्ञापन देकर संसद में मुद्दा उठाने की रणनीति बनाई गई है। महासंघ ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट में समीक्षा याचिका दाखिल करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है, जिसके लिए देश के वरिष्ठ विधि विशेषज्ञों से परामर्श लिया जा रहा है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, सुलतानपुर के जिला उपाध्यक्ष रमेश तिवारी (दुबेपुर) ने शिक्षकों से एकजुट होकर आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है। महासंघ ने स्पष्ट किया है कि यह लड़ाई शिक्षकों के अधिकार और सम्मान की रक्षा के लिए है।

# भारतीय संस्कृति पद यात्रा में गूंजी सनातन की हुंकार

- मांगों को लेकर उठी आवाज
- अद्वैत फाउंडेशन ट्रस्ट ने किया यात्रा का भव्य स्वागत

जिला संवाददाता (vol)




**सुलतानपुर।** अखिल भारतीय परशुराम एकता समिति की ओर से बुधवार को अयोध्या से प्रारंभ हुई भारतीय संस्कृति पद यात्रा सुलतानपुर की ओर बढ़ी। इस दौरान सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति की रक्षा को लेकर जोरदार हुंकार गूँजी। समिति ने यात्रा के माध्यम से चार प्रमुख माँगें रखीं, जिसमें सुलतानपुर जिले का नाम पुनः कुशभवनपुर किया जाए। गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाए। देवी-देवताओं के वेश में होने वाले अशोभनीय नृत्यों पर पूर्ण प्रतिबंध लगे। सनातन बोर्ड का गठन किया जाए। यात्रा के अयोध्या-सुलतानपुर बॉर्डर पहुंचने पर अद्वैत फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। ट्रस्ट प्रमुख राम किशोर पाण्डेय, ट्रस्टी आनंद सावरण और ट्रस्ट मैनेजर अनूप मिश्र ने पदयात्रा में शामिल अतिथियों का माल्यार्पण व पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया यात्रा का बाबूगंज ,कटका में भी स्वागत किया गया। जनपद मुख्यालय सीताकुंड पर यात्रा समापन से पहले पदाधिकारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन को मांग संबंधित ज्ञापन सौंपा।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश गौतम ने कहा कि सुलतानपुर का प्राचीन नाम कुशभवनपुर हमारी पहचान है, इसे पुनः स्थापित किया जाना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष ऋषभ देव शुक्ल ने गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने की माँग उठाई। वहीं प्रदेश महामंत्री अनूप कुमार मिश्र ने कहा कि सनातन संस्कृति पर कुठाराघात स्वीकार नहीं होगा, अशोभनीय नृत्यों पर प्रतिबंध आवश्यक है।

पदाधिकारियों ने प्रभु श्रीराम, भगवान परशुराम एवं गौ माता के स्मृति चिन्ह पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री नरेंद्र द्विवेदी, कटका क्लब अध्यक्ष सौरभ मिश्र, जिला मंत्री, महंत तिवारी, प्रदेश मंत्री संतोष मिश्र सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

अद्वैत फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से ज्योति शर्मा, रविन्द्र तिवारी, विवेक वर्मा, मनोज गुप्ता, अभिषेक पाण्डेय, प्रियांशु ओझा, प्रणय चंद्र शुक्ल, विनय सिंह, दीप्ति साहू, शुशील चैधरी, दुर्गेश पाण्डेय, अनिल सिंह, अमर प्रताप सिंह, हर्ष मिश्र, सिद्धार्थ, अमित, अनूप समेत कई सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया।

## पीडब्ल्यूडी विभाग ने लालगंज सेमरपहा मार्ग में पैचिंग का काम किया प्रारंभ

**लालगंज, रायबरेली।** पीडब्ल्यूडी विभाग निर्माण खंड 2 के सहायक अभियंता बलवंत कुमार वर्मा और अवर अभियंता अमित सिंह ने स्वयं गांधी चैराहा अटल चैक पर मौजूद रह कर पैचिंग का कार्य बुधवार को प्रारंभ कराया है। निश्चित रूप से गड्ढों की पैचिंग हो जाने से आवागमन में सुगमता हो जाएगी। वहीं सहायक अभियंता बी के वर्मा ने बताया कि संभवतः 20 सितंबर से लालगंज से सेमरपहा मार्ग का निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा और बहुत ही सुंदर ढंग से बनकर सड़क जनता के लिए उपलब्ध हो जाएगी। हालांकि उनका कहना था कि ट्रैफिक बहुत ज्यादा होने के कारण सड़क के निर्माण में बाधा उत्पन्न होती है। प्रशासन से बात करके कोई हल निकाला जाएगा। वही अवर अभियंता अमित सिंह ने सड़क के किनारे पटरी लोगों के द्वारा ऊंची कर लिए जाने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि सड़क का पानी निकल नहीं पाता है जिसके कारण सड़क बनते ही उखड़ने लगती है और लोगों के द्वारा भी सड़क पर ही पानी छोड़ा जाता है। उन्होंने लोगों से सड़क पर पानी ना छोड़े जाने की अपील की है।

संक्षेप

## नगर निगम आपके द्वार से जनसमस्याओं का होगा त्वरित समाधान

**फिरोजाबाद।** आगामी त्यौहारों की तैयारियों और संचारी रोगों से बचाव को लेकर नगर निगम फिरोजाबाद ने बड़े स्तर पर पहल शुरू कर दी है। नगर आयुक्त ऋषि राज की अध्यक्षता में आज जीवाराम हॉल में स्वास्थ्य, जलकल, निर्माण तथा मार्ग प्रकाश विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में महापौर महोदया भी उपस्थित रहीं। सभी विभागों को साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल आपूर्ति, मार्ग प्रकाश और लघु मरम्मत कार्यों में गुणवत्ता और तत्परता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त ऋषि राज ने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक वार्ड में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जाए। साथ ही शुद्ध पेयजल आपूर्ति, नालियों की सफाई, कूड़ा निस्तारण, और आवश्यक निर्माण कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अधिकारी स्वयं क्षेत्रों का निरीक्षण कर योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाई जाने पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सहायक नगर आयुक्त निहाल चन्द्र, अधिशासी अभियंता-सिविल, कर निर्धारण अधिकारी, सहायक अभियंता-सिविल, सहायक अभियंता-जल, समस्त अवर अभियंता- जलकल, अवर अभियंता- सिविल, मुख्य सफाई निरीक्षक, संबंधित स्वच्छता निरीक्षक तथा समस्त सफाई सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

## हॉस्टल में गोली काण्ड एक की मौत, दूसरा घायल

**आगरा।** ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क कोतवाली क्षेत्र के आरसीआई विद्या विहार हॉस्टल में सिर में गोली लगने से पीजीडीएम के छात्र दीपक कुमार (22) की मौत हो गई, जबकि न्यू आगरा निवासी उसका दोस्त देवांश चौहान (22) सिर में गोली लगने से गंभीर रूप से घायल है। उसका नॉलेज पार्क-1 स्थित कैलाश अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर आगरा से परिजन रवाना हो गए। हॉस्टल में गोली लगने के मामले में पुलिस जांच कर रही है। यह नहीं पता चला है कि गोली किसने मारी थी। एक छात्र की मृत्यु हो गई, जबकि दूसरे की हालत गंभीर हैं। घायल छात्र देवांश के परिजन न्यू आगरा स्थित कृपाल कॉलोनी में रहते हैं। जानकारी मिलने पर वो अस्पताल के लिए रवाना हो गए। पिता सुरेंद्र चौहान डिप्टी एसपी के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। उन्होंने कॉलोनी में दावत भी दी थी। इसमें बेटा भी शामिल हुआ था। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन ग्रेटर नोएडा के लिए रवाना हो गए। पुलिस ने लाइसेंसी रिवॉल्वर, चार कारतूस, कारतूस के दो खोखे, दोनों छात्रों के मोबाइल, लैपटॉप व अन्य सामान बरामद किया है। फोन और लैपटॉप में लॉक लगा है। फॉरेंसिक टीम ने भी हॉस्टल के कमरे का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं। घटनास्थल को पुलिस ने सील कर दिया है। मृतक के परिजनों को सूचना दी गई है। परिजनों के आने के बाद पंचायतनामा भरा जाएगा। घटना के बाद हॉस्टल और कॉलेज प्रशासन मीडिया के सवालों से बचते रहे। हॉस्टल में रहने वाले छात्र भी डरे दिखाई दिए। उन्होंने किसी भी प्रकार के सवालों के जवाब देने से मना कर दिया। एडीसीपी सुधीर कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला बंद कमरे में आपसी विवाद में गोली मारने और आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। आशंका है कि पहले इनमें से किसी ने साथी को गोली मारी और फिर खुद को भी सिर में गोली मार ली।

# सांसद व डीएम ने किया 4 शेल्टर होम/बाढ़ शरणालय का निरीक्षण

## बाढ़ ग्रस्त परिवारों को परोसा खाना, बाढ़ प्रभावित परिवारों से की वार्ता



**मथुरा।** सांसद श्रीमती हेमा मालिनी एवं डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने वृन्दावन के गुरुकुल विवि में स्थापित शेल्टर होम / बाढ़ शरणालय स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने संपूर्ण कैंप का जायजा लिया तथा बाढ़ प्रभावित परिवारों से वार्ता की। उन्होंने सभी का कुशलक्षेम जाना। सांसद एवं डीएम ने बाढ़ प्रभावित परिवारों को भोजन वितरण किया। गुरुकुल विवि निरीक्षण के उपरांत सांसद एवं जिलाधिकारी ने वृन्दावन के सुबटी देवी इंटर कॉलेज में स्थापित शेल्टर होम/बाढ़ शरणालय स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां उपस्थित माताओं एवं बहनों से वार्ता की तथा सभी का हाल-चाल जाना। माताएं एवं बहने हेमी मालिनी को देख कर उत्साहित हो गई। लोगों ने कहा कि यह तो एक सपने जैसा है, आज हमारे सामने इतनी बड़ी अभिनेत्री खड़ी हुई है। सांसद जी एवं जिलाधिकारी ने स्वयं बाढ़ प्रभावित परिवारों को खाना परोसा। उन्होंने सब्जी, रोटी, चावल आदि परोसा। उन्होंने बाढ़ राहत शिविर पर उपलब्ध मूल-भूत सुविधाओं का अवलोकन किया। सांसद हेमा एवं डीएमचंद्र प्रकाश सिंह ने श्रीगीता (बिरला) धर्मशाला में स्थापित शेल्टर होम/बाढ़ शरणालय स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों को चॉकलेट, केला, बिस्किट आदि का वितरण किया। उन्होंने मेडिकल कैंप का जायजा लिया तथा डॉक्टर से विभिन्न दवाओं के बारे में जानकारी ली एवं दवाओं को चेक किया।

सांसद हेमा मालिनी एवं डीएमचंद्र प्रकाश सिंह ने लक्ष्मी गार्डन मैरिज होम में स्थापित बाढ़ शरणालय स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र पर उपस्थित बाढ़ प्रभावित परिवारों से फीडबैक लिया। सांसद ने भोजन की गुणवत्ता के बारे में पूछा, जिसपर लोगों ने कहा कि खाना अच्छा मिलता है तथा सभी लोग पूर्ण सेवा भाव से हमारी मदद कर रहे है। लोगों ने बताया कि उन्हें कोई भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है, प्रशासन द्वारा सभी सुविधाएं ससमय उपलब्ध कराई जा रही है। जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित परिवारों से कहा कि आपकी सहायता / मदद हेतु पुलिस-प्रशासन कटिबद्ध है।

निरीक्षण में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पंकज कुमार वर्मा, उप जिलाधिकारी सदर/ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन, डिप्टी कलेक्टर राजकुमार चैधरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## यमुना के तांडव ने उजाड़ दिया आशियाना

जिला संवाददाता (vol)

**आगरा।** यमुना का तांडव आगरा में जारी है। यमुना पार के रिहायशी इलाके में लहरों ने उस आशियाने को उजाड़ दिया, जहां कुछ समय बाद ही बेटी की शादी की सहनाई गूंजने वाली थी। पानी का तेज बहाव बेटी की शादी के लिए जोड़े गए सामान को भी बहा ले गया। जिले में यमुना के किनारे बसे रिहायशी इलाकों में बाढ़ का कहर जारी है। लगातार हो रही बारिश और हथिनीकुंड बैराज से पानी छोड़े जाने की वजह से यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से तीन फीट ऊपर बह रहा है। यमुनापार के फाउंड्री नगर, गोकुल नगर में मंगलवार देर रात यमुना के तेज बहाव में एक परिवार का आशियाना उजड़ गया। मकान के पिछले हिस्से का एक कमरा, किचन, बालकनी और बाथरूम ढह गया। वहीं पर बेटी की शादी का सामान रखा था। तकरीबन ढाई लाख रुपये का सामान भी पानी में बह गया।

● बेटी की शादी का सामान भी ले गई लहरें, मंजर देख रो पड़े घरवाले

पीड़ित परिवार ने एक प्रॉपर्टी डीलर पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि कर्ज लेकर खरीदा गया यह मकान कॉलोनी बताकर बेचा गया, जबकि यह डूब क्षेत्र में है। सूचना मिलने पर प्रशासनिक अधिकारी और एत्मादपुर विधायक धर्मपाल सिंह मौके पर पहुंचे। फाउंड्री नगर, गोकुल नगर निवासी कंचन समगौर के पिता ताराचंद की छह साल पहले पैरालिसिस के कारण मौत हो गई थी। कंचन अपनी मां उर्मिला देवी और बहन गुंजन के साथ रहती हैं। वह बच्चों को ट्यूशन पढ़ाकर जीवन यापन करती हैं। घर में बड़ी बहन और उसके तीन बच्चों सहित कुल सात सदस्य रहते हैं। परिवार का आरोप है कि 2019 में बल्केश्वर निवासी डीलर लोकेश दिवाकर से पांच लाख रुपये में मकान खरीदा था। रजिस्ट्री कराने के बाद पता चला कि यह मकान डूब क्षेत्र में आता है। उनके साथ धोखाधड़ी हुई है। मंगलवार देर रात करीब दो बजे अचानक मकान के चटकने की आवाज आई। दीवारों में दरारें देखकर परिवार के सदस्य बाहर भागे। कुछ ही पलों में तेज गड़गड़ाहट के साथ मकान यमुना में समा गया। घर में रखा बेटी की शादी का सामान भी बह गया। दो साल पहले ही कर्ज लेकर यह मकान बनवाया गया था। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है।

मां उर्मिला देवी ने बताया कि उनकी बेटी कंचन समगौर की शादी दिवाली के बाद तय है। घर में शादी का सामान और जेवरात रखे हुए थे, जो बाढ़ में बह गए। अब समझ नहीं आ रहा कि शादी कैसे होगी। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। वे सरकार से मदद की गुहार लगा रहे हैं।

## लेखपाल के खिलाफ वकीलों का 10वें दिन भी धरना जारी




**फिरोजाबाद।** लेखपाल के अनैतिक कार्यों एवं आय से अधिक सम्पत्ति की जांच एवं कानूनी कार्रवाई करने की मांग को लेकर तहसील सिरसागंज के अधिवक्ताओं का धरना प्रदर्शन 10 वें दिन जारी रहा। अधिवक्ताओं ने बताया कि तहसील सिरसागंज में तैनात लेखपाल देवेन्द्र सिंह परमार ने सिरसागंज तहसील में शांति भंग में अपनी जमानत कराने आए तीन जमानतियों को न्यायालय हिरासत एवं पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में बदसलूकी कर मारपीट की तथा जमानत कर रहे अधिवक्ता को भगा दिया। इसी बात को लेकर तहसील सिरसागंज के सभी अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश के चलते 01 सितंबर से हड़ताल पर है। रेवेन्यू बार एसो. सिरसागंज के अध्यक्ष श्यामेंद्र सिंह यादव ने बताया कि हम सभी अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी फिरोजाबाद, एडीएम,एसडीएम, तहसीलदार सभी अधिकारियों को ज्ञापन देकर इस घटनाक्रम को अवगत करा दिया है। हड़ताल के 10 दिन बाद भी प्रशासन ने लेखपाल देवेंद्र परमार के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की। आज बुधवार को तहसील सिरसागंज के सभी अधिवक्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया है। साथ ही अन्य तहसीलों शिकोहाबाद, जसराना, टूंडला के अधिवक्तागण भी इस घटना के विरुद्ध हड़ताल पर है। रेवेन्यू वार एसो. दवरई फिरोजाबाद भी इस न्याय की लड़ाई में साथ खड़ी है। अधिवक्ताओं ने लेखपाल के खिलाफ प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की । अधिवक्ताओं ने कहा कि यह स्थानीय लोगों का लगातार उत्पीड़न करता चला आ रहा है इसके रसूख के चलते जिला प्रशासन ने इसके विरूद्ध कोई कार्यवाही नही कर पा रहा है । वार अध्यक्ष ने कहा कि इसने अनैतिक कार्यों से आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित कर ली है इसकी जाँच होनी चाहिए। सभी अधिवक्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि लेखपाल को सिरसागंज तहसील से से हटाया जाए। और इसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाए। धरना प्रदर्शन में रेवेन्यू बार एसो. के सभी पदाधिकारी एवं सभी अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## आगरा में तीन दारोगा सस्पेंड, ट्रैफिक ड्यूटी पर नहीं मिले, डीसीपी सिटी ने दिये आदेश

**आगरा।** डीसीपी सिटी ने तीन दारोगाओं को सस्पेंड कर दिया है। जाम की समस्या का कारण जानने के लिए निरीक्षण को निकले डीसीपी सिटी को तीन दारोगा ड्यूटी पर नहीं मिले। जबकि एक दिन पहले ही पुलिस कमिश्नर ने चौराहों पर एसओ और एसएचओ की ड्यूटी के आदेश दिए थे। शनिवार, रविवार और सोमवार को तीन दिन पूरे शहर में जाम लगा रहा। यमुना किनारा मार्ग पर यमुना नदी का पानी आ गया है। इस वजह से वाहनों को आने जाने में परेशानी हो रही है। एमजी रोड को मेट्रो ने खोद डाला है। हाईवे पर ट्रोला की टक्कर हुई तो उसे हटवाने में 24 घंटे का समय लग गया। जिस वजह से हर सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। जाम की समस्या को खत्म करने के लिए पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार ने निर्देश दिए थे कि अब हर चौराहे पर जाम की समस्या को खत्म करने के लिए एसओ और एसएचओ भी ड्यूटी देंगे। उसकी हकीकत देखने डीसीपी सिटी सोनम कुमार मंगलवार को निरीक्षण के लिए निकले। भगवान टॉकीज चौराहे पर बुरे हालात थे। चौराहे पर न्यू आगरा थाने से दरोगा विवेक यादव, धर्मेंद्र वर्मा और गौरव तेवतिया की ड्यूटी थी। तीनों के बारे में पूछा गया। तीनों गायब थे। कहां गए किसी को नहीं पता था। तीनों को डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने उसी समय सस्पेंड कर दिया।

## पुलिस ने 64 माल मुकदमों का निस्तारण किया

**फिरोजाबाद।** थाना रामगढ़ पुलिस ने आयुध अधिनियम से जुड़े 64 माल मुकदमातों का नियमानुसार निस्तारण कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। वर्ष 1993 से 1997 तक पंजीकृत मामलों को न्यायालय अपर सिविल जज सी.डी. ए.सी.जे.एम. के आदेश पर निस्तारित किया गया। नगर मजिस्ट्रेट और क्षेत्राधिकारी नगर की मौजूदगी में वीडियो, फोटोग्राफी कर पूरी प्रक्रिया को पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया गया। पुलिस की इस पहल से वर्षों से लंबित मामलों का समाधान हुआ, जिससे न्याय व्यवस्था को बल मिला और अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण का संदेश गया। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश पुलिस की जवाबदेही और प्रभावशीलता का बेहतरीन उदाहरण है।

# बाढ़ पीड़ितों को श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान ने भिजवाये सामग्री पैकेट




**मथुरा।** बाढ़ पीड़ितों को भोजन सामिग्री का वितरण, बाढ़ पीड़ितों के सहायता के लिए श्रीकृष्ण जन्मस्थान से भोजन सामिग्री के पैकेट वितरण के लिए भेजे गए। बाढ़ पीड़ित परिवारों को भोजन सामिग्री के पैकेट लेकर जा रही वैन को श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा-संस्थान के सचिव कपिल शर्मा व सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुवेर्दी ने श्रीकृष्ण जन्मस्थान से रवाना किया। संस्थान का प्रयास है कि मथुरा यमुनापार का वह क्षेत्र जहाँ राहत सामिग्री नहीं पहुंची है एवं उन परिवारों जिनके घर तो बाढ़ से प्रभावित हुए ही हैं, साथ ही उनकी जीविका पर भी संकट आ गया है, को प्राथमिकता पर भोजन सामिग्री के पैकेट वितरित किए जाऐंगे। संस्थान कर्मी जरूरतमंद परिवारों को राहत सामग्री का कूपन देंगे एवं इस कूपन के आधार पर जरूरतमंदर को राहत सामिग्री का पैकेट प्रदान करेंगे। राहत सामिग्री में पर्याप्त मात्रा में आटा, चावल, दाल, नमक, मसाले, तेल, चीनी, गुड़, भुने चने, अचार एवं चाय पत्ती आदि खाद्य सामिग्री का वितरण होगा।

## संपत्ति विवाद में छोटे भाई की गोली मारकर हत्या

**मथुरा।** जिले में नौहझील थाना क्षेत्र के गांव शल्ल में संपत्ति विवाद के चलते बड़े भाई ने मंगलवार की देर रात अपने छोटे भाई की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद वह फरार हो गया। सूचना पर एसपी देहात और नौहझील पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एसपी देहात सुरेश सिंह रावत ने बुधवार को बताया कि गांव शल्ल निवासी चन्द्रपाल सिंह के बड़े बेटे संजीव और अजीत के बीच पिता की 12 बीघा जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। अजीत अविवाहित है। मंगलवार रात 12 बजे झगड़े के दौरान संजीव सिंह ने अजीत सिंह को गोली मार दी। गंभीर रूप से घायल अजीत सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। चैकीदार डंबर सिंह ने गांव के रास्ते में शव पड़ा देखा और परिजनों व पुलिस को सूचना दी।

## अवैध धर्मांतरण में आयशा को नहीं मिली जमानत, 12 सितंबर को होगी सुनवाई

**आगरा।** अवैध धर्मांतरण का गंदा खेल खुला, तो कई राज से पर्दा उठ गया। इस गिरोह में हिंदू युवतियों के धर्म परिवर्तन कराने से लेकर मानव तस्करी और अंग बेचने वाले गिरोह तक संबंध निकले। मामले में फंसी आयशा को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया था। सदर की सगी बहनों का धर्मांतरण के मामले में जेल भेजी गई आरोपी गोवा की एसबी कृष्णा उर्फ आयशा को जमानत नहीं मिल सकी। जिला जज संजय कुमार मलिक ने प्रार्थना पत्र निरस्त करने के आदेश दिए। मामले में चार अन्य के प्रार्थना पत्र पर वादी के अधिवक्ताओं की ओर से काउंटर दाखिल करने के लिए समय मांगा गया। इस पर अब 12 सितंबर को सुनवाई होगी। थाना सदर में सगी बहनों के अपहरण का मुकदमा दर्ज हुआ था। इस मामले में दोनों बहनों को बरामद कर 14 आरोपियों को जेल भेजा गया था। जांच में कई तथ्य सामने आए थे। गिरोह विदेशी फंडिंग से धर्मांतरण करा रहा था। युवतियों को कश्मीर ले जाया जाता था। उनका ब्रेनवॉश किया जाता था। इसके बाद धर्मांतरण कराया जाता था। गिरोह के तार मानव तस्करी और अंग बेचने वाले गिरोह से भी सामने आए थे। धर्मांतरण के मामले में गुजरा भाट, गोवा की आरोपी एसबी कृष्णा उर्फ आयशा को जेल भेजा गया था। आरोपी की ओर से सत्र न्यायालय में जमानत याचिका प्रस्तुत की। वादी की तरफ से जिला शासकीय अधिवक्ता राधा कृष्ण गुप्ता, दीपक शर्मा, जगदीश कुमार ने जमानत प्रार्थना पत्र का विरोध किया। वहीं आरोपी की ओर से अधिवक्ता ऋषि राज चौहान, विलाल अहमद ने कहा कि उसे झूठा फंसाया गया है। वह मुकदमा में नामजद नहीं थीं। इसी मामले में आरोपी शेखर राय उर्फ हसन अली, रिथ बनिक उर्फ मोहम्मद इब्राहिम, अबू तालिब एवं पीयूष पंवार उर्फ मोहम्मद अली के जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई को 12 सितंबर तय की है।

# बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का दौराः जब विधायक बाबूलाल ने चलाया ट्रैक्टर और सवार बने मंडलायुक्त

**आगरा।** यमुना का जलस्तर बढ़ने से गांवों में आई बाढ़ का निरीक्षण करने पहुंचे मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह को पीड़ितों तक पहुंचने के लिए ट्रैक्टर की सवारी करनी पड़ी। यही नहीं, मंडलायुक्त को पीड़ितों तक पहुंचाने के लिए ट्रैक्टर की स्टेयरिंग क्षेत्रीय विधायक चौधरी बाबूलाल ने संभाल रखी थी। ट्रैक्टर में सवार होकर विधायक और मंडलायुक्त को अपने बीच देख ग्रामीण अपनी आधी परेशानी तो वैसे ही भूल गए। मंडलायुक्त आज जिले में आई बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों और राहत शिविरों का निरीक्षण करने निकले हुए थे। शहरी क्षेत्र का निरीक्षण करने के बाद वह तहसील किरावली के ग्राम पंचायत सामरा पहुंचे जहां उन्होंने विधायक चौधरी बाबूलाल के साथ ट्रैक्टर में बैठकर बाढ़ प्रभावित ग्राम नगला सोमनाथ का निरीक्षण किया। यहां यमुना नदी में आई बाढ़ से किसानों की फसलें व खेत जलमग्न हो चुके हैं। मंडलायुक्त ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा करने के बाद संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक टीम गठित कर किसानों की फसलों के नुकसान का आंकलन कर उचित मुआवजा दिलाने हेतु रिपोर्ट तैयार की जाए। उन्होंने क्षेत्रीय लोगों की मांग पर बारिश और जलभराव से क्षतिग्रस्त हो चुकी सड़कों का जीर्णोद्धार कराने एवं भरतपुर की ओर से आने वाले पानी को रोकने हेतु बंदी की कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया। इससे पहले मंडलायुक्त बल्केश्वर स्थित आईटीआई पहुंचे, जहां बाढ़ राहत केंद्र बनाया गया है। यहां बल्केश्वर के सरस्वती नगर के आगे रजवाड़ा क्षेत्र में बसे उन प्रभावित परिवारों को शरण दी गई है, जिनके घरों में यमुना नदी का पानी पहुंचने से आम जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। विगत तीन दिनों से वे सभी लोग राहत केंद्र पर ही जीवन यापन कर रहे हैं। मौके पर क्षेत्रीय विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, पार्षदगण और अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे, जो राहत केंद्र की व्यवस्था में सहयोग कर रहे हैं। मंडलायुक्त ने प्रभावित परिवार की महिलाओं व बच्चों से बातचीत कर हालचाल लिया और जाना कि उन्हें ठीक प्रकार से भोजन पानी मिल रहा है या नहीं। उन्हें अवगत कराया गया कि इस राहत केंद्र पर लगभग 150 लोग रह रहे हैं, जिनके लिए समुचित रहने और खाने-पीने की व्यवस्था की गई है। आयुक्त ने बल्केश्वर घाट से कॉलोनी की तरफ बढ़ रहे यमुना नदी के पानी के स्तर के बारे में संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि और भी क्षेत्र प्रभावित होते हैं, तो उन क्षेत्रों के प्रभावित परिवारों के लिए भी उचित व्यवस्था के प्रबंध किए जाएं। इसके बाद मंडलायुक्त सिंह ने कैलाश गांव, मंदिर परिसर व यमुना घाट का भी निरीक्षण किया।

## भाजपाइयों ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर की कार्यशाला, किया मंथन

**मथुरा।** 2026 में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत एवं शिक्षक स्नातक विधान परिषद चुनाव को लेकर भाजपा ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को पुष्पांजलि स्तिथ कैंप कार्यालय में आयोजित जिला इकाई की कार्यशाला में पार्टी की चुनावी रणनीति पर मंथन हुआ। मुख्य वक्ता मुख्य अतिथि जिला प्रभारी अशोक कटारिया ने कहा कि यह चुनाव सिर्फ जीत-हार का नहीं, बल्कि संगठन की असली परीक्षा है। उन्होंने कहा कि शिक्षक और स्नातक क्षेत्र भाजपा की रीढ़ हैं। यह वर्ग समाज के विचार निमार्ता हैं और यहां के मतदाता वादों के बजाय काम के आधार पर वोट करते हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार ने नई शिक्षा नीति, डिजिटल शिक्षा और समाज के विभिन्न वर्गों के उत्थान के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होने बताया पार्टी का फोकस जिला पंचायत सदस्य और अध्यक्ष के चुनाव पर रहेगा, जबकि प्रधान और बीडीसी चुनाव में संगठन किसी पक्ष में नहीं रहेगा। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष निर्भय पाण्डे ने कहा पीएम और यीएम योगी की सरकार ने गांव, गरीब और किसान के उत्थान के लिए जो योजनाएं चलाई हैं, उनका लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभी से बूथ स्तर पर सक्रिय होकर विजय का संकल्प पूरा करने की अपील की। एमएलसी मानवेंद्र सिंह और राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा ने सभी कार्यकताओं को चुनावी रणनीति में जुट जाने का आव्हान किया। जिला मीडिया प्रभारी श्याम चतुर्वेदी ने बताया जिला पदाधिकारी द्वारा प्रति व्यक्ति 50 स्नातक मतदाता बनाया जाना तथा पार्टी के सभी सक्रिय सदस्यों द्वारा प्रति सदस्य 20 मतदाता बनाए जाएंगे। कार्यशाला में सलिग राम वटिया, नरदेव, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ देवेंद्र शर्मा, भानू प्रताप सिंह,मुरारी लाल,कोसी चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल, गोकुल चेयरमैन संजय दीक्षित, जिला महामंत्री अनिल चौधरी,समेत कई वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## लायंस क्लब ने शिक्षकों को किया सम्मानित




**टूंडला।** स्टेशन रोड स्थित एक मेरिज होम में लायंस क्लब द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षकों को सम्मानित किया गया। क्लब अध?यक्ष नीरज जैन ने कहा कि शिक्षक समाज की सच्ची धरोहर हैं। शिक्षक बच?चों में ज्ञान और संस्कारों की ज्योति जलाते हैं। क्लब के पदाधिकारियों ने अल्पना शर्मा, नीतू श्रीवास्तव, रंजना कुलश्रेष्ठ, अनीता सिंह, सुभा शर्मा को सम्मानित किया। कार्यक्रम में जीवन बीमा जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इसमें आगरा से आए ऋषभ शाह, प्रदीप यादव ने जीवन बीमा की महत्वता को बताया। कार्यक्रम के उपरांत तेममिल रोड निवासी पुष्पेंद्र उपाध्याय व रेखा उपाध्याय की पुत्री को अमेरिका के शिकागो में शिक्षा के लिए जाने पर सम्मानित किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष नीरज जैन, सचिव अंकित जैन, कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता, सिद्धांत सागर जैन, प्रदीप शर्मा, केएस यादव, अशोक गुप्ता, डॉ. संजीव जैन, आलोक उपाध्याय, संदीप श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने पूर्व सैनिकों के साथ शिव शक्ति वृद्धाश्रम का भ्रमण किया

**फिरोजाबाद।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय फिरोजाबाद के अधिकारी कैप्टन आई.एन. आशीष कुमार मित्तल ने कार्यालय स्टाफ, पूर्व सैनिकों व आश्रितों के साथ शिव शक्ति वृद्धाश्रम समिति द्वारा संचालित अपना घर आश्रम का भ्रमण किया। आश्रम में निवास कर रहे लगभग 60 दिव्यांगजन व वृद्धजनों के साथ समय व्यतीत कर उनका मनोबल बढ़ाया गया तथा उन्हें स्वल्पाहार वितरित किया गया। साथ ही उनकी आवश्यकताओं के बारे में जानकारी लेकर सेवा का भरोसा दिया गया। इस दौरान वृद्धाश्रम के पदाधिकारी, कार्यालय कर्मचारी तथा पूर्व सैनिक व आश्रित भी उपस्थित रहे। सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, फिरोजाबाद द्वारा इस पहल को समाज सेवा और सहानुभूति का आदर्श बताया गया।

## हेमामालिनी ने बाढ़ राहत शिविर में बच्चों को दुलारा दिये चॉकलेट, अबोध बालक को दिखाया लाड़



**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** बाढ़ राहत शिविर बिड़ला मंदिर धर्मशाला में सांसद ने सभी बाढ़ प्रभावितों से राधे राधे बुलवाया तो एक बाढ़ प्रभावित बच्चे को दुलार किया तथा सांसद ने एक महिला की गोद से अबोध बालक को लेकर खूब दुलार किया। जिससे बाढ़ पीड़ित महिलाएं खुश नजर आई। सांसद ने अधिकतर महिलाओं से हाथ भी मिलवाया जो कि भजन गा रही थीं। सांसद ने डीएम सीपी सिंह एडीएम वित्त एवं राजस्व डॉ. पंकज वर्मा आईएएस एसडीएम अभिनव जैन और पार्षदध्कैबिनेट सदस्य राकेश भाटिया के साथ बच्चों को चॉकलेट बिस्कुट केला वितरित किए। करीब 20 मिनट तक बाढ़ पीड़ितों के साथ समय बिताते हुए सांसद ने सभी का हाल जाना। सभी को आश्वस्त किया कि हर संभव मदद की जाएगी। इसके बाद सांसद यहां अगले बाढ़ राहत शिविर की तरफचली गई। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा भानु कुंज बिहारी चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

# बाढ़ का पानी घटने से चेहरों पर आयी खुशी

जिला संवाददाता (vol)




**मथुरा।** एक सप्ताह से यमुना का रौद्र रूप देख मुरझाए बाढ़ पीड़ितों के चेहरे पर आज सुबह से चेहरे पर खुशी के साथ ही कुछ राहत की उम्मीद दिखाई दी और अपने घर लौटने की उम्मीद जगी है। इसका कारण यमुना के जलस्तर में कमी होने का सिलसिला शुरू होना रहा। 24 घंटे में मात्र 30 सेंटीमीटर से अधिक यमुना का जलस्तर कम हुआ है। लेकिन, अब भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में हालात भयावह हैं।

यमुना का फैलाव इतना हो चुका है कि लोग परेशान हैं। घरों की छतों पर लोग आशियाना बनाए हुए हैं। यमुना की खादर टापू बन चुकी है तो बाजार मार्ग में भी पानी भरा हुआ है। बाढ़ राहत शिविर में रह रहे लोगों को अपने मकानों के गिरने की चिंता परेशान किए है। हालांकि अब धीरे-धीरे यमुना का जलस्तर गिरेगा, लेकिन अभी भी तीन से चार दिन हालात काबू में आने में लगेंगे। पहाड़ी क्षेत्र में भारी वर्षा के कारण ताजेवाला, ओखला व हिंडन बांध से यमुना नदी में लाखों क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इस पानी से यमुना का जलस्तर लगातार तेजी से बढ़ा। 10 दिन में यमुना नदी ने 1978 के बाद के सभी रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए। हाल यह रहा कि यमुना किनारे खादर में पांच फीट तक कई किलोमीटर तक पानी भर गया। ये पूरा क्षेत्र टापू में तब्दील हो गया। यमुना का फैलाव इतना बढ़ा कि मथुरा जोन के यमुना किनारे के सभी घाट डूब गए और पानी स्वामी घाट व बंगाली घाट के बाजार मार्ग पर कई फीट भर गया। इससे आवागमन प्रभावित हो गया। इसके अलावा यमुना के तटवर्ती सभी गांवों में बाढ़ के हालात बन गए। घरों में पानी भरने के कारण हजारों लोगों को बाढ़ राहत शिविर में रखा गया है। यहां प्रशासन एवं समाजसेवी द्वारा राहत सामग्री का वितरण किया जा रहा है। भले ही यमुना का जलस्तर कम हो रहा हो, लेकिन अब भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में हालात बिगड़े हुए हैं। यहां पानी का भराव यथास्थिति में है। शहरी क्षेत्र में यमुना किनारे बंगाली घाट पर बाजार मार्ग पर पानी अब भी भरा हुआ है। आवागमन बंद चल रहा है। स्वामी घाट पर भी बाजार मार्ग पर पानी भरा है। इसी तरह बलदेव के नगला हगा, नहचला, शेरगढ़ के बाबूगढ़ व कस्बा, नौहझील के छिनपारई गांव में हालात यथावत हैं। राहत शिविर में रह रहे लोगों को मकान गिरने की चिंता सताए हुए है। वे अपने घर के हाल अन्य लोगों से पूछ रहे हैं। अधिकारी भी हालात पर नजर बनाए हुए हैं। वृन्दावन की हालात अभी चिंताजनक बनी है तो वहीं जमुनापार क्षेत्र के कई कालौनियों से यमुना नदी का जल उतर गया है। बुधवार को जिलाधिकारी सीपी सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार, बाढ़ नियत्रंण अधिकारी/ एडीएम वित्त एंव राजस्व डा. पंकज कुमार के अलावा नगर आयुक्त जग प्रवेश बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर राहत सामग्री वितरित कर रहे है।

## अपहरण मामले में पत्नी भाइयों के पक्ष में आयी पति पर मारपीट का आरोप, केस दर्ज

**आगरा।** बहन के साथ मारपीट से आहत भाइयों ने उसके पति का कार से अपहरण कर लिया था। इस मामले में उन पर कार्रवाई हुई, तो पत्नी भाइयों के पक्ष में आ गई है। उसने पति पर मारपीट का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। खंदौली थाना क्षेत्र के खेरिया गांव में बृहस्पतिवार को हुए हरदेव के अपहरण कांड में अब नया मोड़ सामने आया है। अपहत किसान हरदेव की पत्नी ने पुलिस में तहरीर देकर अपने ही पति सहित तीन लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। पत्नी लक्ष्मी देवी का आरोप है कि घटना वाले दिन हरदेव और गांव के ही सतेंद्र और राजू ने उनसे मारपीट की थी। इस आधार पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लक्ष्मी देवी ने आरोप लगाया है कि उसका पति हरदेव आए दिन विवाद करता है। 3 सितंबर की सुबह करीब 11 बजे हरदेव ने उसे पकड़कर पीटा था। इसी दौरान राजू और सतेंद्र ने भी गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। शोर सुनकर उनकी बहन ललिता पहुंची और किसी तरह उन्हें बचाया था। पीड़िता का आरोप है की घटना के बाद भी राजू और सतेंद्र ने उसे धमकाया था। मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर हरदेव, राजू और सतेंद्र के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

## संक्षेप

### सैमसंग ने किया किड्स डे सैमसंग 2025 का आयोजन

नयी दिल्ली। सैमसंग ने आज किड्स डे @सैमसंग 2025 का आयोजन किया। यह एक अनूठा उत्सव था, जिसमें कर्मचारी, उनके बच्चे और जीवनसाथी एक ही जगह पर इकट्ठा हुए ताकि सैमसंग परिवार का हिस्सा होने का गर्व महसूस कर सकें। गुरुग्राम में सैमसंग के कॉर्पोरेट कार्यालय में आयोजित इस दिनभर के कार्यक्रम को परिवारों को यादगार पल देने और अगली पीढ़ी को सपने देखने, इनोवेशन करने और टेक्नोलॉजी को एक्स्प्लोर करने के लिए प्रेरित करने के लिए डिजाइन किया गया था। इस कार्यक्रम ने बच्चों को उनके माता-पिता के साथ सैमसंग की दुनिया में आने, उनके वर्कप्लेस को देखने और कंपनी की इनोवेशन व देखभाल की संस्कृति को महसूस करने का मौका दिया।

### एसरी इंडिया और ध्रुवास्पेस ने की साझेदारी

हैदराबाद। एसरी इंडिया ने एडवांस्ड जीआईएस इंटीग्रेशन के जरिए भारत में सैटेलाइट इमेजरी की उपलब्धता एवं पहुंच बढ़ाने के लिए हैदराबाद स्थित ध्रुवास्पेस के साथ सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। ध्रुवास्पेस एक फुल-स्टैक स्पेस टेक कंपनी है। इस रणनीतिक साझीदारी के जरिए ध्रुवास्पेस ऑप्टिकल, एसएआर, आरएफ व हाइपरस्पेक्ट्रल सेंसर्स में फैले हुए 200 से अधिक सैटेलाइट्स के एक तारामंडल नेटवर्क से डेटा एकत्रित कर उसे एक एकीकृत पारितंत्र में डालने वाले अपने एस्ट्राव्यू कॉमर्शियल सैटेलाइट इमेजरी सेवा का विस्तार करने के लिए एसरी इंडिया के एडवांस्ड आर्क जीआईएस टेक्नोलॉजी का उपयोग करेगी।

### मैक्स फैशन के पुरुष ब्रांड अंबेसडर बने सिद्धांत

नयीदिल्ली। मैक्स फैशन ने ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, एक्टर और कल्चरल ट्रेंडसेटर सिद्धांत चतुर्वेदी को अपना पहला पुरुष ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की है। नये कैंपेन हाउ न्यू इज योर न्यू का चेहरा बने सिद्धांत चतुर्वेदी अपनी सहज स्टाइल और उस पीढ़ी से जुड़ने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं, जो व्यक्तिगत पहचान और सांस्कृतिक उत्कृष्टता दोनों को महत्व देती है। मैक्स हर हफ्ते नए स्टाइल के साथ लाखों लोगों तक फैशन की प्रेरणा पहुंचाता है, जो लगातार बदलते ट्रेंड्स और विकसित होती व्यक्तिगत स्टाइल के साथ तालमेल बनाए रखती हैं। सिद्धांत की व्यापक लोकप्रियता और जेन जी से जुड़ाव से परे, वे एक ऐसा अंदाज लेकर आते हैं।

### माउंटेन ड्यू का नए 400 एमएल पीईटी पैक लॉन्च

नयी दिल्ली। पेप्सिको इंडिया के बोल्ड एवं फियरलेस बेवरेज ब्रांड माउंटेन ड्यू ने मात्र 20 रुपये में अपना नया 400 एमएल पीईटी पैक लॉन्च करने का एलान किया है। अनूठी लॉन्चिंग के साथ माउंटेन ड्यू ने अपने प्राइस-पैक आर्किटेक्चर को इस तरह विस्तार दिया है, जिससे ड्यूडर के आगे जीत है की कंपनी की फिलॉसफी के मुताबिक बेहतर वैल्यू एवं एक्सेसिबिलिटी मिल सके। ब्रांड अपने प्रशंसकों को हर सिप के साथ साहस और रोमांच को गले लगाने के लिए प्रेरित करता रहेगा। इस लॉन्चिंग के मौके पर माउंटेन ड्यू ने रोमांच से भर देने वाले कैंपेन का भी अनावरण किया है।

### सोशल बड़े स्क्रीन पर करायेगा मेहमानों को नया अनुभव

नयी दिल्ली। मेहमान अपने नजदीकी सोशल में आकर, प्रशंसकों के लिए बनाए गए माहौल में मैच का रोमांच महसूस कर सकते हैंसोशल बड़े स्क्रीन, जोश से भरे माहौल और ऑफर के साथ मैच का रोमांच दोगुना करने के लिए तैयार है, जो दोस्तों के साथ मैच देखने का सबसे अच्छा माहौल बनाता है एशिया कप 2025 एक रोमांचक क्रिकेट सीजन की शुरूआत करता है रविवार, 14 सितंबर फैंस 3, 6 और 9 बीयर वाले बकेट में से चुन सकते हैं। लाइव क्रिकेट का रोमांच, दोस्तों के साथ बैठने की आरामदायक जगह और आसानी के साथ, सोशल टूनामेंट के इस सबसे प्रतीक्षित मैच के हर पल का अनुभव करने के लिए सबसे अच्छी बन जाता है।

### जैक्सन ने पेश किये स्थायी समाधान

नई दिल्ली। जैक्सन डिस्ट्रिब्यूटेड एनर्जी बिजनेस ने अपनी कस्टमर मीट का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह कार्यक्रम ग्राहकों के साथ मौजूदा संबंधों को मजबूत करने, नई साझेदारियां करने और क्षेत्र में अपनी मौजूदगी बढ़ाने की जैक्सन की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। इस सम्मेलन में 70 से अधिक डीलरों, उद्योग विशेषज्ञों, ग्राहकों और संभावित खरीदारों ने हिस्सा लिया, जहां आइडियाज का आदान-प्रदान हुआ और बाजार से संबंधित जानकारी साझा की गई।

# सेंसेक्स में 324 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 324 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी 104 अंक के लाभ में रहा। भारत-अमेरिकी के बीच व्यापार वार्ता सफल होने की उम्मीद फिर से बंधने से बाजार में तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 323.83 अंक यानी 0.40 प्रतिशत चढ़कर 81,425.15 अंक पर बंद हुआ।

यह लगातार तीसरा दिन है जब सेंसेक्स में तेजी रही। कारोबार के दौरान, यह 542.56 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी में लगातार छठे दिन तेजी रही और यह 104.50 अंक यानी 0.42 प्रतिशत बढ़कर 24,973.10 अंक पर पहुंच गया। आईटी और पूंजीगत वस्तुओं के शेयरों में तेजी और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अगले सप्ताह ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद ने भी बाजारों धारणा को मजबूत किया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय संबंधों में आई कड़वाहट दूर होने का संकेत दिया है। ट्रंप ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता के किसी सफल निष्कर्ष पर पहुंचने में कोई कठिनाई नहीं होगी और वह आने वाले हफ्तों में अपने बहुत अच्छे मित्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बातचीत करने को उत्सुक हैं। इसके जवाब में, प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को एक्स पर लिखा कि दोनों देशों के बीच जारी बातचीत उनके बीच साझेदारी की असीम संभावनाओं को सामने लाने का रास्ता साफ करेगी। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स 4.26 प्रतिशत चढ़ा। एचसीएल टेक 2.57 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस 2.19 प्रतिशत और टीसीएस 1.99 प्रतिशत मजबूत हुआ। इसके अलावा टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, एक्सिस बैंक और भारतीय स्टेट बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहें। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, टाटा मोटर्स और अल्ट्राटेक सीमेंट शामिल हैं। भारत और अमेरिका के बीच जारी व्यापार वार्ताओं को लेकर नए सिरे से उम्मीद बंधने से बाजार धारणा मजबूत हुई है। जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने और मौद्रिक नीति नरम होने के लाभ के साथ वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही में बेहतर आय की उम्मीद, मूल्यांकन को लेकर स्थिति मजबूत बना रही है। मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.84 प्रतिशत चढ़ा, जबकि छोटी कंपनियों से संबंधित बीएसई स्मॉलकैप 0.72 प्रतिशत के लाभ में रहा। भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता में प्रगति को लेकर नए सिरे से उम्मीद बंधने से बाजार को समर्थन मिला। इसके अलावा, विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है...।

# रुपया चार पैसे चढ़कर 88.11 प्रति डॉलर पर



मुंबई। विदेशी संस्थागत निवेशकों के मजबूत प्रवाह और डॉलर की कमजोरी के बीच रुपये ने बुधवार को अपने रिकॉर्ड निचले स्तर से थोड़ी मजबूती दिखाई और चार पैसे चढ़कर 88.11 रुपये प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता में गतिरोध दूर होने के संकेत और घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रुझान से रुपये को समर्थन मिला। हालांकि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने मजबूती को सीमित रखा। अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपये 88.14 प्रति डॉलर के भाव पर खुला और 88.0688.19 के सीमित दायरे में कारोबार करने के बाद 88.11 (अस्थायी) के भाव पर बंद हुआ। यह पिछले बंद भाव के मुकाबल चार पैसे की मजबूती है। मंगलवार को रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर 88.15 तक गिर गया था। शुक्रवार को रुपये ने अपने अब तक के सबसे निचले स्तर 88.38 पर पहुंचा था। रुपया एक दायरे में बना रहा। रिजर्व बैंक डॉलर के 88.20-88.30 स्तर पर विक्रेता के रूप में मौजूद रहा जिससे विनिमय भाव दायरे में रहा। बृहस्पतिवार को रुपये की अपेक्षित सीमा 87.90 से 88.40 प्रति डॉलर के बीच रहने का अनुमान है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 प्रतिशत गिरकर 97.74 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.89 प्रतिशत बढ़कर 66.98 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 323.83 अंक बढ़कर 81,425.15 और निफ्टी 104.50 अंक ऊपर 24,973.10 पर बंद हुआ।

## एसएमई को लेकर बढ़ रहा बैंकों का जोखिम, एफडी दरें निचले स्तर पर

मुंबई। घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बुधवार को कहा कि बैंकों का छोटे एवं मझोले उद्यमों (एसएमई) के प्रति जोखिम बढ़ रहा है और यह वित्तीय प्रणाली के लिए चुनौती बन सकता है।

रेटिंग एजेंसी ने यह भी संकेत दिया कि बैंकों की सावधि जमा (एफडी) दरें अब निचले स्तर पर आ चुकी हैं और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा नीतिगत दरों को स्थिर रखने पर भी इनमें और गिरावट होने की संभावना कम है। इक्रा रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष के लिए बैंकिंग प्रणाली की ऋण वृद्धि दर 10.5 प्रतिशत रहने का अनुमान बरकरार रखा है। वहीं गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) की प्रबंधन-अधीन परिसंपत्तियों (एयूएम) में 15 से 17 प्रतिशत वृद्धि हो सकती है। एसएमई ऋण पोर्टफोलियो में दबाव के संकेत दिख रहे हैं। खास तौर पर 25 लाख रुपये से कम के उधार लेने वाली एकल स्वामित्व फर्मों में तनाव दिख रहा है। मार्च, 2025 में एनबीएफसी का एसएमई ऋणों पर नुकसान बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो गया जबकि एक साल पहले यह आंकड़ा तीन प्रतिशत था। उच्च ब्याज दर (20 प्रतिशत से अधिक) और छोटे आकार वाले ऋणों में सबसे ज्यादा दबाव देखा जा रहा है। अक्टूबर की मौद्रिक नीति समीक्षा में आरबीआई के दरों में कटौती की संभावना नहीं दिख रही है और केंद्रीय बैंक लंबे समय तक स्थिर रुख बनाए रख सकता है।

## 1.13 लाख प्रति 10 ग्राम के नये शिखर पर सोना

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत बुधवार 250 रुपये बढ़कर 1,13,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। वैश्विक स्तर पर केंद्रीय बैंकों की मजबूत खरीदारी, कमजोर डॉलर और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच सोना मजबूत हुआ है।

हालांकि चांदी 300 रुपये टूटकर रिकॉर्ड स्तर से से नीचे आ गई। इस साल अब तक, सोने की कीमत में 34,050 रुपये या 43.12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 31 दिसंबर, 2024 को इसकी कीमत 78,950 रुपये प्रति 10 ग्राम थी, जो अब बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, मंगलवार को सोना 5,080 रुपये की तेजी के साथ 1,12,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बुधवार को 99.5 प्रतिशत



शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 250 रुपये बढ़कर 1,12,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई। सोना अभी भी अपनी रिकॉर्ड ऊंचाइयों के करीब कारोबार कर रहा है। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि अमेरिकी डॉलर का सूचकांक कमजोर होकर सात हफ्तों के निचले स्तर पर आ गया है और साथ ही आने वाले महीनों में ब्याज दरों में बड़ी कटौती की उम्मीदें भी बढ़ रही हैं। सोना अभी भी रिकॉर्ड उच्चतम स्तर के पास कारोबार कर रहा है। इसे अमेरिकी डॉलर सूचकांक में कमजोरी से समर्थन मिल रहा है, जो सात हफ्तों के निचले स्तर पर गिर चुका है और आने वाले महीनों में दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीदों से भी इसे समर्थन मिल रहा है। सर्राफा संघ ने कहा कि चांदी की कीमतें रिकॉर्ड स्तर से से नीचे आ गईं, और बुधवार को 300 रुपये टूटकर 1,28,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। पिछले सत्र में, चांदी 1,28,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 0.85 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 3,657.09 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर रहा था। यह पीली धातु मंगलवार को 3,674.75 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के एक नए शिखर पर पहुंच गई थी।

## अब कर्ज के लिए बैंकों की ओर लौट सकती हैं कंपनियां

कोलकाता। ऋण बाजार में बॉन्ड प्रतिफल में मजबूती के कारण कंपनियां अपनी कर्ज जरूरतों को पूरा करने के लिए वाणिज्यिक बैंकों की ओर लौट सकती हैं। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

एसबीआई के प्रबंध निदेशक (अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग और वैश्विक) राम मोहन राव अमारा ने कहा कि कंपनियां अब अपनी ऋण की जरूरतों को पूरा करने के लिए बैंकों की ओर रुख कर रही हैं। हमने देखा है कि वर्तमान तिमाही में ऋण पत्र (डेटपेपर) के निर्गम की मात्रा में कमी आई है। पहली तिमाही में तीन लाख करोड़ रुपये के निर्गम हुए थे, जो अब कम हो गए हैं क्योंकि प्रतिफल बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि दस साल का प्रतिफल 6.6 प्रतिशत तक बढ़ गया है, जबकि राज्य सरकारों के 30 साल के बॉन्ड के प्रतिफल 7.5 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। अगर प्रतिफल इसी तरह बढ़ते रहे तो कंपनियां ऋण के लिए बैंकों के पास वापस आएंगी। उन्होंने कहा कि यह एक गतिशील स्थिति है और इसका आकलन करने की आवश्यकता है। अमेरिका द्वारा उच्च शुल्क लगाए जाने के संबंध में उन्होंने कहा कि इसके प्रभाव का पता चालू तिमाही में लगाया जा सकता है। इससे पहले, अमारा ने कहा था कि घरेलू बैंकों के पास वृद्धि को वित्तपोषित करने के लिए पर्याप्त पूंजी है।

## सूचीबद्धता को स्वदेश लौट रही हैं कई भारतीय कंपनियां

सिंगापुर। सिंगापुर के विधि विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक स्तर पर कार्यरत कई भारतीय कंपनियां मुंबई में शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होने के लिए स्वदेश लौट रही हैं।

क्योंकि भारतीय शेयर बाजार दुनिया के सबसे अच्छे प्रदर्शन करने वाले बाजारों में से एक हैं। राजा एंड टैन सिंगापुर (आर एंड टी) के विशेषज्ञों ने बताया कि क्विक-कॉमर्स यूनिकॉर्न जेप्टो और फिनटेक फर्म पाइन लैब्स उन कंपनियों में शामिल हैं जिन्होंने अपनी होल्डिंग कंपनी को सिंगापुर से भारत स्थानांतरित किया है। राजा एंड टैन सिंगापुर (आर एंड टी) इन दो भारतीय मूल की कंपनियों के मुंबई में स्थानांतरण की प्रक्रिया को संभालने वाली सबसे बड़ी कानूनी फर्मों में से एक है। भारतीय शेयर बाजार सबसे बेहतर हैं, क्योंकि यहां कंपनियों का मूल्य बहुत अधिक है। आरएंडटी के एक और सह-प्रमुख अविनाश प्रधान ने कहा कि भारतीय और वैश्विक बाजारों के बीच व्यापार और उद्यमशीलता की भावना बढ़ रही है, खासकर भारत सरकार की एक्टईस्ट नीति के तहत, जिसका ध्यान दक्षिण पूर्व एशिया और सुदूर पूर्व पर है। प्रधान का मानना है कि भारत की तकनीकी क्षमताओं को देखते हुए, भारत और चीन के बीच व्यापार के अवसर बढ़ सकते हैं। दोनों देशों के बीच भविष्य में मुक्त व्यापार समझौते होने की भी संभावना है।

## स्टर्लिंग रिजर्व बी7 देगा जादुई अनुभव



लखनऊ। वॉल्यूम के लिहाज से भारत की सबसे बड़ी स्पिरिट्स कंपनी, एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स (एबीडी), ने नये और बेहतर स्टर्लिंग रिजर्व बी7 (एसआरबी7) को लॉन्च किया है। यह एक खास सेमी-प्रीमियम व्हिस्की है, जो आज के भारतीय उपभोक्ताओं की बदलती पसंद को ध्यान में रखकर बनाई गई है। एसआरबी7 का स्वाद और ब्लेंड फिनिश एकदम नया है और इसकी स्मूदनेस एक अलग ही जादू चलाती है। यह व्हिस्की बोल्ड अनुभव देती है, और आज के समझदार लोगों के लिए बिल्कुल सही है। एबीडी के मैनेजिंग डायरेक्टर आलोक गुप्ता ने कहा कि स्टर्लिंग रिजर्व बी7 की हमारे मिलेनियर क्लब में एक खास जगह है, जो दिखाता है कि एबीडी हमेशा बेहतरीन क्वॉलिटी, नए आइडियाज और मार्केट में अग्रणी रहने के लिए प्रतिबद्ध है।

## फ्लिपकार्ट ने की फैशन स्पॉटलाइट को लॉन्च करने की घोषणा

नई दिल्ली। फ्लिपकार्ट ने फैशन स्पॉटलाइट को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह विशेषरूप से टियर 2 क्षेत्रों के डिजिटल-फर्स्ट फैशन ब्रांड्स के विकास को गति देने के लिए फ्लिपकार्ट का फ्लैगशिप प्रोग्राम है। फैशन के मामले में डी2सी सेगमेंट में विकास के व्यापक अवसर हैं, विशेषरूप से टियर 2 क्षेत्रों के ब्रांड्स के लिए, जिनके पास अपने कारोबार को बढ़ाने के लिए सही टूल्स की उपलब्धता नहीं है। फ्लिपकार्ट ने साल के अंत तक इस प्रोग्राम को 10 गुना करते हुए करीब 500 ब्रांड तक पहुंचने और धीरे-धीरे और भी ब्रांड्स तक पहुंचने की योजना बनाई है। ऐसा करते हुए फैशन स्पॉटलाइट सही मायनों में डी2सी फैशन टैलेंट के लिए लोकतांत्रिक तरीके से काम करने वाला लॉन्चपैड बन सकेगा।

## इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश अगस्त में 22 प्रतिशत घटकर 33,430 करोड़ रुपये पर

नयी दिल्ली। इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में निवेश अगस्त महीने में घटकर 33,430 करोड़ रुपये रह गया जो जुलाई की तुलना में 22 प्रतिशत कम है। उद्योग निकाय एम्फी ने बुधवार को यह जानकारी दी। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के मुताबिक, इक्विटी आधारित फंड योजनाओं में जुलाई के दौरान 42,702 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया था लेकिन अगस्त में यह घटकर 33,430 करोड़ रुपये रह गया। विशेषज्ञों ने इस गिरावट का प्रमुख कारण नई कोष पेशकश (एनएफओ) में आई कमी को बताया है। जुलाई की तुलना में करीब 9,000 करोड़ रुपये की गिरावट के पीछे एनएफओ में आई कमी प्रमुख वजह है। शेष प्रवाह स्थिर और स्वस्थ बना हुआ है। व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) के जरिये म्यूचुअल फंड योजनाओं में निवेश अगस्त में करीब 27,000 करोड़ रुपये पर स्थिर रहा जो अपेक्षा से कम है। हालांकि, वैश्विक अनिश्चितताओं और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की बिकवाली के बीच भी भारतीय निवेशक इक्विटी में निवेश जारी रख रहे हैं।

## एमओएस यूटिलिटी लिमिटेड और डिगीएशिया कॉर्प ने की साझेदारी

नयी दिल्ली। एमओएस यूटिलिटी लिमिटेड और नैस्डैक सूचीबद्ध डिगीएशिया कॉर्प ने अपने रणनीतिक सहयोग के विस्तार की घोषणा की है। यह साझेदारी सिर्फ.भुगतान सेवाओं तक सीमित न रहकर ब्रांचलेस बैंकिंग, एआई-आधारित ढांचा और फाइनेंशियल इंक्लूजन समाधान तक फैलाई जाएगी, जो 30 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के अवसर को लक्ष्य बना रही है। एमओएस की टेक्नॉलॉजी डिगीएशिया के ब्रांचलेस बैंकिंग नेटवर्क में एकीकृत की जाएगी, जिससे इंडोनेशिया में एक मिलियन से अधिक व्यापारियों को वित्तीय सेवा एजेंट के रूप में जोड़कर अपूर्ण रूप से सेवित समुदायों तक पहुंच बढ़ाई जाएगी। डिगीएशिया और एमओएस मिलकर उन्नत एआई क्षमताओं का विकास करेंगे, जिसमें शामिल हैं।

## पेज एक का शेष

### केन्द्रीय मंत्रिमंडल

योजना और हितधारकों के साथ परामर्श के माध्यम से मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक दक्षता को बढ़ाना है। इसमें कहा गया ये परियोजनाएं रेल यातायात के साथ-साथ सामान की ढुलाई के लिए भी निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी। बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के पांच जिलों को कवर करने वाली इस परियोजना से भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 177 किलोमीटर की वृद्धि होगी।

यह परियोजना खंड, देवघर (बाबा बैद्यनाथ धाम), तारापीठ (शक्ति पीठ) जैसे प्रमुख स्थलों को भी रेल संपर्क प्रदान करती है। विज्ञप्ति में कहा गया कि मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं से लगभग 441 गांवों और 28.72 लाख आबादी तथा तीन आकांक्षी जिलों (बांका, गोड्डा और दुमका) तक कनेक्टिविटी बढ़ेगी। इसमें कहा गया, इन क्षमता वृद्धि कार्यों के परिणामस्वरूप 1.5 करोड़ टन प्रति वर्ष की अतिरिक्त माल ढुलाई होगी। विज्ञप्ति में कहा गया कि इस परियोजना से तेल आयात (पांच करोड़ लीटर) और कार्बन डाईऑक्साइड (सीओ2) उत्सर्जन (24 करोड़ किलोग्राम) कम करने में मदद मिलेगी, जो एक करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है।

### भारत ने दुनिया

ख्याति पूर्वी उत्तर प्रदेश में शैक्षिक क्रांति के पुरोधा के रूप में भी है। आदित्यनाथ ने कहा वर्ष 1932 में महंत दिग्विजयनाथ ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना के साथ ही गोरखपुर में विश्वविद्यालय स्थापित करने का संकल्प लिया था। देश की आजादी के बाद जब गोरखपुर में विश्वविद्यालय स्थापित करने की बात आगे बढ़ी तो बहुत से लोग पीछे हट गए। तब महंत दिग्विजयनाथ जी ने अपने दो डिग्री कॉलेज दान में देकर विश्वविद्यालय की स्थापना सुनिश्चित कराई। उन्होंने बालिका शिक्षा के केंद्र को भी स्थापित करने का संकल्प बालिका विद्यालय बनवाकर पूरा किया। उन्होंने कहा कि परंपराएं हमारी विरासत होती हैं। वर्तमान और भावी पीढ़ी को इनके जरिये प्रेरणा और सीख लेने की जरूरत होती है। विरासत के संदर्भ में उन्होंने अखंड भारत में दुनिया के पहले विश्वविद्यालय, प्रभु श्रीराम के भाई भरत के पुत्र तक्ष के नाम पर स्थापित तक्षशिला विश्वविद्यालय का उल्लेख भी किया। बताया कि पाणिनि का व्याकरण इसी तक्षशिला विश्वविद्यालय से आगे बढ़ा। महर्षि सुश्रुत और चरक जैसे आयुर्वेद के जनक इसी विश्वविद्यालय से निकले। आयुर्वेद, व्याकरण, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, कृषि सहित अनेक क्षेत्रों के लिए यही प्राचीनतम विश्वविद्यालय रहा। इस अवसर पर कोथ मठ हरियाणा के महंत योगी जिताईनाथ, वर्धा महाराष्ट्र के महंत मुकेशनाथ, फतेहाबाद हरियाणा के योगी राजनाथ, दिगम्बर अखाड़ा अयोध्या के महंत रामलखनदास, श्रृंगेरी कर्नाटक के योगी कमलचन्द्रनाथ, नीमच मध्यप्रदेश के योगी लालनाथ, जालौर राजस्थान के महंत काशीनाथ, उज्जैन से आए योगी महावीरनाथ, कालीबाड़ी गोरखपुर के महंत रविंद्रदास, सच्चा बाबा आश्रम अरैल के आचार्य शिव प्रकाश सहित कई संतजन, जनप्रतिनिधिगण महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, पूर्व मंत्री एंव एमएलसी डॉ महेंद्र सिंह, एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन सहित कई गणमान्यजन, श्रद्धालु और बड़ी संख्या में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की संस्थाओं के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### नेपाल में

ने होटलों, पर्यटन उद्यमियों और संबंधित एजेंसियों से भी अनुरोध किया है कि वे ज़रूरतमंद विदेशी नागरिकों को आवश्यक सहायता प्रदान करें। उन्होंने बताया कि प्राधिकारियों ने निवासियों को यह आदेश भी जारी किया है कि वे अत्यंत आवश्यक न होने तक घर से बाहर न निकलें, ताकि आगे अशांति को रोका जा सके। सुबह से ही काठमांडू की चहल-पहल वाली सड़कें वीरान दिखीं। कुछ ही लोग घरों से बाहर निकले और वह भी रोजमर्रा की जरूरत की चीजें खरीदने के लिए। सड़कों पर सुरक्षाकर्मियों की कड़ी गश्त है और मंगलवार को प्रदर्शनकारियों द्वारा सरकारी और निजी इमारतों में लगा दी गई आग को बुझाने के लिए दमकल की गाड़ियां देखी गईं। सेना ने लोगों से छात्रों के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान लूटी गई या मिली बंदूकें, हथियार और गोलियां नज़दीकी पुलिस चौकी या सुरक्षाकर्मियों को लौटाने का भी आग्रह किया। सेना ने एक अन्य बयान में कहा, चूंकि ऐसे हथियारों के दुरुपयोग की आशंका है, इसलिए कृपया अधिकारियों को सूचित करें और उन्हें जल्द से जल्द सुरक्षा एजेंसियों को लौटा दें। सेना ने चेतावनी दी कि अगर किसी के भी पास ऐसे हथियार या गोला-बारूद बरामद किए गए तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सेना ने नागरिकों से इस संवेदनशील अवधि में सेना की वर्दी न पहनने की भी अपील की, क्योंकि ऐसा करना गैरकानूनी है। काठमांडू का त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (टीआईए) बुधवार को बंद कर दिया गया और अगली सूचना तक बंद रहेगा। मंगलवार को हुए विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर हवाई अड्डे पर उड़ान सेवाएं आंशिक रूप से निलंबित कर दी गई थीं। एक सार्वजनिक नोटिस में हवाई अड्डे के अधिकारियों ने कहा कि यह बंद मौजूदा गंभीर स्थिति के कारण है। उन्होंने यात्रियों और हितधारकों से अद्यतन जानकारी का इंतजार करने का आग्रह किया। समाचार पोर्टल खबरहब के अनुसार, इससे पहले टीआईए ने बुधवार शाम छह बजे तक सेवाएं अस्थायी रूप से बंद करने की घोषणा की थी, लेकिन अब पुनः खोलने की कोई समय-सीमा तय किए बिना ही परिचालन रोक दिया गया है। हवाई अड्डे को बंद करने का असर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों उड़ानों पर पड़ा है, जिससे सैकड़ों यात्री फंस गए हैं। एयरलाइनों ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे ताजा जानकारी के लिए अपनी-अपनी एयरलाइन कंपनियों के संपर्क में रहें। भारत में नयी दिल्ली और काठमांडू के बीच प्रतिदिन छह उड़ानें संचालित करने वाली एअर इंडिया ने मंगलवार को चार उड़ानें रद्द कर दीं। इंडिगो और नेपाल एयरलाइंस ने भी दिल्ली से काठमांडू के लिए अपनी उड़ानें रद्द कर दीं। इस बीच, बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने काठमांडू के विभिन्न हिस्सों से लूटपाट, आगजनी और तोड़फोड़ में शामिल 27 लोगों को गिरफ्तार किया है। अभियान के दौरान काठमांडू के चाबाहिल, बौद्ध और गौशाला इलाकों में व्यक्तियों के पास से 3.37 लाख रुपये नकद, 31 हथियार, मैगजीन और गोलियां बरामद की गईं। सेना ने जनता से शांति बहाल करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सुरक्षा एजेंसियों के साथ सहयोग करने की अपील की। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने नेपाल के घटनाक्रम पर गंभीर चिंता व्यक्त की है और कहा है कि वह स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं और लोगों की जान जाने से उन्हें गहरा दुख हुआ है।

### फ्रांस में

विद्रोह का माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने मंगलवार देर रात रक्षा मंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू को देश का प्रधानमंत्री नियुक्त किया था। लगभग एक साल में देश को चौथी बार नया प्रधानमंत्री मिला है। ये विरोध प्रदर्शन अब तक मैक्रों के पहले और दूसरे कार्यकाल में छिटपुट रूप से हुए पिछले प्रदर्शनों की तुलना में कम तीव्र दिखाई दे रहे हैं। वर्ष 2022 में अपने पुनर्निर्वाचन के बाद, मैक्रों को पेंशन सुधारों को लेकर लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ा था। सोमवार को फ्रांस के प्रधानमंत्री फ्रांस्वा बायरू संसद में विश्वास मत हासिल करने में नाकाम रहे थे, जिसके बाद उनकी सरकार गिर गई थी। प्रदर्शनकारियों के समूहों ने सुबह पेरिस के बेल्टवे को अवरुद्ध करने की कोशिश की और पुलिस ने उन्हें तितर-बितर कर दिया।

### भारत के

वह शानदार प्रधानमंत्री हैं लेकिन मुझे इस समय उनके द्वारा किए जा रहे काम पसंद नहीं आ रहे हैं। भारत और अमेरिका के बीच विशेष संबंध है, चिंता की कोई बात नहीं है। बस कभी-कभी कुछ ऐसे पल आ जाते हैं। इस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि वह भारत-अमेरिका संबंधों के सकारात्मक आकलन के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सराहना करते हैं।।

### धामी कैबिनेट

कुकुट आहार सब्सिडी योजना को मंजूरी, राज्य के 9 पर्वतीय जिलों के लिए बनाई गई योजना, 2 करोड़ 25 लाख 85 हजार सब्सिडी में राशि दी जाएगी। पशुपालन विभाग की कुटकुट परियोजना को बढ़ावा देते हुए उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए तीन हजार मुर्गियों वाले पोल्ट्री फार्म या रोजगार सर्जन करने में ये फीड खरीद किये जाने पर उत्तराखंड सरकार ने 10 रूपये किलो के हिसाब से सब्सिडी मिलेगी। पर्वतीय जिलों में ट्रांसपोर्ट चार्ज अधिक होने से अभी तक रोजगार सर्जन करने वालो को महंगा फीड मिलता था।

### पीएम मोदी

लेंगे। इसी क्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जॉलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचकर प्रधानमंत्री के दौरे की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को सभी व्यवस्थाओं को समयबद्धता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री का उत्तराखंड से विशेष लगाव है, यही कारण है कि आपदा के इस कठिन समय में हमें निरंतर उनका सहयोग एवं मार्गदर्शन मिलता रहा है।

### विराज सागर

दी। बीएस एसयू5 यूथ में जतिन आजाद (दिल्ली) ने हरि राठी (हरियाणा) को (21-14, 21-16) हराया। बीएस एसएल3 यू19 में कार्तिक सुहाग (हरियाणा) ने बिभासिंधु बरिक (ओडिशा) को (21-8, 21-17) हराया। एक्सडी एसएल3 - एसयू5 यूथ में शिवम यादव (उ.प्र.) व तुलिका जाधव (महाराष्ट्र) ने अभिजीत साखुजा व शिवांगी पांडेय की जोड़ी को (21-18, 21-14) हराया। बीएस एसएच6 यूथ में पोटुमन प्रेमचंद (आ.प्र.) ने सुमाथ्य सिवन (तमिलनाडु) को (15-21, 21-16, 21-13) हराया। बीएस एसयू5 यूथ विजेन्द्र (हरियाणा) ने कार्तिक सुहाग (हरियाणा) को (21-14, 21-11) हराया। बीएस एसली3 यूथ में शिवम यादव (उ.प्र.) ने जतिन आजाद (दिल्ली) को (21-12, 21-10) हराया। जीडी एसएल3 - एसयू5 यू19 में समीरा कनवाल व शांतिभ्या विश्वनाथन (राज./तमिलनाडु) ने कोषिका देवड़ा व तुलिका जाधव को (21-12, 21-13) हराया। वहीं,

बीडी एसएल3 - एसएल4 यूथ में जतिन आजाद व शिवम यादव (दिल्ली/उ.प्र.) ने अर्जुन यादव व जितेंद्र झा को (21-16, 21-13) हराया। बीएस एसएल4 यूथ में हर्षित चौधरी व कार्तिक सुहाग (हरियाणा) ने विजेन्द्र व योगेश को (19-21, 21-12, 21-16) हराया। बीडी एसएल3 - एसएल4 यूथ में बिभासिंधु बरिक (ओडिशा) व कार्तिक सुहाग (हरियाणा) ने जयराज व शिवांग गुप्ता को (21-15, 21-14) हराया। बीडी एसयू5 यूथ में जतिन आजाद व शिवम यादव (दिल्ली/उ.प्र.) ने सैहज जैन व यशोधन (राज.) को (21-9, 21-18) हराया। इस प्रतियोगिता के दौरान प्रभाकर राव, चेयरमैन, पैरा बैडमिंटन और गौरव खन्ना, हेड, नेशनल कोच ऑफ इंडियन बैडमिंटन टीम ने खिलाड़ियों के खेल प्रदर्शन पर लगातार नजर बनाये रखीं। इस प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी दिसम्बर माह में दुबई में आयोजित होने वाली एशियन यूथ पैरा गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस चैंपियनशिप ने देशभर के जूनियर और युवा पैरा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच दिया। आयोजन समिति ने सभी खिलाड़ियों, कोचों, तकनीकी अधिकारियों और सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया।




# भारत ने यूएई को 9 विकेट से हराया

## भारत के खिलाफ टी20 में किसी टीम का सबसे कम स्कोर, कुलदीप यादव को 4 विकेट

एजेंसी



दुबई। विकेट लेने पर कुलदीप यादव को बधाई देते हुए कप्तान सूर्यकुमार यादव। भारत ने एशिया कप 2025 में धमाकेदार शुरूआत की है। टीम ने वअए के खिलाफ 58 रन का टारगेट सिर्फ 27 गेंदों में चेज कर लिया। अभिषेक शर्मा 30 रन बनाकर आउट हुए। जबकि शुभमन गिल 20 रन पर नाबाद लौटे। बुधवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। वअए 13.1 ओवर में 57 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम ने आखिरी 8 विकेट 28 रन बनाने में गंवा दिए। ओपनर आलिशान शराफु ने 22 और कप्तान मोहम्मद वसीम ने 19 रन बनाए। भारत की ओर से कुलदीप यादव ने 4 विकेट झटके। शिवम दुबे ने 3 विकेट लिए। भारतीय टीम की ओर से अभिषेक शर्मा ने 30 रन बनाकर आउट हुए।

भारत ने एशिया कप के अपने पहले मैच में वअए को 13.1 ओवर में सिर्फ 57 रन के स्कोर पर ऑलआउट कर दिया है। यह टी-20 क्रिकेट में भारत के खिलाफ किसी टीम का सबसे कम स्कोर है। साथ ही यह यूएई का इस फॉर्मेट में लोएस्ट स्कोर है। बुधवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। यूएई ने आखिरी 8 विकेट 28 रन बनाने में गंवा दिए। ओपनर आलिशान शराफु ने 22 और कप्तान मोहम्मद वसीम ने 19 रन बनाए। शेष बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सके। भारत की ओर से कुलदीप यादव ने 4 विकेट झटके। शिवम दुबे ने 3 विकेट लिए। 14वें ओवर की पहली बॉल पर कुलदीप यादव ने अपना चौथा विकेट झटका। उन्होंने हैदर अली को विकेटकीपर संजू सैमसन के हाथों कैच कराया। 13वें ओवर में शिवम दुबे ने दो विकेट झटके। उन्होंने पहली बॉल पर ध्रुव पराशर (एक रन) को एलबीडब्ल्यू कर दिया। फिर चौथी बॉल पर जुनैद सिद्दिकी को सूर्यकुमार यादव के हाथों कैच कराया। इस ओवर की तीसरी बॉल पर सूर्यकुमार ने जुनैद के खिलाफ अपील वापस ले ली, क्योंकि गेंदबाजी के दौरान शिवम दुबे का रूमाल रनअप पर गिर गया और बल्लेबाज डिस्टर्ब हुआ। 12वें ओवर में अक्षर पटेल ने अपना दूसरा विकेट हासिल किया। उन्होंने सिमरनजीत सिंह को एलबीडब्ल्यू किया। सिमरन मिडिल स्टंप की बॉल पर स्वीप करना चाहते थे। उन्होंने अपने साथी के कहने पर डीआरएस की मांग की, हालांकि अंपायर का फैसला नहीं बदला। शिवम दुबे ने अपने पहले ओवर में विकेट दिलाया। उन्होंने 11वें ओवर की तीसरी बॉल पर आसिफ खान को विकेटकीपर संजू सैमसन के हाथों कैच कराया। दुबे ने ऑफ स्टंप के बाहर लेंथ बॉल डाली, जो बल्ले का बाहरी किनारा लेकर स्लिप की दिशा में गई और सैमसन ने छलांग लगाकर कैच पकड़ा। 9वें ओवर में कुलदीप यादव ने भारतीय टीम को 3 विकेट दिलाए। कुलदीप ने ओवर की पहली बॉल पर राहुल चोपड़ा (3 रन) को शुभमन गिल के हाथों कैच कराया। राहुल फुलर लेंथ बॉल पर वाइड लॉन्ग ऑफ की ओर बड़ा शॉट खेलना चाहते थे, जहां शुभमन गिल तैनात थे। गिल ने अपने दाई ओर दौड़कर कैच पड़ा। कुलदीप ने चौथी बॉल पर कप्तान मुहम्मद वसीम को एलबीडब्ल्यू कर लिया। वसीम ने डीआरएस की मांग की। हालांकि, थर्ड अंपायर ने फील्डर अंपायर का फैसला नहीं बदला। वसीम 19 रन बनाकर आउट हुए। कुलदीप ने ओवर की आखिरी बॉल पर हर्षित कौशिक को बोल्ड कर दिया। इसी के साथ कुलदीप ने ओवर हैट्रिक पूरी की। कौशिक 2 रन बनाकर आउट हुए। बड़े टूनार्मेंट में पहली बार भारत की कप्तानी कर रहे सूर्यकुमार यादव ने पावरप्ले के अंदर 4 गेंदबाजों का इस्तेमाल कर लिया। उन्होंने हार्दिक पंड्या से गेंदबाजी की शुरूआत की। फिर बुमराह, अक्षर और वरुण चक्रवर्ती का इस्तेमाल किया। 6 ओवर के खेल में यूएई ने 41 रन बना डाले, हालांकि टीम को 2 झटके भी लगे। ओपनर आलीशान शराफु (22) और मोहम्मद जोहेब (2) पवेलियन लौट चुके हैं। बुमराह और चक्रवर्ती को एक-एक विकेट मिला। पावरप्ले के अंदर भारत ने दूसरा विकेट हासिल किया। वरुण चक्रवर्ती ने 5वें ओवर की चौथी बॉल पर मोहम्मद जोहेब को कुलदीप यादव के हाथों कैच कराया। जोहेब 5 गेंद पर 2 रन बनाकर आउट हुए। पिछले ओवर में बुमराह ने शराफु को बोल्ड किया था। चौथा ओवर डाल रहे जसप्रीत बुमराह ने भारत को पहला विकेट दिलाया। उन्होंने यॉर्कर पर आलिशान शराफू को बोल्ड कर दिया। शराफू 22 रन बनाकर आउट हुए। इस ओवर के बाद वअए का स्कोर 26/1 रहा। भारतीय कप्तान ने तीसरे ही ओवर में स्पिनर को बुला लिया है। उन्होंने अक्षर पटेल को बॉल थमाई। पिछले ओवर में जसप्रीत बुमराह ने 6 रन खर्च किए थे। उनकी आखिरी बॉल पर ओपनर आलिशान शराफू ने फाइन लेग में चौका लगाया। हार्दिक पंड्या ने मैच के पहले ओवर में 10 रन खर्च कर दिए। यूएई के ओपनर आलिशान शराफू ने उनके ओवर की चौथी और पांचवीं बॉल पर लगातार दो चौके लगाए। भारतीय टीम लगातार 15 इंटरनेशनल मैच के बाद टॉस जीता है। टीम ने पिछली बार जनवरी 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 मैच में टॉस जीता था।

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। उन्होंने कहा कि हमने पिछले दिनों अच्छी प्रैक्टिस की है। यहां कम मैच खेले गए हैं। टीम पहले कुछ भी करने के लिए तैयार है। लेकिन हम गेंदबाजी करेंगे। वहीं, यूएई के कप्तान वसीम ने कहा कि वे भी टॉस जीतकर गेंदबाजी करना चाहते थे। उनकी टीम में आत्मविश्वास है और वे अच्छा क्रिकेट खेलने का प्रयास करेंगे। भारतीय टीम के सामने इस समय सबसे बड़ा सवाल ओपनिंग जोड़ी को लेकर है। अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन पिछले साल जून में हुए टी-20 वर्ल्ड कप के बाद से भारतीय टी-20 टीम के ओपनर्स रहे हैं। हालांकि, एशिया कप स्क्वॉड में शुभमन गिल को भी शामिल किया गया है। अभिषेक शर्मा का ओपनिंग करना तय है। वे अपने करियर में इसी पोजिशन पर खेलते रहे हैं। अब अभिषेक के साथ संजू ओपनिंग करेंगे या गिल यह फैसला टीम मैनेजमेंट को लेना है। अगर अभिषेक और गिल ओपनिंग करते हैं तो संजू नंबर-3 पर खेल सकते हैं। इस स्थिति में तिलक वर्मा को बाहर बैठना होगा। नंबर-4 पर कप्तान सूर्यकुमार यादव खेल सकते हैं। मैच से पहले वार्म अप सेशन के दौरान तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और विकेटकीपर जितेश शर्मा।

## बचपन में देखा था वुशु में इतिहास बनाने का सपना : अपर्णा दहिया



नयी दिल्ली। अपर्णा दहिया ने कुश्ती की बजाय वुशु खेलना शुरू किया जबकि करीना कौशिक को स्कूल में आत्मरक्षा की कक्षाओं के दौरान इस खेल से परिचित कराया गया था लेकिन उन्हें नहीं पता था कि वे एक दिन विश्व चैंपियनशिप में भारत के लिए इतिहास रच देंगी। भारत ने 31 अगस्त से सात सितंबर तक ब्राजील में हुई विश्व वुशु चैंपियनशिप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और सांडा स्पर्धाओं में चार पदक (तीन रजत और एक कांस्य) जीते। यह पहली बार था जब तीन भारतीय महिलाएं इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचीं।

अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण पर 60 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीतने वाली 21 वर्षीय करीना कौशिक ने बुधवार को खेल मंत्रालय के सम्मान समारोह से इतर को बताया, मैं स्कूल में थी जब पीटी पीरियड के दौरान आत्मरक्षा कक्षाओं के दौरान हमें इस खेल के बारे में पता चला। मैं इसके बारे में और जानने के लिए बहुत उत्सुक थी इसलिए मैंने अपने माता-पिता को बताया। वे तुरंत मान गए और फिर मैंने अपना सफर शुरू किया। सोनीपत की उनकी साथी अपर्णा दहिया ने बताया कि उन्होंने वुशु को ही क्यों चुना। उन्होंने कहा मुझे कुश्ती पसंद नहीं थी क्योंकि इसमें मुक्के और किक का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। इसलिए मैंने वुशु को चुना क्योंकि इसमें इन दोनों के इस्तेमाल करने की आजादी होती है। 52 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीतने वाली 21 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, मैं वुशु सीखने के लिए क्लास और स्कूल से भाग जाती थी और बाद में औपचारिक रूप से ट्रेनिंग लेना शुरू किया। अपर्णा ने इससे पहले चीन में एशिया कप में स्वर्ण और मकाऊ में एशियाई चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था। सोनीपत के नाहरी गांव के 22 वर्षीय सागर दहिया के लिए यह यात्रा उनके माता-पिता की ओर से एक तरह की सजा के रूप में शुरू हुई। 56 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीतने वाले सागर ने कहा मैं स्कूल के दिनों में खूब लड़ता था, जैसे सभी लड़के लड़ते हैं।

मुझे अपनी ताकत दिखाना भी पसंद था। मेरे माता-पिता मुझे सड़कों पर इस तरह लड़ते देखकर खुश नहीं थे। इसलिए उन्होंने मुझे वुशु में दाखिला दिला दिया। उन्होंने कहा पहले ही दिन, मेरे कोच मेरे मुक्कों और किक की ताकत से प्रभावित हुए, बस और आज का दिन है, मैं विश्व चैंपियनशिप में पदक के साथ यहां हूं।

## संक्षेप

### नूपुर ने मुक्केबाजी में भारत का पदक पक्का

लीवरपूल। हैवीवेट मुक्केबाज नूपुर श्योराण ने मौजूदा विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत के लिए पहला पदक सुनिश्चित किया जब बुधवार को यहां उन्होंने उज्बेकिस्तान की ओल्टीनॉय सोतिमबोएवा को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। चैंपियनशिप के अपने पहले मुकाबले में नूपुर ने अपनी प्रतिद्वंद्वी को 4-1 से हराकर 80 किग्रा से अधिक वर्ग के अंतिम चार में प्रवेश किया। इस वर्ग में सिर्फ 10 मुक्केबाज हिस्सा ले रहे हैं। इस जीत के साथ नूपुर ने कम से कम कांस्य पदक पक्का कर लिया। मंगलवार रात जादुमणि सिंह (48 किग्रा) और अभिनाश जामवाल (65 किग्रा) ने आसान जीत के साथ पुरुष क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था।

### ब्रेविस, मार्करम ने एसए20 नीलामी में बनाए नए रिकॉर्ड

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस और एडेन मार्करम ने एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे सत्र की खिलाड़ियों की नीलामी में रिकॉर्ड धनराशि हासिल करके नया इतिहास रचा। ब्रेविस को सौरव गांगुली की कोचिंग वाली प्रिटोरिया कैपिटल्स ने 16.5 मिलियन रैंड (लगभग 8.3 करोड़ रुपये) में खरीदा, जो 2022 में ट्रिस्टन स्टब्स के लिए भुगतान किए गए 9.2 मिलियन रैंड (लगभग 4.6 करोड़ रुपये) के पिछले रिकॉर्ड से कहीं अधिक है। नए मुख्य कोच गांगुली के नेतृत्व में सेंचुरियन स्थित फ्रेंचाइजी ने जोबर्ग सुपर किंग्स के साथ बोली प्रक्रिया में चली कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद इस 22 वर्षीय खिलाड़ी को अपनी टीम से जोड़ा।

### श्रीलंका की अगुआई करेंगी चामरी अटापट्टू

कोलंबो। चामरी अटापट्टू इस महीने के अंत में होने वाले महिलाओं के वनडे विश्व कप में श्रीलंकाई टीम की कप्तानी करेंगी। सह मेजबान टीम पिछले 12 चरण में इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के फाइनल में नहीं पहुंच सकी है और अटापट्टू को उम्मीद है कि इस बार वे इस मिथक को तोड़ देंगे। श्रीलंका क्रिकेट ने बुधवार को भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में आयोजित होने वाले आठ टीमों के टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। हर्षिता समरविक्रमा, नीलाक्षी डिसिल्वा और अनुष्का संजीवनी की अनुभवी बल्लेबाजी तिकड़ी को शामिल करने से टीम में गहराई आएगी।

## बैडमिंटन : प्रणय व लक्ष्य सेन हांगकांग ओपन में आगे बढ़े



एजेंसी

हांगकांग। भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू बुधवार यहां हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गईं जबकि एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन ने कड़े मुकाबले में जीत हासिल कर अगले दौर में प्रवेश किया। पिछले महीने बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली सिंधू राउंड-ऑफ-32 मुकाबले में डेनमार्क की निचली रैंकिंग वाली खिलाड़ी गैरवरीय लाइन क्रिस्टोफरसन से एक घंटे से भी कम समय में 21-15, 16-21, 19-21 से हार गईं। विश्व में 34वें स्थान पर काबिज प्रणय ने चीन के लू गुआंग जू को 44 मिनट में 21-17, 21-14 से हराया, जबकि सेन ने भी 22-20, 16-21, 21-15 से जीत हासिल कर पुरुष एकल के प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। किरण जॉर्ज ने भी सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह को 34 मिनट में 21-16, 21-11 से हराकर पुरुष एकल के अंतिम-16 में प्रवेश किया। दुनिया के 31वें नंबर के खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने एक घंटे से कुछ अधिक चले कड़े मुकाबले में चीनी ताइपे के सू ली यांग को 15-21, 21-19, 21-13 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

यह सिंधू की 25 वर्षीय क्रिस्टोफरसन के खिलाफ छह मैचों में पहली हार है। उन्हें यह हार ऐसे समय में मिली है जब वह फॉर्म में वापसी का संकेत दे रही थी। यह स्टार भारतीय खिलाड़ी इस साल के शुरू में स्विस ओपन और जापान ओपन में शुरुआती दौर में ही बाहर हो गई थी। सिंधू ने पहले गेम में 3-1 की शुरुआती बढ़त बना ली थी, लेकिन डेनमार्क की खिलाड़ी ने 5-5 से बराबरी कर ली। सिंधू ने इसके बाद अपने खेल का स्तर बढ़ाया और लगातार अंक बनाकर पहला गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में भारतीय खिलाड़ी 13-12 से आगे थी, लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार पांच अंक गंवा दिए। तीसरे और निर्णायक गेम में दोनों खिलाड़ियों ने एक दूसरे के सामने कड़ी चुनौती पेश की।

## फुटबॉल : ब्राजील को हराकर प्लेऑफ में बोलीविया

एजेंसी



एल आल्टो (बोलीविया)। मिगुएल टेरसेरोस ने पहले हाफ में पेनल्टी पर गोल किया जिससे बोलीविया ने मंगलवार को विश्व का फुटबॉल के दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग में ब्राजील को 1-0 से हराकर प्लेऑफ में अपनी जगह सुरक्षित की। टेरसेरोस ने 45वें मिनट में गोल करके बोलिवियाई टीम को 2019 के बाद पहली बार घरेलू मैदान पर ब्राजील पर जीत दिलाई। प्लेऑफ टूर्नामेंट में छह देश शामिल होंगे और यह मार्च के अंतरराष्ट्रीय सत्र में खेला जाएगा, जिससे अगले वर्ष अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप के लिए अंतिम दो स्थानों का निर्धारण होगा। बोलीविया का लक्ष्य चौथी बार तथा 1994 के बाद पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना होगा। क्वालीफायर में तीसरे स्थान पर रहने वाली कोलंबियाई टीम ने स्ट्राइकर लुइस डियाज के शानदार प्रदर्शन की बदौलत वेनेजुएला को 6-3 से हराकर बोलीविया की टीम को प्लेऑफ में पहुंचाने में मदद की।

डियाज ने चार गोल दागे। क्वालीफाइंग के एक अन्य मैच मे इक्वाडोर ने अर्जेंटीना को 1-0 से हरा दिया। अर्जेंटीना दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग में 38 अंक लेकर पहले जबकि इक्वाडोर 29 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहा। वहीं दूसरी ओर किलियन एम्बाप्पे ने फ्रांस को संकट से बाहर निकाला, क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने रिकॉर्ड गोल करके पुर्तगाल को हार से बचाया जबकि इंग्लैंड ने बड़ी जीत हासिल करके फुटबॉल विश्व कप के यूरोपीय क्वालीफाइंग में अपना विजय अभियान जारी रखा। यूरोप की इन तीन फुटबॉल महाशक्तियों ने इस तरह से 2026 में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने की तरफ मजबूर कदम बढ़ाए जबकि एर्लिंग हैलैंड ने चेहरे पर टांके लगे होने के बावजूद नार्वे की 11-1 से बड़ी जीत में पांच गोल किए। नोनी मडुके, एज्री कोंसा और मार्क गुएही ने गोल किए, जिससे इंग्लैंड ने सर्बिया को 5-0 से हराकर बड़ी जीत हासिल की। फ्रांस ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए एमबाप्पे के गोल और एक अन्य गोल करने में मदद की बदौलत आइसलैंड को 2-1 से हराया। जोआओ कैंसेलो ने 86वें मिनट में विजयी गोल करके पुर्तगाल को हंगरी पर 3-2 से जीत दिलाई। रोनाल्डो ने इस मैच में पेनल्टी पर गोल किया जो विश्व कप क्वालीफाइंग में उनका 39वां गोल था, जिससे उन्होंने ग्वाटेमाला के कार्लोस रुइज़ के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। बस के दरवाज़े से हुई दुर्घटना के बाद चेहरे पर टांके लगे होने के बावजूद हैलैंड ने पहले हाफ में हैट्रिक सहित पांच गोल दागे, जिससे नॉर्वे ने मोल्दोवा को 11-1 से करारी शिकस्त दी। वहीं दूसरी ओर भारत की अंडर 23 पुरूष फुटबॉल टीम ब्रूनेइ दारूस्सलाम को आखिरी ग्रुप मैच में 6-0 से हराने के बावजूद एएफसी अंडर 23 एशियाई कप क्वालीफायर से बाहर हो गई। भारतीय टीम के तीन मैचों में छह अंक रहे और उसे ग्रुप एच में कतर और बहरीन के बीच मैच के नतीजे का इंतजार करना पड़ा। कतर ने उस मैच में बहरीन को 2-1 से हराकर भारत के रास्ते बंद कर दिये। कतर ग्रुप में शीर्ष पर रहा जिसने तीन मैचों में नौ अंक बनाये। भारत छह अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहा। दूसरे स्थान की चार सर्वश्रेष्ठ टीमों (11 ग्रुप में से) ने भी क्वालीफाई किया लेकिन भारत पांचवें स्थान पर था। भारत के लिये विबिन मोहनन ने तीन (पांचवां, सातवां और 62वां मिनट) गोल किये जबकि मोहम्मद एमेन (87वां और 90 प्लस सात) ने दो गोल किये। आयुष छेत्री ने 41वें मिनट में एक गोल दागा।

## सरकारी विभागों में खिलाड़ियों के लिए कोचिंग कोर्स शुरू

नयी दिल्ली। भारतीय खिलाड़ियों के प्रतिस्पर्धी करियर समाप्त होने के बाद भी खेलों से जुड़े रहने के उद्देश्य के अंतर्गत विभिन्न सरकारी विभागों में खेल कोटे से भर्ती होने वाले एथलीटों को पटियाला के एनआईएस में दो साल के स्पेशल कैपेसिटी बिल्डिंग कोर्स की पेशकश की जाएगी। इस पाठ्यक्रम का मकसद इन विभागों में कार्यरत खिलाड़ियों को पेशेवर कोचिंग की योग्यता दिलाना है। यह पाठ्यक्रम 27 अक्टूबर से शुरू होगा और आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 25 सितंबर है। यह पहल खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने इस उद्देश्य के तहत की है कि भारत के खिलाड़ी अपने प्रतिस्पर्धी करियर के समाप्त होने के बाद भी देश के खेल पारिस्थितिकी तंत्र में सक्रिय रूप से शामिल रहें। खेल मंत्रालय के एक नोट में कहा गया है, सभी चार लेवल को पूरा करने पर कोचिंग में डिप्लोमा समकक्ष प्रमाण पत्र मिलेगा। यह पाठ्यक्रम कार्यरत पेशेवरों के लिए तैयार किया गया है जिन्हें इसे दो साल के भीतर पूरा करा होगा। इस पाठ्यक्रम में एथलेटिक्स, मुक्केबाजी, जूडो, हॉकी और कुश्ती शामिल होंगे। पटियाला का नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनआईएस) पहले से ही 26 स्पर्धाओं में कोचिंग में एक प्रतिष्ठित डिप्लोमा प्रदान करता है।

## भारत ने कोरिया को एशिया कप में 4-2 से हराया

एजेंसी



हांगझोउ (चीन)। भारतीय महिला हॉकी टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार को यहां एशिया कप के सुपर चार चरण के अपने पहले मैच में कोरिया को 4-2 से हराया। पूल बी में सात अंक के साथ शीर्ष पर रहे भारत के लिए वैष्णवी विठ्ठल फाल्के (दूसरे मिनट), संगीता कुमारी (33वें मिनट), लालरेमसियामी (40वें मिनट) और रुतुजा ददासो पिसल (59वें मिनट) ने गोल दागे। कोरिया की ओर से दोनों गोल यूजिन किम (33वें और 53वें मिनट) ने किए। भारत अपने अगले मैच में बृहस्पतिवार को चीन से भिड़ेगा। सविता पूनिया की अनुपस्थिति में गोलकीपर की भूमिका निभा रही बिचू देवी खारीबाम भारत के लिए नंबर एक विकल्प रही हैं। बांसुरी सोलंकी को थाईलैंड और सिंगापुर के खिलाफ मौका मिला लेकिन बिचू देवी ने जापान के खिलाफ चारों क्वार्टर खेले और आगे भी बड़े मुकाबलों में यही स्थिति हो सकती है। भारत को शुरुआत में ही पेनल्टी कॉर्नर मिला और वैष्णवी ने उदिता के शॉट को कोरियाई गोलकीपर द्वारा रोके जाने के बाद रिबाउंड पर गोल दागा। कोरिया के असफल रिव्यू के बाद भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन टीम गोल करने से चूक गई। इसके बाद कोरिया को भी कई पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन वे इन मौकों का फायदा नहीं उठा पाए। कोरिया को पहले क्वार्टर के अंत में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन बिचू देवी ने शानदार बचाव करते हुए भारत की बढ़त बरकरार रखी। बाइसवें मिनट में मुमताज की रिवर्स हिट को कोरियाई गोलकीपर ने रोक दिया। मध्यांतर तक भारत 1-0 से आगे था। मध्यांतर के बाद खेल शुरू होते ही संगीता के मैदानी गोल से भारत ने बढ़त दोगुनी कर दी। भारत की खुशी हालांकि ज्यादा देर तक नहीं टिक पाई क्योंकि कोरिया ने किम के पेनल्टी कॉर्नर पर दागे गोल से खाता खोला। लालरेमसियामी ने 40वें मिनट में मैदानी गोल करके भारत की बढ़त 3-1 कर दी। उन्होंने अंतिम क्वार्टर में भी लगातार विरोधी टीम के सर्कल में घुसकर गेंद पर कब्जा बनाए रखा। कोरिया ने 53वें मिनट में किम के पेनल्टी कॉर्नर पर दागे गोल से स्कोर 2-3 किया लेकिन 59वें मिनट में रुतुजा ने रिबाउंड पर गोल करके भारत की 4-2 से जीत सुनिश्चित की।

## भारतीय पुरुष रिकर्व तीरंदाज व्यक्तिगत वर्ग में पदक की दौड़ से बाहर

ग्वांगजू (दक्षिण कोरिया)। भारतीय पुरुष रिकर्व तीरंदाजों का विश्व चैंपियनशिप में निराशाजनक प्रदर्शन बुधवार को भी जारी रहा और उसके सभी तीरंदाज व्यक्तिगत वर्ग के पदक चरण में जगह बनाने में असफल रहे। भारत के तीनों खिलाड़ियों में राहुल ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने तीसरे राउंड (अंतिम-32) में जगह बनाई, लेकिन शूट-ऑफ में जॉर्जिया के एलेक्जेंडर माचावरियानी से 5-6 (8-10) से हार गए। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने 5-3 की बढ़त बना ली थी, लेकिन अंतिम दो सेटों में वह लड़खड़ा गए, जिससे एक बार फिर रिकर्व वर्ग में दबाव में भारत की मानसिक कमजोरियां उजागर हो गईं। पहला सेट 28-28 से बराबर करने के बाद राहुल ने दूसरे सेट में 30-30 का शानदार स्कोर बनाया और तीसरे सेट में 28-27 से जीत हासिल कर 5-1 की बढ़त बना ली। चौथे राउंड में उन्हें केवल ड्रॉ की आवश्यकता थी, लेकिन वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए जिससे उनके विरोधी खिलाड़ी को वापसी करने का मौका मिल गया। जॉर्जियाई खिलाड़ी ने पांचवां सेट 28-27 से जीतकर शूट-ऑफ कराया, जहां राहुल ने आठ अंक हासिल किए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी का स्कोर परफेक्ट 10 था।

## एशिया कप : बांग्लादेश व हांगकांग आमने - सामने

एजेंसी



अबुधाबी। बांग्लादेश की टीम एशिया कप में अपने अभियान का आगाज शेख जायेद स्टेडियम पर यहां बृहस्पतिवार को हांगकांग के खिलाफ करेगी जिसे पहले मैच में अफगानिस्तान ने बुरी तरह हराया है। एशिया कप के उद्घाटन मैच में अफगानिस्तान ने हांगकांग को 94 रन से हराया। अफगानिस्तान के छह विकेट पर 188 रन के जवाब में हांगकांग की टीम नौ विकेट पर 94 रन ही बना सकी थी। उसके सिर्फ दो बल्लेबाज दोहरे अंक तक पहुंच सके और उसकी कमजोर बल्लेबाजी पर एक बार फिर दबाव होगा।

उसके गेंदबाजों को भी बेहतर प्रदर्शन करना होगा। दूसरी ओर श्रीलंका (13 सितंबर) और अफगानिस्तान (16 सितंबर) के खिलाफ ग्रुप चरण के कठिन मुकाबलों से पहले बांग्लादेश की टीम मजबूत शुरूआत करना चाहेगी। बांग्लादेश की टीम 2012, 2016 और 2018 में फाइनल में पहुंची लेकिन हर बार भारत और श्रीलंका जैसे दिग्गजों के खिलाफ उसे पराजय का सामना करना पड़ा। लिटन दास टीम के कप्तान होंगे जिनका यह पांचवां एशिया कप है लेकिन पहली बार पूर्णकालिक कप्तान के तौर पर खेलेंगे। विकेटकीपर और बल्लेबाज के तौर पर उनकी मौजूदगी टीम को स्थिरता देती है। नुरूल हसन भी तीन साल बाद टीम में लौटे हैं जिससे बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग के विकल्प बढे हैं। तौहीद ह्रदय मध्यक्रम को आक्रामकता देते हैं जबकि मुस्ताफिजूर रहमान के पास डैथ ओवरों में विविधता है।

नयी गेंद संभालने वाले तंजीम हसन साकिब का फॉर्म अतिरिक्त बोनस है। बांग्लादेश ने पिछली तीन श्रृंखलाओं में श्रीलंका, पाकिस्तान और नीदरलैंड को हराया है। लिटन ने ट्रॉफी अनावरण समारोह में मंगलवार को कहा था। हमने अभी तक चैम्पियनशिप नहीं जीती है लेकिन वह अतीत की बात है। यहां कई चुनौतियां होंगी जो आसान नहीं होंगी लेकिन हमारा फोकस टीम के रूप में बेहतर प्रदर्शन पर रहेगा। मैच का समय : रात आठ बजे से। वहीं दूसरी ओर रविचंद्रन स्मरण और दानिश मालेवार जैसे युवा खिलाड़ी गुरुवार से यहां दक्षिण क्षेत्र और मध्य क्षेत्र के बीच शुरू हो रहे दलीप ट्रॉफी फाइनल में अच्छा प्रदर्शन करके चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी तरफ खींचने की कोशिश करेंगे। दोनों टीमों के कुछ खिलाड़ी एशिया कप में भाग ले रहे हैं जबकि कुछ खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ होने वाले मैच के लिए भारत ए की टीम में शामिल हैं जिससे यह मुकाबला कुछ हद तक नीरस बन गया है।

# मैं एक अडिग राष्ट्रवादी हूं: राधाकृष्णन

## भारत को संविधान देने और सामाजिक बुराइयों से साहसपूर्वक लड़ने के लिए डॉ. भीम राव आंबेडकर की भी सराहना की



मुंबई। महाराष्ट्र के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन ने कहा है कि राज्य में उनका 13 महीने का कार्यकाल उनके सार्वजनिक जीवन का सबसे सुखद समय था और वह अपने साथ मधुर यादें लेकर जाएंगे। वह भारत के अगले उपराष्ट्रपति के रूप में दिल्ली जाने वाले हैं। राधाकृष्णन (67) ने मंगलवार को संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी को 152 मतों के अंतर से हराकर उपराष्ट्रपति पद का चुनाव जीत लिया। संभावना है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उन्हें शुक्रवार को पद की शपथ दिलाएंगी।

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा के बाद 25 अगस्त को राजभवन में आयोजित एक अनौपचारिक अभिनंदन समारोह में राधाकृष्णन ने खुद को अडिग राष्ट्रवादी बताया। राधाकृष्णन ने कहा कि उनकी मां उन्हें छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रेरक कहानियां सुनाती थीं। उन्होंने भारत को संविधान देने और सामाजिक बुराइयों से साहसपूर्वक लड़ने के लिए डॉ. भीम राव आंबेडकर की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी ने विदेशी आक्रमणकारियों से लड़ाई लड़ी, जबकि आंबेडकर ने उत्पीड़न का मुकाबला किया। ऐसे दूरदर्शी लोगों की वजह से ही भारत एक लोकतंत्र बना हुआ है, जबकि हमारे पड़ोसी पाकिस्तान को इसे बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा। जुलाई 2024 में महाराष्ट्र के राज्यपाल का पदभार संभालने वाले राधाकृष्णन ने कहा कि उन्हें अपने कार्यकाल के दौरान दो मुख्यमंत्रियों के साथ काम करने का अनूठा अनुभव प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि जब मैंने कार्यभार संभाला था, तब वर्तमान उपमुख्यमंत्री (एकनाथ शिंदे) मुख्यमंत्री थे और वर्तमान मुख्यमंत्री (देवेंद्र फडणवीस) उपमुख्यमंत्री थे। बाद में, उनकी भूमिकाएं बदल गईं। फिर भी, उनके सौहार्दपूर्ण संबंध और टीम वर्क की भावना इस महान राज्य की राजनीतिक संस्कृति के बारे में बहुत कुछ कहती है। राधाकृष्णन ने कहा कि महाराष्ट्र ने उन्हें अमूल्य प्रशासनिक और राजनीतिक अनुभव दिया है। मैं सौभाग्यशाली महसूस करता हूं कि पूर्व राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा के बाद, मुझे भी महाराष्ट्र के राज्यपाल के पद से भारत के उपराष्ट्रपति के पद तक पहुंचने का अवसर मिला है। राधाकृष्णन ने कहा कि विकास समावेशी होना चाहिए और अनुसूचित जातियों (एससी), अनुसूचित जनजातियों (एसटी) और समाज के हर वर्ग को लाभान्वित करना चाहिए। विकास को सच्चा विकास तभी कहा जा सकता है जब उससे समाज के सभी वर्गों का उत्थान हो। राधाकृष्णन इससे पहले झारखंड के राज्यपाल रह चुके हैं और तेलंगाना व पुडुचेरी का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल चुके हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र उनके लिए हमेशा खास रहेगा। मैं एक बार फिर यहां अपने कार्यकाल के दौरान मिले गर्मजोशी, सहयोग और मित्रता के लिए आभार व्यक्त करता हूं।

# मॉरीशस के पीएम के साथ आज वाराणसी में बैठक करेंगे मोदी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बृहस्पतिवार को वाराणसी में मॉरीशस के अपने समकक्ष नवीनचंद्र रामगुलाम की मेजबानी करेंगे और उनके साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि इस ऐतिहासिक शहर में आयोजित यह बैठक स्थायी सभ्यतागत जुड़ाव, आध्यात्मिक बंधनों और दोनों देशों के लोगों के बीच गहरे संबंधों को रेखांकित करती है, जिसने भारत और मॉरीशस के विशेष और अनूठे संबंधों को आकार दिया है।

बैठक के बाद, प्रधानमंत्री मोदी देहरादून जाएंगे और उत्तराखंड के बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। बयान के अनुसार वह अधिकारियों के साथ एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। रामगुलाम मंगलवार को मुंबई पहुंचे और वह 16 सितंबर तक भारत में रहेंगे। रामगुलाम नौ से 16 सितंबर तक भारत की राजकीय यात्रा पर हैं। बयान में कहा गया है कि अपनी द्विपक्षीय बैठक के दौरान, मोदी और रामगुलाम विकास साझेदारी और क्षमता निर्माण पर विशेष ध्यान देते हुए सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा करेंगे। इसमें कहा गया है कि दोनों नेता स्वास्थ्य, शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, बुनियादी ढांचे के साथ-साथ नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और नीली अर्थव्यवस्था जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर भी चर्चा करेंगे। यह यात्रा मार्च 2025 में प्रधानमंत्री मोदी की मॉरीशस की राजकीय यात्रा से उत्पन्न सकारात्मक गति को आगे बढ़ाएगी, जिसमें दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को वृहद रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक पहुंचाया था। यह यात्रा मार्च 2025 में प्रधानमंत्री मोदी की मॉरीशस की राजकीय यात्रा से उत्पन्न सकारात्मक माहौल पर आधारित है जिसके दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को संवर्धित रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया था। हिंद महासागर क्षेत्र में एक मूल्यवान साझेदार और घनिष्ठ समुद्री पड़ोसी के रूप में, मॉरीशस भारत के महासागर (क्षेत्रों में सुरक्षा एवं विकास के लिए पारस्परिक व समग्र उन्नति) दृष्टिकोण और पड़ोसी पहले नीति के लिए महत्वपूर्ण है।

## संक्षेप

### छात्रा के सामने अश्लील हरकत करने के आरोप में कैब चालक गिरफ्तार

नयी दिल्ली। दिल्ली के मौरिस नगर इलाके में एक कॉलेज छात्रा के सामने अश्लील हरकत करने के आरोप में रैपीडो कैब के 48 वर्षीय एक चालक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना सोमवार को उस समय हुई जब 22 वर्षीय पीड़िता ने अपने कॉलेज जाने के लिए एक रैपीडो कैब बुक की थी। रास्ते में छात्रा ने चालक को अश्लील हरकत करते देखा, जिसके बाद वह बीच रास्ते में ही गाड़ी से उतर गई और बाद में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। घटना को लेकर रैपीडो की ओर से कोई प्रतिक्रया नहीं आई है। चालक की पहचान लोम शंकर के तौर पर की गई है। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) राजा बांठिया ने बताया, यह घटना सोमवार को हुई जब एक छात्रा रैपिडो कैब में यात्रा कर रही थी। उसने देखा कि चालक का व्यवहार संदिग्ध था क्योंकि उसने उसे आगे की सीट पर बैठने के लिए कहा और फिर अनुचित व्यवहार करने लगा। छात्रा तुरंत सतर्क हो गई और क्रांति चौक पर तैनात हमारे कुछ पुलिसवालों को देखा। उसने उनसे संपर्क किया और शोर मचाया। जब तक पुलिसवाले कैब तक पहुँचे, चालक भाग चुका था। बाद में हमने रैपिडो से उसकी जानकारी हासिल की और उसे गिरफ्तार कर लिया।

# व्यापार समझौते के लिए अमेरिका के साथ वार्ता कर रहा भारत : गोयल



नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि भारत व्यापार समझौते के लिए अमेरिका के साथ सक्रियता के साथ बातचीत कर रहा है।

गोयल ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में यूरोपीय संघ के साथ भी व्यापार समझौते पर बातचीत जारी है। इसके अलावा, भारत न्यूजीलैंड के साथ भी व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहा है। गोयल ने उद्योग मंडल फिक्की के एक कार्यक्रम में कहा कि हम अमेरिका और न्यूजीलैंड के साथ व्यापार समझौते के लिए सक्रिय बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत पहले ही मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ऑस्ट्रेलिया के साथ व्यापार समझौते कर चुका है। इसके साथ ही गोयल ने कहा, हम जल्द ही ऑस्ट्रेलिया के साथ व्यापार समझौते के दूसरे चरण को अंतिम रूप देंगे।

# वाहन उद्योग को पांच साल में दुनिया में अव्वल बनाने का लक्ष्य: गडकरी



नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि सरकार का लक्ष्य पांच साल के भीतर भारत के वाहन उद्योग को दुनिया में अव्वल बनाना है।

गडकरी ने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के वाहन उद्योग का भविष्य बहुत उज्ज्वल है क्योंकि देश के पास प्रशिक्षित जनशक्ति है। देश में सभी बड़ी वाहन कंपनियां मौजूद हैं। मंत्री ने कहा कि पांच साल के भीतर, हमारा लक्ष्य भारत के वाहन उद्योग को दुनिया में नंबर एक बनाना है। यह मुश्किल है, लेकिन असंभव नहीं। गडकरी ने बताया कि भारत में विनिर्मित वाहनों की गुणवत्ता अच्छी है और लागत कम है। उन्होंने कहा कि जब मैंने परिवहन मंत्री का कार्यभार संभाला था, तब भारतीय वाहन उद्योग का आकार 14 लाख करोड़ रुपये था। अब भारतीय वाहन उद्योग का आकार 22 लाख करोड़ रुपये है। वर्तमान में अमेरिकी वाहन उद्योग का आकार 78 लाख करोड़ रुपये है। इसके बाद चीन (47 लाख करोड़ रुपये) और भारत (22 लाख करोड़ रुपये) का स्थान है। गडकरी ने कहा कि भारत कोयला, पेट्रोल जैसे जीवाश्म ईंधन के आयात पर 22 लाख करोड़ रुपये खर्च कर रहा है और इस ईंधन के आयात के कारण, हमें प्रदूषण की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। मंत्री ने कहा कि भारतीय कंपनियां इलेक्ट्रिक कार, बस और ट्रक बना रही हैं क्योंकि ये बहुत किफायती हैं। लिथियम-आयन बैटरी की लागत भी कम हो रही है।

# बेल्जियम में मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण की कार्यवाही शुरू होने की संभावना



नयी दिल्ली। पंजाब नेशनल बैंक के 13,000 करोड़ रुपये के घोटाले के मुख्य आरोपी फरार हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी के खिलाफ बेल्जियम की अदालत में प्रत्यर्पण कार्यवाही अगले सोमवार से शुरू हो सकती है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

बेल्जियम के संघीय अभियोजकों द्वारा सुनवाई संचालित की जाएगी और इसमें केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और भारत के विदेश मंत्रालय का भी सहयोग होगा। अधिकारियों के अनुसार, मेहुल चोकसी 2023 से बेल्जियम में रह रहा है। वह चिकित्सा उपचार के लिए एंटीगुआ और बारबुडा से बेल्जियम आया था। उसकी पत्नी बेल्जियम की नागरिक है। चोकसी की बेल्जियम में मौजूदगी की सूचना सीबीआई को जनवरी 2024 में मिली थी, जिसके बाद भारत ने बेल्जियम के साथ 2020 में किए गए प्रत्यर्पण संधि के तहत प्रत्यर्पण अनुरोध भेजा, जो दोनों देशों के बीच इस तरह की संधि के तहत पहला मामला है। भारत के अनुरोध पर चोकसी को इस साल अप्रैल में गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद बेल्जियम की विभिन्न अदालतों ने उसकी जमानत अर्जी ठुकरा दी है। सीबीआई ने प्रत्यर्पण कानून में विशेषज्ञता रखने वाली एक यूरोपीय कानून फर्म को भी मामले में सहायता के लिए नियुक्त किया है। सीबीआई के अधिकारी भी जरूरी दस्तावेज, जानकारियां और पक्ष रखने के लिए मौजूद रहेंगे। जांच एजेंसी ने बेल्जियम के अधिकारियों को आरोप-पत्र, प्राथमिकी और सबूतों का विस्तृत विवरण दिया है, जिससे यह साबित होता है कि भारत में लगाए गए आरोप बेल्जियम में भी अपराध हैं, जो प्रत्यर्पण के लिए उपयुक्त मामला बनाता है। चोकसी पर भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और खातों में फर्जीवाड़ा तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामले दर्ज हैं, जो बेल्जियम में भी दंडनीय अपराध हैं। सीबीआई ने प्रत्यर्पण अनुरोध में अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यूएनटीओसी) और भ्रष्टाचार के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यूएनसीएसी) का भी हवाला दिया है। भारतीय एजेंसियों ने 2018 और 2021 में मुंबई की विशेष अदालत द्वारा जारी दो अनिश्चितकालीन गिरफ्तारी वारंट बेल्जियम अधिकारियों के साथ साझा किए हैं।

# मतदाता सूची में सोनिया का नाम शामिल करने से जुड़ी याचिका पर फैसला सुरक्षित




नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के खिलाफ कार्रवाई की मांग वाली एक याचिका पर अपना फैसला बृहस्पतिवार तक के लिए सुरक्षित रख लिया। याचिका में आरोप लगाया गया था कि सोनिया का नाम उनके भारतीय नागरिक बनने से तीन साल पहले मतदाता सूची में शामिल कर लिया गया था।

अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वैभव चौरसिया ने कहा, फैसला 11 सितंबर तक के लिए सुरक्षित रखा जाता है। शिकायतकर्ता विकास त्रिपाठी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पवन नारंग ने कहा, यहां एकमात्र मुद्दा यह है कि जनवरी 1980 में सोनिया गांधी का नाम नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता के रूप में जोड़ा गया था, जबकि वह भारतीय नागरिक नहीं थीं। उन्होंने कहा, पहले आपको नागरिकता की प्रक्रिया पूरी करनी होगी, तभी आप किसी क्षेत्र के निवासी बनेंगे। नारंग ने कहा कि 1980 में निवास का प्रमाण संभवतः राशन कार्ड और पासपोर्ट था। उन्होंने कहा कि अगर वह नागरिक थीं, तो 1982 में उनका नाम क्यों हटाया गया? उस समय निर्वाचन आयोग ने दो नाम हटाए थे, एक संजय गांधी का, जिनकी विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी, और दूसरा सोनिया गांधी का। नारंग ने कहा कि आयोग को जरूर कुछ गड़बड़ लगी होगी जिसके कारण उनका नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया। नारंग ने कहा कि 4 सितंबर को सोनिया गांधी का नाम 1980 में नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में शामिल था, जिसे 1982 में हटा दिया गया था और 1983 में भारतीय नागरिकता प्राप्त करने के बाद फिर से दर्ज किया गया। यह याचिका भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 175 (4) (मजिस्ट्रेट को जांच का आदेश देने की शक्ति) के तहत दायर की गई थी, जिसमें पुलिस को इस आरोप की जांच करने के निर्देश देने की मांग की गई थी कि सोनिया 1983 में भारतीय नागरिक बनीं, लेकिन उनका नाम 1980 की मतदाता सूची में था। उन्होंने कुछ जालसाजी होने और सार्वजनिक प्राधिकरण के साथ धोखाधड़ी होने का दावा किया। मेरा इतना सा अनुरोध है कि पुलिस को उचित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया जाए।

## इंटरटेनमेंट...

# ऐश्वर्या के बाद अब अभिषेक पहुंचे दिल्ली हाईकोर्ट



मुंबई। मंगलवार को ऐश्वर्या राय ने पर्सनैलिटी राइट्स के लिए दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। उनके बाद अब बॉलीवुड एक्टर अभिषेक बच्चन ने बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। उन्होंने अदालत से अनुरोध किया कि उनके पब्लिसिटी और पर्सनैलिटी राइट्स (जनता में छवि और व्यक्तित्व अधिकार) की सुरक्षा की जाए। साथ ही, वेबसाइट्स और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स को उनकी इमेज, पर्सोना और नकली वीडियो, खासतौर पर सेक्शुअल कंटेंट का उपयोग करने से रोका जाए। इस मामले की सुनवाई दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस तेजस कारिया ने की। इस मामले को आज दोपहर 2 बजकर 30 मिनट पर दोबारा सुना जाएगा।

पहली सुनवाई में अभिषेक बच्चन की तरफ से पेश हुए

> ❍ पर्सनैलिटी राइट्स और एआई जनरेटेड तस्वीरों के इस्तेमाल पर रोक लगाने की अपील की

एडवोकेट प्रवीन आनंद ने कोर्ट को बताया कि कई डिफेंडेंट्स अक (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) तकनीक का इस्तेमाल कर नकली वीडियो और तस्वीरें बना रहे हैं। इन फर्जी कंटेंट में अभिषेक बच्चन का नाम, फोटो और नकली हस्ताक्षर तक शामिल हैं। वकील ने यह भी कहा कि कुछ कंटेंट यौन रूप से आपत्तिजनक हैं, जो न केवल एक्टर की छवि को नुकसान पहुंचाते हैं बल्कि यह कानून का गंभीर उल्लंघन भी है। ऐश्वर्या राय ने मंगलवार को पर्सनैलिटी राइट्स के लिए दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। एक्ट्रेस के वकील संदीप सेठी ने उन वेबसाइटों के बारे में बताया जो खुद को ऑफिशियल प्लेटफॉर्म बताकर ऐश्वर्या के नाम और उनकी तस्वीर वाले मग, टी-शर्ट और ड्रिंक प्रोडक्ट्स सहित कई अन-ऑथोराइज्ड सामान बेच रहे हैं।

# 'बिग बॉस' में सलमान की सुरक्षा और सख्त



मुंबई। सलमान खान साल 2010 से बिग बॉस के साथ जुड़े हुए हैं। उन्होंने सीजन 4 से शो को होस्ट करना शुरू किया था। बिग बॉस के मेकर्स ने एक्टर सलमान खान को मिली धमकियों के चलते सिक्योरिटी को लेकर सेट पर कई सख्त कदम उठाए गए हैं। एंडेमोल शाइन इंडिया के सीईओ और बिग बॉस के प्रोड्यूसर ऋषि नेगी ने स्क्रीन से बातचीत में बताया कि अब सेट पर लाइव ऑडियंस की एंट्री बंद कर दी गई है। उन्होंने कहा कि हमारे पास करीब 600 लोग वर्कफोर्स में हैं।

यह लोग 3 शिफ्ट में 24 घंटे काम करते हैं। इनमें महिलाओं की भी अच्छी हिस्सेदारी है। कंटेंट सुरक्षा और ग्राउंड लॉजिस्टिक पर कोई समझौता नहीं किया जाता। दोनों ही हमारी पहली प्राथमिकता हैं। उन्होंने आगे कहा कि पिछले ढाई साल से हमने सलमान खान की सुरक्षा और भी मजबूत की है। अब शो में जब वह मौजूद होते हैं तो लाइव ऑडियंस की अनुमति नहीं होती। इसके अलावा जो भी लोग शो से जुड़े हैं, चाहे स्थायी हों, अस्थायी हों या वेंडर, सबके बैकग्राउंड की जांच की जाती है। ऋषि नेगी ने साफ किया कि शो की पूरी टीम के लिए सख्त प्रोटोकॉल तय हैं।

# करिश्मा कपूर के बच्चों की याचिका पर सुनवाई दो हफ्ते में

मुंबई। करिश्मा कपूर के बच्चों समायरा और कियान ने मंगलवार को पिता संजय कपूर की 30 हजार करोड़ की संपत्ति में हिस्सा मांगने की याचिका दायर की थी। आज दिल्ली हाईकोर्ट में इस याचिका की सुनवाई हुई। करिश्मा के बच्चों का आरोप है कि उनकी सौतेली मां प्रिया कपूर ने नकली वसीयत तैयार की है, जिससे वह पूरी संपत्ति पर पूरा कंट्रोल पाना चाहती हैं। इस नकली वसीयत में कियान और समायरा का कहीं जिक्र नहीं है। मामले में कोर्ट ने प्रिया कपूर से पूरी संपत्ति का ब्योरा मांगा है। इसकी अगली सुनवाई 2 हफ्तों बाद होगी।

# द बंगाल फाइल्स के सपोर्ट में उतरा प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन




मुंबई। 5 सितंबर को रिलीज हुई विवेक रंजन अग्निहोत्री की फिल्म द बंगाल फाइल्स को सेंसर बोर्ड की तरफ से मंजूरी मिलने के बावजूद पश्चिम बंगाल में रिलीज नहीं होने दिया जा रहा है। इस पर अब आईएमपीपीए (इंडियन मोशन पिक्चर्स प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन) के प्रेसिडेंट अभय सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक लेटर लिखकर इस मामले में दखल देने की अपील की है। विवेक रंजन अग्निहोत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से इसकी जानकारी देते हुए लिखा है कि इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन ने द बंगाल फाइल्स का जोरदार समर्थन करते हुए पीएमओ और नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है, ताकि पश्चिम बंगाल सरकार (ममता बनर्जी) द्वारा फिल्म पर लगाए गए अवैध और असंवैधानिक बैन के खिलाफ हस्तक्षेप किया जा सके। हम आपसे अनुरोध करते हैं कि आप हमारे सदस्य कअटइवऊऊलअ एंटरटेनमेंट एंड मीडिया लिमिटेड द्वारा निर्मित फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' की रिलीज में आ रही बाधाओं के संबंध में तत्काल हस्तक्षेप करें। इस फिल्म को सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन द्वारा सार्वजनिक प्रदर्शन हेतु विधिवत प्रमाणित किया गया है और इसलिए इसे देशभर में प्रदर्शित करने का पूरा कानूनी अधिकार है। फिर भी, यह फिल्म पश्चिम बंगाल राज्य में रिलीज नहीं हो पा रही है। आधिकारिक रूप से प्रतिबंधित न होने के बावजूद, फिल्म पर अप्रत्यक्ष प्रतिबंध लगाए गए हैं, जिसके कारण जनता को इसे देखने का उचित अवसर नहीं मिल पा रहा है। आगे लिखा गया है, प्रोड्यूसर और डिस्ट्रीब्यूटर्स को धमकी और बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है, जबकि राज्य सरकार फिल्म की स्वतंत्र और निष्पक्ष रिलीज के लिए आवश्यक सुरक्षा, कानून और उचित वातावरण सुनिश्चित करने में विफल रही है। हम आपका ध्यान इस ओर दिलाना चाहते हैं कि इस फिल्म के निर्माण में भारी निवेश किया गया है और इसकी लागत की वसूली केवल इसके सार्वजनिक प्रदर्शन के माध्यम से ही संभव है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com